
भाद्रपद, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वादशी, संवत 2079 जयपुर, बुधवार वर्ष-8, अंक-26, 24 अगस्त - 30 अगस्त, 2022 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता


राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta



# छलकने को आतुर बीसलपुर!

## राजस्थान में 10 इंच तक बारिश, कई जिलों में बाढ़ : कालीसिंध डैम के 26 गेट खोले

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झालावाड़ में तेज बारिश के चलते कालीसिंध बांध के 26 गेट खोल दिए है, जिनसे 5 लाख 99,713 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। राजस्थान में भारी बारिश का दौर अभी बना हुआ है। बीते 48 घंटों में उदयपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर और भरतपुर संभाग के कई जिलों में 3 से लेकर 10 इंच तक बरसात हुई। तेज बारिश से यहां नदियां-नाले उफान मार रहे हैं। प्रदेश के सबसे बड़े बांधों में शामिल बीसलपुर से पानी छोड़े बिना ही टोंक, सवाई माधोपुर में बनास नदी अपने पूरे वेग के साथ बहने लगी हैं। वहीं, जल्द बीसलपुर के भी गेट खोलने की तैयारी की जा रही है। मौसम केन्द्र जयपुर और जल संसाधन विभाग राजस्थान से मिली रिपोर्ट देखें तो पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात प्रतापगढ़ के अरनोद में 258MM (करीब 10 इंच) पानी बरसा। इसके अलावा अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, झालावाड़ जिलों में भी तेज बारिश हुई। झालावाड़ में तेज बारिश के चलते कालीसिंध बांध के 26 गेट खोल दिए है, जिनसे 5 लाख 99,713 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं भीमसागर के 5, छापी के 10, राजगढ़ बांध 7 के गेट खोलकर लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं चम्बल नदी पर बने राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर, कोटा बैराज के भी अधिकांश गेट खोल दिए है।

### आज से धीमा पड़ेगा तेज बारिश का दौर

मौसम विभाग की माने तो तेज बारिश से लोगों को 24 अगस्त से राहत मिलने की उम्मीद है। कल से इस सिस्टम का असर धीमा पड़ जाएगा और केवल पश्चिमी राजस्थान के कुछ एरिया में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 25 अगस्त को राज्य के अधिकांश एरिया में मौसम साफ रह सकता है।

### बीसलपुर बांध में तेज हुई पानी की आवक

अजमेर, जयपुर की लाइफ लाइन माने जाने वाले बीसलपुर बांध में भी पानी की आवक तेज हो गई। गंभीरी डेम से पानी छोड़े जाने के बाद त्रिवेणी नदी का गेज बढ़कर 7.30 मीटर पर पहुंच गया, जिसके चलते बांध का गेज पिछले 24 घंटे के दौरान 313.02 से बढ़कर 313.96 आरएल मीटर पर पहुंच गया। बांध की मॉनिटरिंग कर रहे इंजीनीयरों की माने तो जिस स्पीड से पानी आ रहा है, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बांध के अगले 2-3 दिन में गेट खोलने पड़ सकते है। राजस्थान में इस मानसून सीजन की स्थिति देखे तो अब तक सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बरसात राज्य में हो चुकी है।

रेवड़ी कल्चर सही है या गलत?

# मुफ्त सौगात क्या, बहस की जरूरत

## सुप्रीम कोर्ट आज फिर करेगा सुनवाई

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में रेवड़ी कल्चर पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि मुफ्त उपहार एक अहम मुद्दा है और इस पर बहस किए जाने की जरूरत है। CJI एनवी रमना ने कहा, %मान लीजिए कि अगर केंद्र सरकार ऐसा कानून बनाती है जिसके तहत राज्यों को मुफ्त उपहार देने पर रोक लगा दी जाती है, तो क्या हम यह कह सकते हैं कि ऐसा कानून न्यायिक जांच के लिए नहीं आएगा। ऐसे में हम देश के कल्याण के लिए इस मामले को सुन रहे हैं।%सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले कहा था कि हम यह फैसला करेंगे कि मुफ्त की सौगात क्या है।



अदालत ने कहा कि क्या सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, पीने के पानी तक पहुंच, शिक्षा तक पहुंच को मुफ्त सौगात माना जा सकता है। हमें यह परिभाषित करने की आवश्यकता है कि एक मुफ्त सौगात क्या है। क्या हम किसानों को मुफ्त में खाद, बच्चों को मुफ्त शिक्षा के वादे को मुफ्त सौगात कह सकते हैं। सार्वजनिक धन खर्च करने का सही तरीका क्या है, इसे देखना होगा। अदालत आप फिर इस मामले पर सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने बीते बुधवार को कहा था कि राजनीतिक दलों और व्यक्तियों को संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने के उद्देश्य से चुनावी वादे करने से नहीं रोका जा सकता। साथ ही 'फ्रीबीज' (मुफ्त सौगात) शब्द और वास्तविक कल्याणकारी योजनाओं के बीच अंतर को समझना होगा। कोर्ट ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उल्लेख किया और कहा कि मतदाता मुफ्त सौगात नहीं चाह रहे, बल्कि वे अवसर मिलने पर गरिमामय तरीके से आय अर्जित करना चाहते हैं।

# एलोपैथी के खिलाफ बोले बाबा रामदेव, सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

## एलोपैथी के खिलाफ दिखाया विज्ञापन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** एलोपैथी और डॉक्टर्स पर बयानबाजी के चलते योग गुरू बाबा रामदेव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने मामले में रामदेव से सवाल किए हैं। साथ ही उन्हें स्पष्टीकरण देने के लिए भी कहा गया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी एलोपैथी के खिलाफ बोलकर लोगों को गुमराह नहीं करने की सलाह दी थी। मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी IMA याचिका पर शीर्ष न्यायालय ने पतंजली आयुर्वेद और केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने एलोपैथी को बदनाम करते हुए विज्ञापन दिखाने पर सफाई मांगी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने मौखिक तौर पर कहा, %बाबा अपने सिस्टम को लोकप्रिय बना सकते हैं, लेकिन अन्य की आलोचना क्यों करना। हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने योग को लोकप्रिय बनाया है। लेकिन उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के बारे में गलत कहने से बचना चाहिए।% सीजेआई की अगुवाई वाली बेंच ने सवाल किया, %इस बात की क्या गारंटी है कि जिसका वह (बाबा रामदेव) पालन करते हैं, वह सबकुछ ठीक कर देगा।% याचिका में IMA ने मॉडर्न मेडिसिन के खिलाफ जारी अभियान को नियंत्रित करने की मांग की थी।

### ■ भाजपा नेता सोनाली फोगाट का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**गोवा @ जागरूक जनता।** हरियाणा की भाजपा नेता सोनाली फोगाट का मंगलवार को निधन हो गया। वे 42 साल की थीं। वे अपने स्टाफ के साथ गोवा गई थीं, जहां उन्हें सोमवार देर रात दिल का दौरा पड़ा था। सोनाली के भाई ने बताया कि एक घंटा पहले उनका निधन हो गया। सोनाली टिक-टॉक स्टार और बिग बॉस-14 की कंटेस्टेंट बनने के बाद पॉपुलर हुई थीं। उनकी एक बेटी है और पति की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

# सोनिया ने द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने एक ट्वीट करके जानकारी दी कि कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों के बीच मुलाकात के बारे में आधिकारिक रूप से कोई ब्योरा नहीं दिया गया है और इसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मुर्मू से गांधी की यह पहली मुलाकात है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से ही देशभर के प्रमुख नेता और मंत्री मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करने के लिए आ रहे हैं। गांधी की मुलाकात को भी इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।



ANCHOR हनुमानगढ़ में एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग

# पायलट समेत 5 जवानों की बची जान, आई तकनीकी खराबी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** हनुमानगढ़ में तकनीकी खराबी आने से इंडियन एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर की खेत में आपात लैंडिंग करवानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सेना के 5 जवान सवार थे। गांव धोलीपाल और किकरवाली के बीच अचानक खेत में हेलिकॉप्टर उतरने से आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक यह एमआई-35 हेलिकॉप्टर था।

सूचना मिलने पर सदर, संगरिया और सादुलशहर थानों की पुलिस के अलावा गांव के जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि हेलिकॉप्टर में खराबी क्या आई थी? लैंडिंग के बाद एयरफोर्स के जवानों ने इसकी



सूचना उच्चा अधिकारियों को दी और हेलिकॉप्टर में आई खराबी को दूर करने का प्रयास किया। लैंडिंग के बाद एयरफोर्स के जवानों ने इसकी सूचना उच्चा अधिकारियों को दी और हेलिकॉप्टर में आई खराबी को दूर करने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार सूरतगढ़ से एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर ने मंगलवार सुबह उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सेना के आठ-नौ जवान सवार थे। हनुमानगढ़ क्षेत्र में पहुंचने पर अचानक हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। इस पर पायलट ने गांव धोलीपाल और किकरवाली के बीच स्थित चक 9 एमएमके (गांव का नाम) में ददार सिंह की ढाणी के पास नरमा के खेत में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। लैंडिंग के बाद भारतीय वायु सेना के जवानों ने इसकी सूचना आला अधिकारियों को दी और हेलिकॉप्टर में आई खराबी को दूर करने का प्रयास किया। इस मौके पर सरपंच पति अयूब खान सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने सेना के जवानों से जानकारी ली। इससे पहले गांव के नजदीक खेत में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश होकर गिरने की अफवाह के चलते ग्रामीण खेतों की तरफ दौड़े। मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई है।



राजीव गांधी युवा मित्र संवाद एप और कोटा, बीकानेर एवं चूरू में इन्क्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण

# राजीव गांधी युवा मित्र निभाएंगे अहम भूमिका : गहलोत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य प्रगति कर रहा है। आईटी के सफल इस्तेमाल से ही गुड गवर्नेंस के क्षेत्र में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बन रहा है। इसे आगे ले जाने में राजीव गांधी युवा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने आईटी के जरिए जो दूरगामी सपना देखा था, वह हमें विकसित राष्ट्रों के समकक्ष बना रहा है। आज अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी आईटी के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार द्वारा 'हर हाथ तरक्की' और 'टेक्नोलॉजी फॉर ऑल' के विजन के साथ दूरगामी परिणाम देने वाले बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। गहलोत बिड़ला सभागार में आयोजित राजस्थान डिजिफेस्ट के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की दूरगामी सोच का ही असर है कि प्रदेश के युवाओं में उत्साह, कार्य के प्रति समर्पित भाव और नवाचारों के प्रति ललक देखने को मिली है। आज राज्य का हर गांव-ढाणी आईटी के जरिए सीधे सरकार से जुड़ गया है।

## कोटा, बीकानेर एवं चूरू में इन्क्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने समारोह में कोटा, बीकानेर और चूरू में वर्ल्ड क्लास इन्क्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण किया। स्टार्टअप्स को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए जयपुर, उदयपुर और जोधपुर के बाद इन तीन जिलों में सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन सेंटर में आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। गहलोत ने पिछले तीन सालों के ई-गवर्नेंस पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। साथ ही, स्कूल स्टार्टअप प्रोग्राम व रूरल आईस्टार्ट प्रोग्राम के अंतर्गत 74 विद्यार्थियों को 41.15 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि भी वितरित की। उन्होंने आमजन के लिए उपयोगी साबित होने वाली तीन वेबसाइट्स 'वेबमायवे', 'सोद्दो' एवं 'राजसंबल' और राजीव गांधी युवा मित्र संवाद एप का भी लोकार्पण किया।

### फ्लैगशिप स्कीम्स को जन-जन तक पहुंचाए युवा मित्र

**गहलोत** ने कहा कि प्रदेश की चहुंमुखी प्रगति के लिए राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, कृषि, सड़क, सामाजिक सुरक्षा आदि क्षेत्रों में कई फ्लैगशिप स्कीम्स चला रही है। उन्होंने राजीव गांधी युवा मित्रों से आह्वान किया कि वे पूरी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ कार्य करें। योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से प्रदेश का एक भी परिवार वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि समृद्ध राजस्थान के निर्माण में राजीव गांधी युवा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

## कोरोना प्रबंधन में अग्रणी रहा राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग से ही राजस्थान पूरे देश में कोरोना प्रबंधन में अग्रणी रहा। इस दौरान लगभग 500 से अधिक वीडियो कॉन्फ्रेंस की गई, जिनमें ग्राम पंचायत स्तर तक के सदस्य जुड़े। दवाइयां एवं चिकित्सा उपकरणों के प्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान रोजगार खोने वाले मजदूर वर्ग, ठेले-रेडी वालों के सर्वे में भी आईटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान लगभग 35 लाख लोगों के खातों में आर्थिक सहयोग राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।

## 200 विद्यार्थियों को भेज रही है विदेश

गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के अंतर्गत 200 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सरकारी खर्चे पर देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अभी तक 1.30 लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी है। लगभग 1 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। 1 लाख नौकरियों की घोषणा बजट 2022-23 में की गई है। ऐसे में राजस्थान देश में सरकारी नौकरियां देने में अग्रणी राज्य बन रहा है। वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा आज राजस्थान के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। राज्य में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। आयोजना मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि राज्य के युवाओं की ऊर्जा का उपयोग हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने में किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री गोविंद राम मेघवाल, गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने भी राजीव गांधी युवा मित्रों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सिविल सोसायटी से निखिल डे, मुख्य सचिव उषा शर्मा, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोड़ा सहित राज्य सरकार के उच्चाधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और राजीव गांधी युवा मित्र उपस्थित थे।

छात्रसंघ चुनाव की वोटिंग लिस्ट जारी

# RU में 20,770 स्टूडेंट्स कर पाएंगे वोटिंग, 27 को मिलेगा नया अध्यक्ष

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में 26 अगस्त को होने जा रहे छात्रसंघ चुनाव के लिए फाइनल वोटिंग लिस्ट जारी हो गई है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में अपेक्स पद के लिए इस बार 20,770 मतदाता वोट डाल सकेंगे। वहीं से पहले अट्ठारह अगस्त को अपेक्स पद के लिए 20,647 मतदाताओं की लिस्ट जारी हुई थी। इसके बाद आपत्तियों पर सुनवाई के आधार पर 123 मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। राजस्थान यूनिवर्सिटी के चुनाव अधिकारी हर्षवर्धन द्विवेदी ने बताया कि आज अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है इस बार होने वाले चुनाव में सिर्फ यही मतदाता अपने वोट का प्रयोग कर सकेंगे।

## किसी कॉलेज में कितने वोटर

इसमें महारानी कॉलेज में 4,940, महाराजा कॉलेज में 2,128, राजस्थान कॉलेज में 3,336, कॉमर्स कॉलेज में 3,518, लॉ कॉलेज 5 ईयर में 570, लॉ कॉलेज में 521, लॉ कॉलेज सेंटर में 586, PG डिपार्टमेंट में 4,784 और रिसर्च रिप्रजेंटेटिव के 830 स्टूडेंट्स अपने वोटिंग राइट्स का प्रयोग कर सकेंगे। बता दें कि राजस्थान में 2 साल बाद छात्र संघ चुनाव होने जा रहे हैं। जिसके लिए 22 अगस्त को नामांकन शुरू हो गया। 26 अगस्त को वोटिंग होगी। 27 अगस्त को काउंटिंग की प्रक्रिया के साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही छात्र संघ चुनाव की आचार संहिता भी लागू हो गई है। ऐसे में जो भी प्रत्याशी लिंगदोह कमेटी की सिफारिश का उल्लंघन करेगा उसका नामांकन पत्र भी खारिज हो सकता है।



# लीलाधारी के धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित लीलाधारी हनुमान मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर को आकर्षक रोशनी व फूल मालाओं, गुब्बारों से भी सजाया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चों की ओर से कृष्ण-राधा की झांकियां सजाकर कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यरात्रि पश्चात् मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव करवाया गया। वहीं नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... के गगन भेदी जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तों को पंजरी व पंचामृत का प्रसाद वितरण किया गया।



# ग्रुमवेल्स बुटीक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर देवांश बना नंदलाला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित ग्रुमवेल्स बुटीक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव में छोटे छोटे बालक बालिकाएं राधा और कृष्ण बनकर आए। उन्हीं बच्चों में सेक्टर 5 में रहने वाले प्रमुख उद्योगपति वरिष्ठ भामाशाह एवं भारत विकास परिषद अंबाबाड़ी जयपुर के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के 5 वर्षीय पुत्र देवांश ने भी श्रीकृष्ण की ड्रेस पहनी और बाँसुरी होठों से लगाकर नंदलाला का रूप धारण किया। इनके साथ राधाजी बनी धैर्य धामानी। इसी प्रकार उत्कर्ष गोदारा भी नन्हें श्रीकृष्ण बनकर आये।

राजस्थान सरकार

R-CAT
राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी



"पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी ने आइ.टी. की क्षमता और महत्त्व को समझ कर लगभग तीन दशक पहले देश में आइ.टी. के गौरवशाली युग की नींव रखी। आइ.टी. को मज़बूत करने की इस सोच के साथ उन्हीं की जयंती पर राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत खुशी है। इस सेंटर से राज्य में आइ.टी. आधारित शिक्षा मज़बूत होगी और युवाओं को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विश्व-स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे।
श्री राजीव गांधी को उनकी 78वीं जयंती पर शत् शत् नमन।"

**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

जयपुर में विश्व-स्तरीय आइ.टी. फ़िनिशिंग स्कूल
राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT)
का माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा
श्री राजीव गांधी की जयंती दि. 20 अगस्त 2022 को शुभारम्भ किया गया


राजस्थान संवाद

एडवांस्ड तकनीकों की ट्रेनिंग
- आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI)
- साइबर सिक्योरिटी
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)
- ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल रियलिटी
- मशीन लर्निंग (ML)
- रोबोटिक्स
- बिग डेटा एनालेटिक्स
- ब्लॉक चेन

विश्व-स्तरीय सुविधाएं व संसाधन
- विश्वविख्यात आइ.टी. कंपनियों द्वारा संचालित व सर्टिफाइड कोर्सेज़
- अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर
- अनुभवी फ़ैकल्टी व मेंटर्स
- लाइव प्रोजेक्ट्स पर अनुभव हासिल करने का अवसर









दुनिया की अग्रणी आइ.टी. कंपनियों द्वारा ट्रेनिंग व सर्टिफिकेशन
SAS · ORACLE · vmware
AUTOFINA ROBOTICS · CISCO · Red Hat

R-CAT, पुराना सूचना केंद्र, SMS अस्पताल के पास, जयपुर

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान

# राजस्थान में 98% ट्रेनें हैं राइट टाइम, तीसरी बार फर्स्ट रैंक

**लेटलतीफी वाली छवि सुधारने में लगा है रेलवे**

## 148 किमी ट्रैक डबलिंग, 1065 किमी इलेक्ट्रीफाइड, जयपुर सहित 4 मंडलों में 150 ट्रेनों का संचालन इलेक्ट्रिक इंजन से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** रेलवे देशभर में ट्रेनों का संचालन निर्धारित शेड्यूल पर कर अपनी लेटलतीफी वाली छवि को सुधारने में लगा हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे (प्रदेश का 95 फीसदी क्षेत्रफल) ने अपने क्षेत्राधिकार में संचालित हो रही करीब डेढ़ हजार ट्रेनों को सही समय (राइट टाइम/शेड्यूल) पर संचालित कर लगातार तीसरी बार देश में फर्स्ट रैंक हासिल की है। हालांकि दिसंबर से फरवरी तक कोहरे का पूर्वानुमान लगाते हुए रेलवे द्वारा अजमेर-सियालदाह सहित करीब 10 ट्रेनों को रद्द किया जाएगा। सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ट्रेनों को समय पर संचालित करने की बड़ी वजह रिकॉर्ड ट्रैक डबलिंग और इलेक्ट्रिफिकेशन हैं। रेलवे ने पिछले दो साल में उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों में करीब 148 किमी ट्रैक पर डबलिंग की है। जिससे ट्रेनों को क्रॉसिंग के लिए नहीं रूकना पड़ता। वहीं 1065 रूट किमी (आरकेएम) पर इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है। वर्तमान में जयपुर सहित 4 मंडलों में करीब 150 ट्रेनों का संचालन इलेक्ट्रिक इंजन से होता है।

ट्रेन ऑपरेशन एक्सपर्ट डीपी मिश्रा और दर्शन लाल तनेजा बताते हैं कि इलेक्ट्रिक इंजनों में डीजल इंजनों की अपेक्षा एक्सीलरेशन/डि-एक्सीलरेशन तेज होता है। यानि इलेक्ट्रिक इंजन कम समय में स्पीड पकड़ते हैं। जयपुर-दिल्ली सहित कई रूट्स पर स्पीड रिस्ट्रिक्शन हटा दिए गए हैं। करीब 75 फीसदी ट्रैक पर इलेक्ट्रिफिकेशन कर दिया गया है। जिससे ट्रेनों की औसत स्पीड 10-15 किमी प्रतिघंटा बढ़ गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस साल अन्य जोनल रेलवेज को रोजाना औसतन 260 ट्रेनें राइट टाइम इंटरचेंज पर दी हैं। जो पिछले साल से 37.79 फीसदी अधिक है।

### ब्रेकर हटाए, स्पीड बढ़ाई, स्टॉपेज खत्म किए

ट्रेन ऑपरेशन एक्सपर्ट डीपी मिश्रा बताते हैं कि रेलवे ने जयपुर-दिल्ली सहित विभिन्न रूट्स पर 36 से अधिक स्पीड रिस्ट्रिक्शन /ब्रेकर हटाए हैं। वहीं विभिन्न टर्न आउट्स पर ट्रेनों की औसत स्पीड भी 10-15 केएमपीएच से बढ़ाकर 20-30 केएमपीएच की है। उत्तर पश्चिम रेलवे की करीब 287 ट्रेनों की औसत स्पीड भी 10-15 केएमपीएच बढ़ाई गई है। 430 स्टॉपेज भी कम किए हैं। इसके अलावा पिछले 5 सालों में कई तकनीकी विकास किए गए हैं। प्रदेश के लगभग 80 फीसदी रूट पर एडवांस सिंगनलिंग सिस्टम लगा दिए गए हैं। ट्रेनों को कोहरे में भी सही समय पर संचालित करने के लिए उत्तर भारत के कई रूट्स और राजस्थान (उपरे) के करीब 1586 किलोमीटर रूट पर करीब 436 करोड़ खर्चकर 'कवच' तकनीक विकसित की जा रही है।



**राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के शुभंकर का किया अनावरण**

# एतिहासिक होगा राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक-मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री ने थीम सॉन्ग को भी किया जारी
» 40 करोड़ रूपए से होगा ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक खेलों का आयोजन
» लगभग 30 लाख प्रदेशवासी लेंगे भाग
» ग्रामीण ओलम्पिक से विकसित होगी एक नई खेल संस्कृत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाई मानसिंह स्टेडियम के इनडोर हॉल में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल के शुभंकर 'शेरू' का अनावरण किया एवं थीम सॉन्ग भी जारी किया। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त से राज्य में ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए 40 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण खिलाड़ियों को खोज कर आगे लाना, उनकी प्रतिभा को तराशना, उन्हें प्रोत्साहित करना तथा आमजन में खेल भावना को बढावा देना राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक्स का मुख्य उद्देश्य है। युवाओं के साथ बुर्जुगों एवं महिलाओं ने भी बड़े स्तर पर खेलों में भाग लेने के लिए पंजीकरण करवाया है। आज राजस्थान में खेलों के प्रति जो माहौल बन रहा है वह अविश्वसनीय है। गहलोत ने कहा कि ग्रामीण ओलम्पिक सभी आयुवर्ग के लिए है। इन खेलों में लगभग 30 लाख खिलाड़ी भाग ले रहे हैं तथा 2 लाख टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि यदि राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियो की खोज कर उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाए तो वे राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदान तैयार किए गए हैं। खिलाड़ियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा प्रदेश में एक नई खेल संस्कृति का निर्माण हो रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि खेलों के सफल आयोजन में आमजन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि अपनी भागीदारी उत्साहपूर्वक निभाएं।

### 29 अगस्त से होगा राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन

राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर 29 अगस्त से 1 सितंबर, ब्लॉक स्तर पर 12 सितंबर से 15 सितंबर, जिला स्तर पर 22 सितंबर से 25 सितंबर तथा राज्य स्तर पर 2 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक प्रस्तावित है। खेलों का आयोजन खेल विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के समन्वय से किया जा रहा है। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में कबड्डी (बालक/बालिका वर्ग), शूटिंग बॉल (बालक वर्ग), खो-खो (बालिका वर्ग), वॉलीबॉल (बालक/बालिका वर्ग), टेनिसबॉल रि केट (बालक/बालिका वर्ग) एवं हॉकी (बालक/बालिका वर्ग) सहित 6 खेल शामिल होंगे।

### राज्य में खिलाड़ियों को मिल रहा प्रोत्साहन

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड सहित राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को बढ़ाया है। स्वर्ण पदक विजेता को 75 लाख से बढ़ाकर 3 करोड़ रूपये, रजत पदक विजेता को 50 लाख से 2 करोड़ रूपये और कांस्य पदक विजेता को 30 लाख से 1 करोड़ रूपये राशि दी जा रही है। इसके अलावा एशियाई एवं राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक जीतने पर दी जाने वाली 30 लाख, 20 लाख एवं 10 लाख रूपये की ईनामी राशि को बढ़ाकर क्रमशः 1 करोड़, 60 लाख एवं 30 लाख रूपये किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 229 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न पॉलिसी के तहत सरकारी नौकरी दी गई है। इसके अलावा प्रशिक्षकों के लिए भी पेंशन स्कीम लागू की गई है। खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है तथा उन्हें डीएसपी स्तर तक की नौकरियां दी जा रही हैं। इससे खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

### खेलों का आधारभूत ढ़ांचा हो रहा मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए अहम फैसले लिए हैं। मेजर ध्यानचंद योजना के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक में चरणबद्ध रूप से खेल स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। पैरा खिलाड़ियों के लिए जयपुर एवं जोधपुर में आवासीय पैरा खेल अकादमी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर और जोधपुर में हाइ परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स ट्रेनिंग एंड रिहेबिलीटेशन सेंटर एवं जोधपुर में राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई है। जोधपुर और जयपुर में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पैरा एकेडमी बनने जा रही है। बीकानेर में शानदार स्टेडियम का निर्माण हुआ है। उत्कृष्ट खेल सुविधाओं का विस्तार ग्राम पंचायत स्तर तक करने का प्रयास किया जा रहा है। क्रीडा परिषद् की अध्यक्षा कृष्णा पूनियां ने बताया कि प्रदेश की गांव-ढाणियों में ग्रामीण ओलम्पिक का आयोजन होने जा रहे हैं। इसे लेकर लेकर आमजन में उत्साह है। बच्चे, युवा तथा वृद्ध सभी इनकी तैयारियों में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरी दी जा रही है। राज्य में खेलों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना, पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्य सचिव उषा शर्मा, आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत, राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह खंडेला, बंजर भूमि विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप चौधरी, राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लाम्बा, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा, राजस्थान क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष सतवीर चौधरी, विधायक रफीक खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पीस पैलेस में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पीस बैलेस वीकेआई में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न लीलाओं की झांकियां सजाई गई, जिसे बड़ी संख्या में लोग देखने आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरपतसिंह राजवी विधायक विद्याधर नगर, विशिष्ट अतिथि जगदीश सोमानी उद्योगपति ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सेवा केन्द्र की संचालिका हेमा बहन ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। कविता बहन ने जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य बताया। कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद दिया गया।

## राज्यपाल 23 अगस्त से तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश प्रवास पर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार को राजकीय विमान से तीन दिवसीय प्रवास पर उत्तर प्रदेश रवाना हो गए। उनका कानपुर और लखनऊ में विभिन्न आयोजनों में सम्मिलित होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**सरकार की मश्क्कत**

**पीएफआरडीए का पैसा लौटाने को सीएस का केंद्रीय वित्त सचिव को पत्र**

# केंद्र लौटाए 39 हजार करोड़ रुपए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में सभी राज्य कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने के बाद राज्य सरकार अब पीएफआरडीए का पैसा वापस लौटाने के लिए जद्दोजहद में पड़ी है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने इस मामले को लेकर हाल में केंद्रीय वित्त सचिव को पत्र लिखा है। इसमें बताया गया है कि राज्य सरकार ने एक जनवरी 2004 के बाद वाले कर्मचारियों के ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। अब पीएफआरडीए में पैसा रखने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए राज्य सरकार को यह पैसा वापस लौटाया जाए। हालांकि वित्त मंत्रालय की तरफ से इस पत्र का कोई जवाब नहीं आया है। ऐसे में पीएफआरडीए में कर्मचारियों की ओर से जमा किए गए 39 हजार करोड़ रुपए के वापस लौटाने को लेकर संशय बरकार ही है। इससे पहले वित्त विभाग ने पीएफआरडीए को भी पत्र लिखकर फंड में जमा राज्यांश व कर्मचारियों के हिस्से का पैसा वापस लौटाने को लेकर पत्र लिखा था।

### प्रदेश के साढ़े 5 लाख से ज्यादा कर्मचारियों का है पैसा

प्रदेश के साढ़े 5 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने की घोषणा बजट में की थी। इसके बाद वित्त विभाग ने 21 अप्रैल को पीएफआरडीए को पत्र लिखकर कहा था कि राज्य सरकार ने 1 जनवरी 2004 के बाद से एनपीएस के दायरे में आ रहे अपने कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू कर दी है इसलिए राज्य सरकार तथा कर्मचारियों ने जो अंशदान एनपीएस में दिया है, सरकार उसे विड्रा करना चाहती है। इसके बाद 2 मई को पीएफआरडीए ने जवाबी खत में लिखा कि- 'पीएफआरडीए एक्ट 2013 व पीएफआरडीए रेग्यूलेशन 2015 में एनपीएस योजना के तहत राज्यांश व कर्मचारी के अंश की जमा राशि को राज्य सरकार की रेवेन्यू रिसीट में लौटाने का कोई प्रावधान नहीं है।'









सीखने की बात

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# बूस्टर की चिन्ता

कोरोना महामारी के विभिन्न वेरिएंट और टीके हमारी जिंदगी के स्थायी हिस्से बन गए हैं। कोरोना रूप बदलकर लगातार हमले कर रहा है, तो टीके भी चर्चाओं में बने हुए हैं। मोटे तौर पर आंकड़ा देखें, तो दुनिया में अब तक लगभग 60 करोड़ लोगों को कोरोना हो चुका है, जिसमें से 64.5 लाख लोग दुनिया से जा चुके हैं। जुलाई में दुनिया भर में प्रतिदिन कोरोना मामले 10 लाख के पार पहुंच गए थे और अभी प्रतिदिन आठ लाख से ज्यादा मामले आ रहे हैं। बीते 19 अगस्त को दुनिया में 2,642 लोगों की कोरोना से मौत हुई है, मतलब कुल मिलाकर कोरोना का कहर कमोबेश जारी है। भारत की बात करें, तो प्रतिदिन औसतन 12 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं और 19 अगस्त को जान गंवाने वालों की संख्या 36 थी। अमेरिका की स्थिति लगातार खराब बनी हुई है, वहां अभी भी 36 लाख से ज्यादा सक्रिय मामले हैं, दक्षिण कोरिया, जापान और जर्मनी का भी बुरा हाल है। दुनिया में 44 हजार से ज्यादा मरीज हैं, जिनकी स्थिति कोरोना की वजह से बहुत गंभीर बनी हुई है। कोरोना का भय भले कम हो गया हो, लेकिन संक्रमण अभी इतना कम नहीं हुआ है कि किसी तरह की खुशी या सफलता का इजहार किया जाए। अब एक समस्या बूस्टर डोज को लेकर भी आ रही है। कौन सा टीका बुस्टर डोज के रूप में लिया जाए? किस देश में महामारी का कौन सा संस्करण सक्रिय है, वहां कौन सा बूस्टर डोज ज्यादा काम करेगा? यहां यह ध्यान रहे कि दुनिया में 491 करोड़, मतलब 62.9 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण पूरा हो चुका है। दुनिया में 2.37 अरब लोगों को एक या अधिक बूस्टर डोज भी लग चुका है। भारत बूस्टर डोज के मामले में पीछे चल रहा था, लेकिन विगत एक महीने हुई विशेष प्रगति को जोड़ लें, तो देश में 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को बूस्टर डोज लग चुका है। हालांकि, भारत में अभी भी 30 प्रतिशत से ज्यादा लोगों का प्राथमिक टीकाकरण भी नहीं हो सका है। अब जो लोग ज्यादा सचेत हैं, वही आगे आकर टीका या बूस्टर डोज ले रहे हैं। टीका लेने की जैसी सुविधा पहले चरण में थी, वैसी अब नहीं है, अतः लोगों में भी आम जीवन की आपाधापी की वजह से टीके के प्रति जागरूकता कम हुई है। बूस्टर डोज को लेकर एक संशय भी है, तरह-तरह के सवाल हैं। चिकित्सक भी एकमत नहीं हैं। नेचर में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह समझने की कोशिश हुई है कि अब कौन सा टीका बूस्टर डोज के रूप में लिया जाए। टीकों के इतने तरह के विकल्प हैं कि लोग सोचने को मजबूर हैं, कौन सा टीका कब लिया जाए? टेनेसी में वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर की बाल रोग विशेषज्ञ और वेंडरबिल्ट वैक्सीन रिसर्च प्रोग्राम की निदेशक कैथरीन एडवर्ड्स कहती हैं, 'ये कठिन प्रश्न हैं और कोई वास्तविक सही उत्तर नहीं है।' ओमीक्रॉन की जगह दूसरे वेरिएंट ज्यादा सक्रिय हैं, बीए-1 का प्रकोप ज्यादा हो गया है। अमेरिका और यूरोप में बीए-4 और बीए-5 वेरिएंट सक्रिय हैं। इन वेरिएंट के अनुरूप टीका आगामी दो महीनों में आने की उम्मीद है। विकसित देशों में टीके का विकास तेजी से जारी है। भारत सहित तमाम देशों में यह बहस जारी है कि मूल टीके का बूस्टर डोज लें, या ओमीक्रॉन-विशिष्ट स्पाइक वाले संस्करण के लिए कुछ महीने प्रतीक्षा करें।

## सम्पादकीय

# गौरव और संकल्प

भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का गौरवशाली अवसर इतिहास में दर्ज हो गया है। लगभग हर मुहल्ले में कोई न कोई विशेष आयोजन और हर घर तिरंगा अभियान तो कुल मिलाकर बहुत यादगार रहा है। इस खास पड़ाव पर जितना महत्वपूर्ण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उद्बोधन है, उतनी ही चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की हुई है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हम भारतीयों ने संदेह जताने वाले लोगों को गलत साबित कर दिया है। इस मिट्टी में न केवल लोकतंत्र की जड़ें बढ़ी हैं, बल्कि समृद्ध भी हुई। राष्ट्रपति ने कहा कि देश का विकास अधिक समावेशी होता जा रहा है और क्षेत्रीय असमानताएं भी कम हो रही हैं। राष्ट्रपति ने गौरव के साथ याद किया कि अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में वोट देने का अधिकार प्राप्त करने के लिए महिलाओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन हमारे गणतंत्र की शुरुआत से ही भारत ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने पहले उद्बोधन से न केवल देशवासियों को प्रेरित किया है, बल्कि उन्हें गर्व का भी एहसास कराया है। पंद्रह अगस्त की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से संबोधन के दौरान भ्रष्टाचारियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने इसके खिलाफ जंग में देशवासियों का सहयोग भी मांगा। भाई-भतीजावाद पर भी चिंता जताई और कहा कि राजनीति के अलावा भी यह कई क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। प्रधानमंत्री के इस उपयोगी उद्बोधन के अनेक अर्थ निकाले जा रहे हैं, प्रशंसा हो रही है, तो आलोचक भी कम नहीं हैं। भ्रष्टाचार देश में अगर बढ़ रहा है, तो किसकी जिम्मेदारी बनती है? भ्रष्टाचार को कौन खत्म करेगा? आजादी के 75वें साल में इस सवाल का उठना अपने आप में गंभीर बात है। आजादी के स्वप्न में भ्रष्टाचार से मुक्ति भी शामिल थी। आज भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री अगर चिंता जता रहे हैं, तो देश अच्छी तरह से वस्तुस्थिति को समझ रहा है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा है कि किसी के पास रहने को जगह नहीं और किसी के पास चोरी का माल रखने की जगह नहीं है। निःस्संदेह, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ हमें मिलकर कदम उठाने पड़ेंगे। खैर, किसी देश को किन्हीं समस्याओं पर थम नहीं जाना चाहिए। समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश को पांच संकल्प दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब तक हमें इन संकल्पों को पूरा करना है। पहला संकल्प है, विकसित देश बनना। दूसरा संकल्प, देश के किसी कोने में गुलामी का अंश न रह जाए। उन्होंने सही कहा है कि हमें औरों के जैसा दिखने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है। हम जैसे भी हैं, वैसे ही सामर्थ्य के साथ खड़े होंगे। तीसरा संकल्प, हमें अपनी विरासत पर गर्व होना चाहिए। चौथा संकल्प, देश में एकता और एकजुटता रहे। पांचवां संकल्प, नागरिकों का कर्तव्य। वाकई देश में सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा है कि यदि सरकार का कर्तव्य है- हर समय बिजली देना, तो नागरिक का कर्तव्य है- कम से कम बिजली खर्च करना। प्रधानमंत्री ने महिलाओं का सम्मान करने का भी संकल्प दिलाया है, तो वाकई इसकी बड़ी जरूरत है। बेशक, अगर हमने इन संकल्पों को गंभीरता से लिया, तो भारत को विश्व का सिरमौर देश होने से कोई रोक नहीं सकता।

**यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या ईडी और सीबीआई या इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां रैड डालकर इस समस्या को खत्म कर सकती हैं। इन सबको देखकर तो ऐसा लगता है कि जैसे एक बीमार पेड़ को ठीक करने के लिए पत्तों को धोया जा रहा है, ठीक किया जा रहा है। जरूरत तो इस बात की है कि जड़ों को साफ किया जाये।**

# भ्रष्टाचार की चिंता के बजाए चिंतन की आवश्यकता



डॉ. संजय बियानी
लेखक, मोटिवेशनल गुरु एवं लाईफ कोच
@jagrukjanta.net

**अधिकतर लोग भ्रष्टाचार का कारण साम्प्रदायिकता, भाषावाद, भाई-भतीजावाद, जातीयता आदि से पूरित वातावरण को मानते हैं। लेकिन, वास्तव में यदि इन सबके पीछे भी कारण को खोजे तो असल कारण है- हमारा अपना अहंकार, हमारे जीवन में देने की भावना की कमी, जीवन में सहनशीलता और क्षमा की भावना की कमी।**

आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस गौरवशाली अवसर के हम सभी लोग साक्षी बनें हैं। हर घर तिरंगा अभियान हम सभी लोगों के लिए यादगार रहा है। 15 अगस्त की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में भ्रष्टाचार पर चिंता जताई। प्रधानमंत्री के इस उद्बोधन की बहुत चर्चा रही। इसकी प्रशंसा हो रही है, तो आलोचना भी कम नहीं हो रही।

सवाल यह उठता है कि अगर देश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, तो भला इसकी जिम्मेदारी किसकी बनती है? भ्रष्टाचार को खत्म कौन करेगा? भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए क्या योजनाएं हैं? भ्रष्टाचार की इस समस्या के कारण जहां एक बड़ी आबादी रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी चीजों से वंचित रह जाती है, वहीं दूसरी ओर एक छोटे वर्ग के लिए धन को एक जगह रखने के लिए मकान भी उपलब्ध नहीं हो पाता है।

मुझे लगता है कि भ्रष्टाचार की चिंता करने के बजाए हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या ईडी और सीबीआई या इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां रैड डालकर इस समस्या को खत्म कर सकती हैं। इन सबको देखकर तो ऐसा लगता है कि जैसे एक बीमार पेड़ को ठीक करने के लिए पत्तों को धोया जा रहा है, ठीक किया जा रहा है। जरूरत तो इस बात की है कि जड़ों को साफ किया जाये। 'हर घर तिरंगा' हम सभी लोगों ने फहराया, आवश्यकता तो इस बात की है कि तिरंगे को ठीक से समझा जाए। तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, जो कि पवित्रता का प्रतीक है। क्या हमारे जीवन में पवित्रता है? तिरंगे का दूसरा रंग सफेद रंग है, जो शान्ति का प्रतीक है। क्या हमारे जीवन में वास्तव में शांति है? तिरंगे का तीसरा हरा रंग प्रेम का प्रतीक है। क्या हमारे जीवन में वास्तव में प्रेम है? तिरंगे के मध्य में एक चक्र है, जो एक गहरी समझ देता है कि जीवन वर्तालुकार है। जीवन और मृत्यु निश्चित है और हम सभी लोगों को जाना होता है और हम सभी लोगों को नेक काम करने होते हैं।



मुझे नहीं लगता सिर्फ तिरंगा फहराना पर्याप्त है। इससे तो हमारा अहंकार और अधिक बढ़ जाता है। इन दिनों मुझे गहलोत सरकार द्वारा नवगठित शांति व अहिंसा निदेशालय के बारे में पता लगा। 'भारत छोड़ो आंदोलन' के 80 वर्ष पूरे होने पर स्टेच्यू सर्किल पर आयोजित सर्व-धर्म प्रार्थना सभा और अहिंसा मार्च में जाने का मुझे अवसर मिला। इन सबको जब गौर से देखा, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि बहुत सारी औपचरिकताएं पूरी हो रही हैं। वास्तविकता से बहुत दूर इतने बड़े आयोजन में कोई भी मंत्री तक दिखाई नहीं दिया। शांति व अहिंसा निदेशालय बनाना निश्चित ही एक बहुत सही विचार है। परन्तु विचार के अच्छे होने से अधिक महत्वपूर्ण विचार की क्रियान्वति है। हमें अगर भ्रष्टाचार की समस्या के मूल में जाकर देखना होगा कि इसका असली कारण क्या है? अधिकतर लोग भ्रष्टाचार का कारण साम्प्रदायिकता, भाषावाद, भाई-भतीजावाद, जातीयता आदि से पूरित वातावरण को मानते हैं। लेकिन, वास्तव में यदि इन सबके पीछे भी कारण को खोजे तो असल कारण है- हमारा अपना अहंकार, हमारे जीवन में देने की भावना की कमी, जीवन में सहनशीलता और क्षमा की भावना की कमी। सच में एक शब्द में कहा जाए तो हमारे जीवन में प्रेम की कमी ही इसका असल कारण है।

अहंकार को मिटाना तो सम्भव नहीं है। लेकिन, निश्चित रूप से प्रेम और शांति को बढ़ाना सम्भव है। मुझे लगता है इसके लिए बहुत बड़े प्रयास की जरूरत है। प्रेम व शान्ति निदेशालय बनाने की आवश्यकता है। कुछ ऐसे लोग जो प्रेम एवं शांति पर बातें ही नहीं करते वरन् उसकी वास्तविक समझ रखते हों, उनके मार्गदर्शन में इस निदेशालय को बनाया जाना चाहिए। समाज में प्रेम व शांति के संबंध में जागरूकता लाने की आवश्यकता है।

अगर हमें अपने देश में स्वर्णिम युग की कल्पना को साकार करना है, तो प्रेम और मोह के इस सूक्ष्म अंतर को समझना होगा। इसके लिए स्वयं द्वारा रचित कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं :

अहंकार बचाता जाता है और प्रेम लुटाता जाता है..

जो जीवन को जितना बचाता जाता है, उसका प्रेम उतना ही घटता है..

पति-पत्नी से और पिता पुत्र से कहते हैं, 'मुझे तुमसे प्रेम है'।

*जहां अहंकार है, वहां फिर प्रेम कहां ?*
*जहां मैं ही हूं, वहां करुणा कहां?*
*अहंकार बहती नदी का,*
*बर्फ बनकर बचने का है अथक प्रयास।*

तो प्रेम... बहकर सागर में मिल जाने का है स्वभाविक प्रयास।।

*तू ही है... मैं नहीं,*
*बस ये ही... प्रेम है।*
*मैं ही हूँ... तू भी है मेरे लिए,*
*ये ही...अहंकार है।।*

जरूरत बस इसी बात की है कि हम हमारे जीवन में अहंकार के स्थान पर प्रेम को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाये। संग्रह से अधिक देने की भावना व आनन्द को समझा जाये। ये बात सिर्फ किताबों व कविताओं में ही ना रह जाये, इसके लिए बहुत से व्यक्तियों को आगे आकर बहुत से कार्य करने की आवश्यकता है। तब यह ऐसा होगा, जैसे वास्तव में हमने जड़ों पर काम किया है। जन्माष्टमी के इस शुभ अवसर पर योगेश्वर श्री कृष्ण से अनासक्त भाव व प्रेम का संदेश हम सभी लोग अपने जीवन में आत्मसात् लागू करें। आप सभी लोगों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें। प्रेम, स्नेह और सम्मान के साथ... -डॉ. बियानी।

(ये लेखक के अपने विचार है)

## ओपिनियन

# जरूरत से आगे नौनिहालों के लिए नशा बनते गैजेट



क्षमा शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net



लखनऊ के राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग ने 660 बच्चों का दो साल तक गहन अध्ययन किया है। इस अध्ययन में पांच साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था। पता चला कि ये बच्चे एक घंटा से भी अधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं। मोबाइल और टीवी का कुल समय पांच घंटे निकला। यही नहीं, इनके माता-पिता भी लगभग साढ़े छह घंटे विभिन्न गैजेट्स पर बिताते हैं। इसी अध्ययन में यह भी पाया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे सोने से पहले इन उपकरणों के इस्तेमाल के आदी हो चले हैं। यह भी एक तरह का नशा ही है, जिस पर अगर समय रहते ध्यान न दिया गया, तो यह आदत आने वाली पीढ़ियों के लिए भारी मुसीबत बन सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्पष्ट सलाह है कि दो साल तक के बच्चों के हाथों में गैजेट्स या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं देने चाहिए। यहां तक कि पांच साल की उम्र में भी उनका 'स्क्रीन टाइम' एक घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। लेकिन संपन्न होते घरों में यह देखने को मिलता है कि वे इसे अपनी हैसियत से जोड़ने लगे हैं, किसके बच्चे के हाथ में किस ब्रांड का कितना महंगा मोबाइल और टैबलेट है? इससे वह अन्य बच्चों से श्रेष्ठ साबित होता है। लेकिन ऐसा करते हुए वे भूल जाते हैं कि वे अपने बच्चों का आज ही नहीं, भविष्य भी बिगाड़ रहे हैं। अभी चंद साल पहले का वाकया है। दिल्ली के अस्पताल में एक ऐसे बच्चे को दाखिल किया गया था, जो 16-17 घंटे कंप्यूटर के सामने बिताता था। वह स्कूल भी नहीं जाना चाहता था। मना करने पर इतना गुस्सा करता कि घर में तोड़-फोड़ पर आमादा हो जाता। चिंतित माता-पिता को अंततः उसे अस्पताल में दाखिल कराना पड़ा। डॉक्टरों ने धीरे-धीरे इसके कंप्यूटर देखने के समय को घटाया।

बहुत लंबी देखरेख और इलाज के बाद यह बच्चा इस 'एडिक्शन' से बाहर निकला। ऐसी खबरों की अब कोई कमी नहीं, जिनमें माता-पिता द्वारा ज्यादा मोबाइल देखने से मना करने पर बच्चे ने अपनी जान दे दी। हम आसानी से यहां-वहां यह देख सकते हैं कि माता-पिता कुछ महीनों के बच्चों को मोबाइल पकड़ा देते हैं। अब तो ऐसी दलीलें भी पेश की जाने लगी हैं कि जब तक हाथ में मोबाइल न दिया जाए या टीवी पर कार्टून शो न ऑन किया जाए, उनका बच्चा न दूध पीता है, और न सोता है।

कम उम्र में स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताना बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है। अब तक तो टीवी या कंप्यूटर ही था, जिसे माता-पिता या घर के बड़े नियंत्रित कर सकते हैं, मगर मोबाइल, टैब तो हाथ में होता है। उस पर कितना समय बिताया, यह आसानी से पता नहीं चलता। फिर अगर ये पढ़ाई का हिस्सा हो, तब कोई रोक-टोक भी कैसे की जा सकती है? एक वक्त था, जब स्कूलों में बच्चों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध था। लेकिन कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों ने बच्चों और स्मार्टफोन की दूरी घटा दी। उन दिनों माता-पिता ऐसी शिकायत करते हुए भी पाए गए कि आखिर 24 घंटे वे कैसे नजर रख सकते हैं कि बच्चे क्या देख रहे हैं? ऐसी रिपोर्टें भी आई हैं कि अपने देश में बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं। वे अश्लील वेबसाइटों के भी बड़े विजिटर हैं। इन्हें देखकर कई बच्चे ऐसे-ऐसे अपराध को अंजाम देने लगे हैं, जिनके बारे में पहले सुना नहीं जाता था। एनसीआरबी का ताजा आंकड़ा बताता है कि साल 2020 में हत्या, बलात्कार, अपहरण समेत तरह-तरह के संगीन अपराधों में संलिप्तता के आरोपी 35,352 किशोरों में से लगभग 5,000 बच्चों ने उच्च माध्यमिक कक्षा तक की पढ़ाई की थी।


वक्त आ गया है कि बच्चों के गैजेट्स इस्तेमाल करने को लेकर एक सुस्पष्ट सलाह के साथ देश में जागरूकता अभियान चलाया जाए। एक ऐसे समय में, जब स्कूलों में बच्चे अपना अधिक से अधिक समय टैबलेट, मोबाइल पर बिताएंगे, उन्हें स्क्रीन से कैसे दूर रखा जा सकता है? यदि समय के साथ उन्हें प्रतिस्पर्द्धा करनी है, तो नई-नई तकनीक से दूर नहीं किया जा सकता, मगर एक संतुलन बिठाना होगा। दिक्कत यह है कि उन्हें इस 'एडिक्शन' से बचाने की अपेक्षा उन अभिभावकों से की जा रही है, जो तकनीकी रूप से शिक्षित नहीं हैं।

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



मं क्योंकि शिव सर्वमय है, शर्वं है अद्वितीय है। शिव उपासना के प्रथम स्तर में भक्त दासोस्मि भाव से शिव को पूजता है। शिव कल्याण करने वाले, परम दानी एवं आशुतोष हैं। दास्य भाव से शिव लिंग पर अक्षत, बेल पत्र, जल मात्र चढ़ाने से भगवान प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान बाहरी आडम्बर नहीं देखते, भक्त के भीतरी भाव को देखते हैं। दूसरे स्तर की उपासना है त्वैवाहं अर्थात् हे प्रभु मैं तुम्हारा हूं। इसमें जिज्ञासा होती है, यह शिवलिंग है क्या? शिवलिंग शिव की प्रतीकोपासना है। प्रकृति और पुरुष की शिवलिंग के द्वारा अभिव्यक्ति होती है। शिव ही पुरुष है, वही ब्रह्म है, वही लिंग स्वरूप है। उमा-पार्वती माया रूप प्रकृति है, वही जलहरी (पीठ, आधार) हैं। अर्थात शिव जी के अतिरिक्त कुछ नहीं है। शिवलिंग की पूजा कर भक्त कहता है, हे प्रभु म आत्मा हो, यह बुद्धि गिरिजा है, मेरे प्राण तुम्हारे गण हैं, यह शरीर तुम्हारा मन्दिर है। हे प्रबु आप प्रसन्न हो जाओ। इस दूसरे स्तर में उपासना अन्तर्मुखी हो जाती है। इसमें मानसिक पूजा है। हृदय में ज्योतिलिंग का ध्यान करके पूजा की जाती है। तीसरे स्तर की उपासना है 'त्वमे वाहम्' अर्थात् मैं तुम ही है। इसमें उपासक अपने को उपास्य देव से अलग नहीं मानता। भक्त कहता है तुम्हीं सूर्य, चन्द्र, अग्नि आदि हो तुम्ही, आत्मा हो ऐसा कोई तत्व नहीं जो तुम नहीं हो। सब कुछ शिव की ही मूर्ति है। मेरा इस शिव मूर्ति से अलग कोई अस्तित्व नहीं। मेरा शरीर आत्मा सब कुछ शिव ही है। मैं अंश हूं शिव अंशी हूं।

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद सन



सहज पुत्र प्रियंका-अनुज चतुर्वेदी, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# अपनी प्रसन्नता को टालिए नहीं



गोपाल शर्मा
महंत
@jagrukjanta.net

प्रत्येक जीवित प्राणी सुखी रहना चाहता है। चाहे वह धन, शक्ति या इंद्रिय सुख हो। तुम इसमें सुख के लिए लिप्त होते हो। कुछ व्यक्ति दुख से भी आनंद प्राप्त करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें प्रसन्नता मिलती है।सुखी रहने के लिए हम किसी वस्तु की खोज करते हैं, परंतु उसको प्राप्त करने के बाद भी हम सुखी नहीं रहते हैं। विद्यालय जाने वाला एक छात्र यह सोचता है कि यदि वह विद्यालय जाता है तो वह और अधिक स्वतंत्र, स्वच्छंद और सुखी होगा। यदि तुम विद्यालय के छात्र से पूछो कि वह सुखी है तो वह यह कहेगा- यदि उसे सेवा या नौकरी मिल जाए, तो वह सुखी होगा। कोई व्यक्ति जो अपने व्यवसाय या सेवायोजन में लगा हुआ है उससे यदि बात करोगे तो तुम्हें ज्ञात है कि वह क्या कहेगा? वह यह कहेगा कि उसे सुखी रहने के लिए एक जीवनसाथी की आवश्यकता है। उसे जीवनसाथी मिल जाता है, लेकिन फिर उसे सुखी रहने के लिए बच्चों की आवश्यकता होती है। जिन लोगों के बच्चे हैं, उनसे पूछो कि क्या वे सुखी हैं? उन्हें कैसे चैन मिल सकता है, जब तक कि उनके बच्चे बड़े न हो जाएं, अच्छी शिक्षा न प्राप्त करें और स्वयं अपने पैरों पर खड़े न हो जाएं। जो लोग सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनसे पूछो कि क्या वे सुखी हैं। वह उन दिनों को याद कर, उन्हें अच्छा कहते हैं, जब वे नौजवान थे।

एक व्यक्ति का पूरा जीवन भविष्य में कभी प्रसन्न व सुखी रहने की तैयारी करने में बीत जाता है। यह उसी तरह से है कि हम रात भर बिस्तर सजाने की तैयारी करते रहें, पर सोने के लिए समय न मिले। आंतरिक रूप से प्रसन्न होने के लिए हमने अपने जीवन के कितने मिनट, घंटे या दिन बिताए हैं। केवल वही वे क्षण हैं, जिनमें आपने अपने जीवन को सही मायने में जिया है। शायद वे केवल वही दिन थे, जब तुम एक छोटे बच्चे थे। पूर्णतया प्रसन्नता और आनंद में या कुछ क्षणों में जब तुम तैर रहे थे या लहरों से खेल रहे थे या किसी पर्वत के शिखर पर बैठे हुए वर्तमान क्षण में जीते हुए उसका आनंद ले रहे थे।

जीवन को देखने के दो तरीके हैं। पहला यह कि किसी एक उद्देश्य की प्राप्ति के पश्चात मैं सुखी होऊंगा। दूसरा यह कि जो भी हो, मैं सुखी हूं। तुम इनमें से किस तरह से जीना चाहते हो।

जीवन अस्सी प्रतिशत आनंद है और बीस प्रतिशत दुख है। लेकिन हम उस बीस प्रतिशत को पकड़ कर बैठ जाते हैं और उसे दो सौ प्रतिशत बना लेते हैं। यह जानबूझ कर नहीं होता है, बस केवल हो जाता है। आनंद, सजगता, सतर्कता और दया के क्षणों में जीना दिव्यता की प्राप्ति है। बच्चे की तरह रहना दिव्यता है। यह अपने अंदर से मुक्त होना तथा प्रत्येक से बिना किसी संकोच के सहज रहना है। दूसरे तुम्हारे बारे में क्या सोचते हैं, इस बारे में मत सोचो और इसके अनुसार निर्णय मत करो। वे जो कुछ भी सोचते हैं, वह स्थायी नहीं है। दूसरे व्यक्तियों तथा वस्तुओं के बारे में तुम्हारी खुद की राय हर समय बदलती रहती है, तो फिर दूसरे तुम्हारे बारे में क्या सोचते हैं, इसके लिए चिंता करने की क्या आवश्यकता है। चिंता करने से शरीर, मन, बुद्धि और सजगता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यह वह बाधा है, जो हमको अपने आप से बहुत दूर ले जाती है। यह हमारे अंदर भय पैदा करती है। भय प्रेम की कमी के अलावा कुछ नहीं है, यह अलगाव की तीव्र चेतना है।

श्वसन क्रियाओं के द्वारा विश्राम से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। तब तुम्हें इस बात का अनुभव होगा, 'मैं सबका प्यारा हूं, मैं हर व्यक्ति का ही अंश हूं और मैं संपूर्ण ब्रह्मांड का एक अंश हूं।' यह तुम्हें मुक्त कर देगा और तुम्हारा मन पूर्ण रूप से बदल जाएगा। तब तुम्हें अपने चारों तरफ अत्यधिक एकरूपता मिलेगी।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 24/08/2022**

**सूर्योदय :** 05:58 **सूर्यास्त :** 18:51 **चन्द्रोदय :** 02:46 **चन्द्रास्त :** 17:26 **शक सम्वत :** 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना :** श्रावण **पूर्णिमांत :** भाद्रपद **सूर्य राशि :** सिंह **चन्द्र राशि :** मिथुन **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** द्वादशी, 08:30 तक **वार :** बुधवार **चन्द्रमास भाद्रपद :** पूर्णिमान्त **श्रावण :** अमान्त **शक सम्वत :** 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत :** 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** पुनर्वसु, 13:33 तक
**योग :** व्यतिपाता, 25:16 तक
**प्रथम करण :** तैतिल, 08:30 तक
**द्वितिय करण :** गारा, 21:34 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:26 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:48 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 11:58 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:34 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:42 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:55 पी एम से |
| अमृत काल | 09:46 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:02 ए एम, अगस्त 22 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : पश्चिम में
राहु वास : उत्तर
होमाहुति : राहु
कुंभी चक्रः तल
अग्निवास : पृथ्वी

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | : 05:57 - 07:34 | उद्वेग | 06:51 - 08:14 |
| अमृत | : 07:34 - 09:11 | शुभ | 08:14 - 09:37 |
| काल काल वेला | : 09:11 - 10:47 | अमृत | 09:37 - 11:01 |
| शुभ | : 10:47 - 12:24 | चर | 11:01 - 12:24 |
| रोग वार वेला | : 12:24 - 02:01 | रोग | 12:24 - 01:48 |
| उद्वेग | : 02:01 - 03:37 | काल | 01:48 - 03:11 |
| चर | : 03:37 - 05:14 | लाभ | 03:11 - 04:35 |
| लाभ | : 05:14 - 06:51 | उद्वेग | 04:35 - 05:58 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज द्वादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

भाद्रपद, कृष्ण, द्वादशी, 2079 बुधवार, 24 अगस्त - 30 अगस्त, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
लेन-देन में जल्दबाजी न करें, सावधानी रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सरि य रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**राष्ट्रीय किसान सम्मेलन में सम्मानित हुई प्रतिभाए**

# जैविक उत्पादन से किसानों की आय में होगी वृद्धि-कृषि मंत्री

**लालचंद कटारिया ने लांच की गाय के गोबर सेव बनी चूड़ियां**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जैविक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि हो इसके लिए राज्य सरकार निरंतर इस दिशा में प्रयास कर रही है। जैविक खेती करने वाले किसानों को उनकी फसल का 20 प्रतिशत एमएसपी अधिक मिले इसके लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। इसके अलावा प्रदेश को पूर्ण जैविक राज्य बनाने तथा गोपालन को बढावा देने के लिए पशुपालकों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। यह बात कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने श्रीपिंजारापोल गोशाला परिसर के सुरभि भवन में भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के सौजन्य में आयोजित राष्ट्रीय किसान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

लालचंद कटारिया ने कहा कि-एक जमाना था जब घर में पहली रोटी गाय के लिए बनती थी वर्तमान में परिस्थितियां बदली हैं, हमें फिर से अपनी पुरानी परंपराओं की तरफ लौटना पड़ेगा तभी हम सब बच पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें जैविक खेती को एक अभियान के रूप में लेना होगा। इस दौरान ओएफपीएआई की ओर तैयार की गई देश में पहली बार गाय के गोबर से चूड़ी बनाई गई जिसमें लाख के साथ 40 फीसदी गाय का गोबर इस्तेमाल किया गया है। इस चूड़ी को कृषि मंत्री द्वारा लांच किया गया, इसे शीघ्र ही बिक्री के लिए बाजार में उतारा जाएगा।

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 68 जनों को सम्मानित किया गया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि समारोह में राजस्थान गौ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष महंत दिनेश गिरी महाराज, राष्ट्रीय संत श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरनाथ महाराज ने प्रोफेसर डॉ. महेश चंद्र, डॉ. अरूणचंदन, पत्रकारिता में डॉ. महेंद्र मधुप, प्रो. डॉ. विष्णु शर्मा, ताराचंद बेलजी, जगदीश लाल सैनी, मुकेश अग्रवाल, कैलाश चौधरी व मिथलेश जैमनी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। इसी तरह 13 नवाचारी किसानों को जैविक किसान अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह में रेगिस्तानी पौधे को पूरे जीवन काल में 1 लीटर पानी से पनपाने की तकनीक विकसित करने वाले नवाचारी किसान वैज्ञानिक व पद्मश्री से अलंकृत सुंडाराम वर्मा, जैविक कृषि पर आधारित सब्जियों में प्रति पौधे से प्राप्त उत्पादन का विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर देश का नाम रोशन करने वाले पदमश्री जगदीश प्रसाद पारीक, नेशनल मेडिशनल प्लांटस बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर, नॉर्थन रीजन-प्रथम डॉ. अरूणचंदन व बोर्ड के सदस्य डॉ. राजाराम त्रिपाठी, राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेनरी एंड एनिमल सांइसेज, बीकानेर के पूर्व कुलपति डॉ. विष्णु शर्मा, पदमश्री हुकमचंद पाटीदार, जैविक खेती के लिए देशभर में साइकिल पर भ्रमण के लिए निकले सोनीपत (हरियाणा) के नीरज प्रजापति भी मौजूद रहे।

**योगापीस में जन्माष्टमी महोत्सव**

## नृत्य, संगीत के साथ श्रीमद्भगवद्गीता वितरण किया गया



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** योग से रोग निदान एवं योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण के लिए विख्यात एकम योगा एकेडमी के शास्त्री नगर स्थित आश्रम परिसर में देशभर से आए योग प्रशिक्षणार्थियों, साधकों, आचार्यों एवं सेवाभावी सहयोगियों ने धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया।

इस अवसर पर सजाई गई मनमोहक झांकी के समक्ष योग गुरु ढाकाराम ने श्रीराधा कृष्ण के गीत गाए जिन पर योगार्थियों ने नृत्य कर श्याम को रिझाया। आध्यात्मिक वक्ता एवं लेखक योगी मनीष विजयवर्गीय ने योगार्थियों के मध्य श्रीमद्भगवद्गीता के व्याख्यान वाचन के शुभारंभ के साथ पठन-पाठन की पात्रता एवं कृष्ण चरित्र का वर्णन भी किया। योग गुरु ढाका ने बताया कि जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भक्ति, ज्ञान एवं ध्यान तीनों योगों का विशेष अभ्यास महोत्सव के दौरान साधकों को करवाया गया। कृष्ण झांकी श्रंगार व माखन मिश्री पंजरी प्रसादी के साथ साथ आचार्य मुनींद्र, आचार्य विशाल, योग प्रशिक्षिका निशू त्यागी, साधिका जैस्मिन टंडन द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति योगार्थियों व साधकों को भेंट की गई जिसका पठन पाठन आश्रम की नियमित दिनचर्या में सम्मिलित किया गया है।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया, गूंजे जयकारे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मानसरोवर स्थित श्री लाल हनुमान मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि मंदिर में हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर को आकर्षक रोशनी व फूल मालाओं से भी सजाया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चों की ओर से कृष्ण-राधा की झांकियां सजाकर कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यरात्रि पश्चात् मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव करवाया गया। वहीं नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... के गगन भेदी जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तों को पंजरी व पंचामृत का प्रसाद वितरण किया गया।

## दुर्गा कीर्तन परिवार ने मनाया नंदोत्सव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर 6 स्थित शिव मंदिर में दुर्गा कीर्तन परिवार की ओर से नंदोत्सव मनाया गया। नंदोत्सव में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी सम्मिलित लोगों ने हर्षोल्लास के साथ संदेश दिया कि चाहे कितना भी परिवर्तन हो जाए पर भगवान तो जन्म लेंगे ही। कलयुग आएगा तो उससे भी कन्हैया ही बचाएंगे। इसमें बच्चों को नंदलाला का रूप बनाया गया। दुर्गा परिवार की अनीता गुप्ता ने बताया क सदस्य मंजू झालानी, गुमान दवे, चंदा खेतान, सविता अग्रवाल, अंजली बंसल, आशा शर्मा, विमला विजयवर्गीय, गीता खेतान, विनीता रावत, सरोज अग्रवाल एवं रजनी अग्रवाल आदि ने भाग लिया।

## सुबोध पब्लिक स्कूल में डिजाइन थिंकिंग एण्ड इनोवेशन कार्यशाला सम्पन्न



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल और सीबीएसई द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग में किया गया। स्कूल की प्रिंसीपल कमलजीत यादव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ऐनईपी-2020) के तहत एआई, डिजाइन थिंकिंग, समक्र स्वास्थ्य, जैविक जीवन, पर्यावरण शिक्षा और वैश्विक नागरिकता शिक्षा को शामिल किया गया है, इसी के सन्दर्भ में यह कार्यशाला आयोति की गई। कार्यशाला में डिजाइन थिंकिंग एण्ड इनोवेशन, जिसमें भारत के जानेमाने कई स्पीकर और रिसोर्स पर्सन्स, शिक्षाविदों ने भाग लिया।

## सुंदरकांड का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री जगदंबा मातेश्वरी मंदिर समिति महिला मंडल द्वारा मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया। मंडल प्रमुख प्रतिभा कंवर और नीरज कवर को विमला देवी द्वारा दुप्पटा पहनाकर अभिनन्दन किया। उपाध्यक्ष मुकुल सिंह साँचोरा ने बताया की काफी संख्या में महिला और पुरुषों ने सुंदरकांड का आनंद लिया। सभी ने मिलकर आरती की और प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष भवर सिंह सचिव नवरतन सिंह कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह हेमन्त सिंह सुरेंद्र सिंह दुर्गा सिंह करन सिंह सीताराम सिंह गणपत सिंह,नरेन्द्र सिंह आदि लोग मोजूद रहे।

**राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वूमेन**

## स्वतंत्रता दिवस पर श्रद्धा आर्य ने किया ध्वजारोहण

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भांकरोटा स्थित राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वीमेन द्वारा स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी का अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कॉलेज थात्रा ने देश भक्ति के गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर कॉलेज की निदेशिका डॉ. श्रद्धा आर्य ने तिरंगा फहराया और कॉलेज की छात्राओं के सथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने भारत विकास की गाथा, आत्म निर्भरता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में बताया। कॉलेज की चीफ प्राक्टर डॉ. रोशन चौधरी ने उपस्थित छात्राओं को आजादी के इतिहास के बारे में बताया तथा वर्तमान में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को मिठाई वितरित की गई।

### श्रद्धा ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**स्वतंत्रता** दिवस के अमृत महोत्सव की संध्या पर कॉलेज निदेशिका डॉ. श्रद्धा आर्य ने राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी.पी. जोशी, आरपीसी सचिव डॉ. अर्चना शर्मा व अन्य मंत्रीगणों से मुलाकात कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## जागरूक खबरें

### नन्हे-मुन्ने बने राधा-कृष्ण, बच्चों ने परिधानों में सजकर मन मोहा




**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुरलीपुरा जयपुर स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस अकेडमी में जन्माष्टमी महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। छोटे-छोटे बच्चे राधा-कृष्ण, सुदामा आदि बनकर आए और राधा-कृष्ण के भजनों पर नृत्य किया। स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की हर लीला मानव का कल्याण करने वाली है। विद्यालय प्रबंध निदेशक आयुष कुमार शर्मा ने कहा की कान्हा का मनमोहक स्वरूप और राधा की मनमोहिनी छवि हर किसी को बरबस ही लुभाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एससीए जयपुर ने बालगोपाल और राधा रानी की रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

### पूजारी की हत्या को लेकर दिया ज्ञापन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने मंजू शर्मा विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष को जयपुर मुरलीपुरा में स्थित शंकर विहार के लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी श्री गिर्राज प्रसाद शर्मा द्वारा आत्मदाह का प्रयास किया गया जिनकी रात को मृत्यु हो गई इसको लेकर विप्र कल्याण बोर्ड कि उपाध्यक्ष मजू शर्मा को समिति के लोगों पर जांच कर उचित दंड दिया जाए तथा पुजारी के गरीब परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए एवं उनके बच्चों को नौकरी देने का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, गोपाल शर्मा, नगेद्र वशिष्ठ आदि लोग उपस्थित थे।

## जीएचआरसी के कर्मचारियों को नि:शुल्क झंडा वितरण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सिविल लाइन्स स्थित गौतम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर में आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा पहल के तहत सभी कर्मचारियों को निःशुल्क झंडा वितरण किया गया। झंडा वितरण संस्था की सीईओ राज्यश्री गौतम एवं डॉ. शिव गौतम ने किया।डॉ. मनस्वी गौतम ने झंडारोहण उसके रखरखाव सम्मान व गौरव पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. निशांत दीक्षित, डॉ. मेधावी गौतम, डॉ. अनिता गौतम एवं समस्त कर्मचारियों को राष्ट्र सम्मान में भागीदारी के लिए प्रतिज्ञाबद्ध किया। जिसे सभी ने 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम में हर्ष के साथ भाग लेने की प्रतिज्ञा को पूरा करते हुए अपने घरों पर झंडा लगाकर राष्ट्र सम्मान में भागीदारी निभाई।



### श्री संत बाबा मेहरदास का तीन दिवसीय जन्मोत्सव का आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित पूज्य सिंधी पंचायत मंदिर में श्रीसंत बाबा मेहरदास का तीन दिवसीय जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी ने बताया कि कार्यक्रम में अखंड पाठ एवं भजन सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष छबलदास नवलानी ने बताया कि 22 अगस्त से प्रारंभ होकर 24 अगस्त तक चलने वाले इस उत्सव में प्रातः पाठ एवं संध्या को सत्संग आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष बच्चों सहित भाग ले रहे हैं। जन्मोत्सव के समापन पर प्रातः सत्संग और भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा।

## वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा करके मनाया जन्मदिन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** नागरिक सेवा समूह मुरलीपुरा ने आंगनवाड़ी नम्बर 4 में कुमारी मानसी का जन्मदिन वैदिक मंत्रो से पूजा एवं पुष्पवर्षा कर मनाया। लोकचंद हरिरामानी ने पेस्टी, डॉ. सुनील गुप्ता ने टॉफी, कविता गंगवानी ने बिस्किट पैकेट,गिरधारी शर्मा ने लड्डू सब बच्चों को वितरित किये, सुनील पारीक ने गुलाब का गजरा भेट किया एवं उपहार स्वरूप ओम सोनी ने पार्टी वियर ड्रेस, हरिशंकर गौड़ ने ट्रॉय साइकिल, ओम जी गुप्ता ने कुर्सी-टेबुल सैट, बीना पारीक ने कैरम बोर्ड, प्रहलाद राय ने बैड स्टडी टेबुल,प्रदीप शर्मा ने गौलक मय रु 101/-, गिरधारी टांक abcd क्यूब बॉक्स, कौशल पारीक ने टेड़ी बियर,भवानी सिंह राठौड़ ने स्कूल बैग,भरत खंडेलवाल ने पानी की बॉटल, गोपाल खंडेलवाल ने पिकनिक बैग, बजरंग लाल ने होला हूप रिंग, भेट कर सब ने बच्ची को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# 35 हजार करोड़ के मालिक ने कभी बेचा था कबाड़

## वेदांता ग्रुप के चेयरमैन बोले...
## न टाइम देखने के लिए घड़ी थी, न घर में टॉयलेट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** माइनिंग और मेटल किंग के नाम से पॉपुलर वेदांता रिसोर्सेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की स्ट्रगल स्टोरीज हमेशा से युवाओं को इंस्पायर करती रहीं हैं। राजस्थान से बिहार, मुंबई होते ही लंदन से मेटल वर्ल्ड में उन्होंने धाक जमाई। इंडियन गर्वनमेंट की घाटे में चलने वाली मेटल कंपनियों को खरीदकर वेदांता का सॉलिड बेस बनाने वाले अग्रवाल ने जयपुर में अपनी बिजनेसमैन जर्नी के शुरुआती दिनों की बातें शेयर की तो लोग हैरान हो गए। अग्रवाल बीते दिनों बिरला ऑडिटोरियम में डिजिटफेस्ट के समापन समारोह में बोल रहे थे। जयपुर (चौमूं) और सीकर (सीकर) में रहकर पढ़ाई करने वाले अग्रवाल ने बताया कि -

उनके पास घड़ी तक नहीं हुआ करती थी। मुझे आज भी याद है जब मैं चौमूं और रींगस में रहता था, हमारे पास बाथरूम नहीं था, कोई घड़ी नहीं थी। ट्रेन जाती थी तब पता लगता था कितने बजे हैं। आज भी याद है पिताजी जहां-जहां भी ले गए, बिहार ले गए, मैं वहां पढ़ता गया। आप तो इतने पढ़े लिखे हैं, दुर्भाग्यवश मैं ज्यादा पढ़ नहीं सका। जरूरत की वजह से मुझे काम चालू करना पड़ा। मेरी बहुत इच्छा थी, छोटी सी जगह से जब पहली बार ट्रेन में बैठा था, एक लोहे का बक्सा और बैडिंग लेकर मुंबई पहुंचा था, लेकिन दिल में अरमान इतने थे कि कुछ कर गुजरना है। मैं आपको अपनी लाइफ स्टोरी बता सकता हूं। कैसे मैंने स्क्रैप का काम चालू किया, कैसे झाड़ू लगाकर स्क्रैप एकत्रित करके बेचा, 27 रुपए रेंट पर मुंबई में रहा। करीब 10-15 साल वहां रहने के बाद भी किसी ने रिकॉग्नाइज नहीं किया। अनिल अग्रवाल अपनी कमाई का 75 परसेंट दान करने की घोषणा करके भी सुर्खियों में आए थे। अग्रवाल ट्विटर पर अपने शुरुआती जीवन के संघर्ष के किस्से शेयर करते रहते हैं। अनिल अग्रवाल अपनी कमाई का 75 परसेंट दान करने की घोषणा करके भी सुर्खियों में आए थे। अग्रवाल ट्विटर पर अपने शुरुआती जीवन के संघर्ष के किस्से शेयर करते रहते हैं। मेटल किंग के नाम से पॉपुलर अग्रवाल ने बताया - हिंदुस्तान में 140 करोड़ लोग हैं, इनकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। हमारी दुनिया में अलग पोजिशन है। हम लोग टोलरेंट हैं, आगे बढ़ने का जज्बा है। आगे ऐसी डिमांड आने वाली है जिसे राजस्थान वाले पूरा करेंगे। राजस्थान के लोगों में आगे बढ़ने की ललक है। झोपड़ी में रहने वाला तरक्की मकान बनाना चाहता है, एक कमरे वाले को दो कमरे का या इससे बड़ा मकान चाहिए। साइकिल वाले को स्कूटर या ई-बाइक चाहिए। बाइक वाले को कार चाहिए। दुनिया में ऐसी ललक और कहीं नहीं है। दुनिया के जो भी देश आगे बढ़े हैं उनकी महिलाएं काम करती हैं। दुनिया के जिन देशों ने तरक्की की है उन देशों में 50 से 80 फीसदी तक महिलाएं काम करती हैं। हमारे राजस्थान में केवल 20 फीसदी महिलाएं काम करती हैं। हमें हमारी महिलाओं को आगे लाना होगा, उन्हें अवसर देना होगा। महिलाओं के काम करने, उन्हें आगे बढ़ाने से ही देश-प्रदेश तरक्की करेगा।




### राजस्थान में अपार संभावनाएं

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि - राजस्थान की मिट्टी में गेहूं, चावल है, इसी मिट्टी में तेल है, सोना है। राजस्थान में ही मिडल ईस्ट है, कनाडा, यूएस है और ऑस्ट्रेलिया है जिसे आप बनाने वाले हो। आज हर गांव डिजिटल हो गया है। दुनिया में फैशन राजस्थान से ही जाता है। राजस्थान में सोना, चांदी और तेल के भंडार हैं। अग्रवाल के पिता व्यापार के सिलसिले में उनके पिता बिहार चले गए थे, इससे पहले कुछ समय राजस्थान में रहे थे। अनिल का जन्म पटना में हुआ था। अनिल अग्रवाल ने उन्हीं शुरुआती दिनों का अनुभव और संघर्ष के बारे में बताया है। अनिल अग्रवाल बिजनेस वर्ल्ड में अधिक चर्चा में उस वक्त आए जब उन्होंने हिंदुस्तान जिंक को डिसइनवेस्टमेंट में भारत सरकार से खरीदा था।

# टोल वसूलने वालों को सड़क के गहरे गड्ढे क्यों नहीं दिखते?

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में मानसून मेहरबान है। अच्छी बारिश से जहां प्रकृति मुस्कुरा रही ही है। वहीं दूसरी ओर राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों के हालात बिगड़ रहे हैं। तेज रफ्तार दौड़ती गाड़ी अचानक ही सड़क पर बने गड्डों में से गुजरने को मजबूर है। ऐसे में गाड़ी का नुकसान होना तो तय है ही वाहन चालक को भी चोट का डर लगने लगा है। जयपुर-सीकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टाटियावास टोल प्लाजा पर टोल चुकाने के बावजूद गहरों गड्ढों से गाड़ी गुजरने को मजबूर है। इससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। कंपनी टोल तो पूरा वसूल रही है, लेकिन सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

वाहन दौड़ते हुए टोल प्लाजा पर पहुंचते हैं सामने बेरीकेटिंग लगे नजर आ जाते हैं और बिना टोल चुकाए वाहन आगे नहीं बढ़ सकता। अगर आगे बढ़ने की कोशिश की जाती है तो वहां तैनात लोग वाहन चालक का चेहरा बदलने को तैयार रहते हैं। अब तो फास्टटैग शुरू होने से टोल राशि स्वतः ही वाहन चालक के खाते से कट जाती हैं। अगर गलती से लाइन में लग गए और उस समय अकाउंट में पैसे नहीं हैं तो डबल चार्ज देकर ही पीछा छुड़ाना पड़ता है। मगर उन्हें इस समय सड़क पर पड़े बड़े-बड़े गड्ढे क्यों नहीं दिखाई देते। इन गड्ढों को पार करते समय कई वाहन दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं और आगे भी दुर्घटना घटित होने की संभावना कायम है। होना तो यह चाहिए कि जिस प्रकार टोल वसूली के लिए मुस्तैद रहते हैं उसी प्रकार सड़क पर भी मरम्मत कार्य लगातार जारी रहने चाहिए। मगर कोई सुनने वाला धणीधोरी नहीं है। जयपुर से टोंक कोटा रोड हो या जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग। सबकी यही स्थिति है। कहने का मतलब इस समय चारों तरफ रोड कहीं कम तो कहीं ज्यादा टूटी हुई पड़ी है और भारी भरकम से हल्के वाहन इन मार्गों से गुजरते हैं। ऐसे में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। संबंधित संस्थाओं को इस ध्यान देना चाहिए।

### सर्विस रोड भी हुई क्षतिग्रस्त



**हाईवे** के सड़क किनारे बनी सर्विस रोड भी जगह-जगह से टूटने के कारण वाहन चालक और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टाटियावास टोल प्रशासन द्वारा प्रतिदिन वाहनों से लाखों रुपए की टोल वसूली की जाती है। इसके बावजूद भी वाहन ड्राइवरों के लिए ज सुविधाएं अधूरी हैं। वहीं, टाटियावास टोल प्लाजा चौमूं के मैनेजर दिनेश पांडे ने बताया कि करीब 2 दिन में हाईवे पर टूटी फूटी हुई सड़कों का पेचवर्क और निर्माण कार्य करवाया जाएगा। फिलहाल बारिश होने की वजह से जगह-जगह सड़क पर खड्डे हो गए हैं। जल्दी ही सड़क पर डामरीकरण और पेचवर्क सर्विस रोड पर भी कार्य करवाया जाएगा।

### रिंगस तक सड़के क्षतिग्रसत

**चौमूं** के NH-52 स्थित टाटियावास टोल प्लाजा के 14 नंबर आदर्श पुलिया चौराहे से लेकर रींगस तक दोनों ओर सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। टोल प्रशासन की लापरवाही के चलते इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टोल प्रशासन का ध्यान सिर्फ टोल वसूली की ओर है और हाईवे पर सुविधाओं के नाम पर अधूरा है। हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालक भी अब टूटी फूटी सड़क के कारण रेंगते हुए चलने लगे हैं।

# राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज के उत्सव ऑडिटोरियम में राजीव गांधी स्टडी सर्कल, जयपुर व राजस्थान शिक्षक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में ÷भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ एवं विकेन्द्रीकृत बनाने में राजीव गांधी का योगदान÷ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। संस्था के डायरेक्टर डॉ संजय बियानी ने राजीव जी को याद कर एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ फिरोज अख्तर, संयुक्त सचिव (उच्च शिक्षा) ने सूचना क्रांति के प्रणेता के रूप राजीव गांधी के योगदान को याद किया। साथ ही भारत की राजनीति में राजीव जी का आना किस प्रकार मील पत्थर साबित हुआ इस पर विशेष चर्चा की। साथ ही मुख्य अतिथि जगरूप यादव, पूर्व कलेक्टर जयपुर ने शिक्षा के क्षेत्र में राजीव जी के योगदान व पंचायती राज में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक डॉ ध्यानसिंह गोठवाल एवं बी. एल. सैनी ने भारतीय राजनीति में उनके योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में प्रो. निमाली सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नारायण सेवा संस्थान के नि:शुल्क दिव्यांग विवाह की तैयारियां शुरू

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वाधान में 28 -29 अगस्त को होने वाले 38वें सामूहिक निर्धन एंव दिव्यांग विवाह की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के सानिध्य में शनिवार को हुई तैयारी समिति की बैठक में व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न समितियों का गठन किया गया। सेवा महातीर्थ, बड़ी में आयोजित इस विवाह में 51 दिव्यांग व निर्धन जोड़े परिणय -सूत्र में बंधेगे। इस आयोजन में देश - विदेश से बड़ी संख्या में अतिथि भी भाग लेंगे। वर - वधूओं के परिजनों के पंजीयन का कार्य पूरा किया जा चूका है।अग्रवाल ने बताया की आयोजन की सफलता के लिए अतिथि पंजीयन समिति, स्वागत समिति,यातायात समिति, आवास एंव भोजन समिति, पाण्डाल एंव पंजीयन समिति, उपहार समिति, सुरक्षा समिति, प्रचार -प्रसार आदि समितियों का गठन किया गया है। विवाह में शामिल होने वाले वर - वधूओं, अतिथियों आदि के लिए कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज़ लगा होना आवश्यक होगा।

# "ऊर्जा-22" का भव्य शुभारम्भ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में सोमवार से ÷ऊर्जा-22÷ कार्यक्रम के साथ नये सेशन की शुरूआत हुई। डॉ. संजय बियानी ने कहा कि विद्यार्थियों को यदि आगे बढ़ना है तो उन्हे पढाई के साथ साथ अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करना चाहिए, और इसके लिए सबसे जरूरी कि हम अपने संस्कारों को नहीं भूलें। डॉ. बियानी ने अपने सेशन में छात्राओं को मेडिटेशन के माध्यम से एकाग्रचित्त होने की सलाह देते हुए कहा कि अपनी क्षमता को पहचान कर और उस पर विश्वास करके, कोई भी एक बेहतर दुनिया बना सकता है।

संस्थान के चैयरमैन डॉ. राजीव बियानी, निदेशक डॉ. संजय बियानी, डीन डॉ. ध्यानसिंह गोठवाल और प्रिंसिपल डॉ. नेहा पांडे ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सात दिवसीय ÷ऊर्जा-22÷ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव बियानी ने सभी छात्राओं को अनुशासित रहने और अपने काम से प्रेम करने की सलाह दी। सात दिवसीय ÷ऊर्जा-22÷ कार्यक्रम में मोटिवेशनल लेक्चर, इंग्लिश कम्यूनिकेशन, फिटनेस सैशन, डांस क्लासेज, सोफ्ट स्किल्स क्लासेज,स्प्रिच्युलेटी सेशन, कॉलेज इंट्रोडक्शन, फैशन क्लासेज, फिटनेस सैशन, पब्लिक स्पीकिंग, क्रिएटिव सैशन, मेडिटेशन, हेजीटेशन रिमूवल थ्रू जुम्बा और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित होंगे। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में डांस, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। आज नये आने वाले विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कॉर्पोरेट ट्रेनर अनन्या चौहान ने छात्राओं को ड्रेसिंग सेंस के टिप्स दिए। इसी के साथ मशहूर कालबेलिया डांसर गुलाबो सपेरा ने अपने जीवन अनुभव शेयर करने के साथ-साथ डांस के माध्यम से छात्राओं में जोश भर दिया।

# हिंदुत्व की लड़ाई लड़ें तो कैसे?

**हिंदुत्व** कि लड़ाई बड़ी कठिन है यहां पहले हिंदु से ही लड़ना होता है धर्मो रक्षति रक्षित! क्योंकि वर्तमान समय में हिंदू ही हिंदू का शत्रु बन गया है। जयपुर शहर में जिस प्रकार घटना बीते 18 अगस्त को हुई, उसमें कुछ लोगों के कारण एक मंदिर के पुजारी को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। क्योंकि आज कल मंदिरो के पुजारियों को अधिकांश लोग गुलाम समझते है और उनको अनेक प्रकार से प्रताड़ित किया जाता है। इस घटनाक्रम के बाद बहुत से मंदिरो के पुजारियों ने मुझे अपनी पीड़ा फोन के माध्यम से एवं व्यक्तिगत मिलकर बताई। इन सभी लोगों की बातों से यह बात सामने आ रही है कि कुछ लोग ऐसे हर क्षेत्र में रहते हैं जो मंदिरों को अपने अधिकार क्षेत्र में रखना चाहते हैं। मै उन लोगों को एक बात कहना चाहता हूं कि आप मंदिरों को अपने अधिकार क्षेत्र में रखो, लेकिन किसी भी पुजारी को बेवजह परेशान मत करो। अगर पुजारी गलत काम करे या धर्म के अनुसार आचरण नहीं करें तो सबसे पहले आप अपने क्षेत्र अधिकार में आने वाले पुलिस थाने को सूचित करें और पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच शुरू की जाए। दोषी पाए जाने पर पुलिस आयुक्त या पुलिस अधीक्षक को पूरे प्रकरण की जानकारी ईमानदारी से दी जाए। उसके बाद समस्त कॉलोनीवासियों की मीटिंग बुलाई जाए उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाना चाहिए। कुछ लोग मिलकर किसी भी पुजारी को मंदिर से नहीं हटा सकते हैं। इस बात का पूरा ख्याल रखना जरूरी है। भगवा रक्षा दल मंदिरों और पुजारियों एवं साधु संतों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहता है और रहेगा।

*- ये लेखक के अपने विचार है*



**देवेन्द्र शर्मा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भगवा रक्षा दल
@jagrukjanta.net

# राधा, कृष्ण बने बच्चों ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुरलीपुरा स्थित एनके पब्लिक स्कूल में बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर रंग बिरंगे परिधानों में बच्चों ने राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की। उन्हें इस पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बच्चों को मुरली, मोरपंख, माखन, मिश्री के शब्दों से परिचित कराया गया। कृष्ण के विभिन्न नामों जैसे कृष्णा, गोपाल, लल्लाजी, मुरलीधर, मधुसूदन, माधव, कान्हा, मोहन के बारे में बताया गया। इस मौके पर बच्चों ने दही हांडी का भी आनन्द लिया। छठवी एवं सातवीं कक्षा के बच्चों ने कृष्ण जन्म की झांकी दिखाई एवं मेरी राधाए वो है अलबेला ए आला रे आला गोविंदा जैसे गानो पर प्रस्तुती दी। नन्हे बाल कृष्ण, राधा, नंद, सुदामा, यशोदा व गोपियों से सभागार में रौनक रही।

यूकेजी के रिद्धि, पीहू, निविशा, ख्याति, होमांशी, वंशिका, शुदिक्षा व पौरूष ने मैया यशोधा गीत पर मनमोहक प्रस्तुती दी। स्कूल की डायरेक्टर कुलदीप सिंह ने इस पर्व की बधाई देते हुए कहा कि कृष्ण के जीवन से सदा कुछ सीखते रहना चाहिये। हमें प्रण लेना चाहिए कि बिना किसी फल की चिन्ता किये इमानदारी के साथ अपना कार्य करना चाहिए। तभी हम जीवन में सफल रहेंगें। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक निदेशक डॉ. एनसी लुनायच ने सभी को हार्दिक बधाई दी।

# 1 सितम्बर से होगी हर मंगलवार व शुक्रवार 4-4 घंटे बिजली कटौती

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दीपावली और नवरात्र में बिना रुकावट बिजली सप्लाई के लिए जयपुर डिस्कॉम सितंबर के पहले सप्ताह से डेढ़ महीने तक सिस्टम का मेंटेनेंस करेगा। बिजली वितरण और प्रसारण सिस्टम की लाइनों व ट्रांसफार्मरों के साथ ही हर फीडर की जांच की जाएगी। जरूरत पड़ने पर तार, केबल, फ्यूज, ट्रांसफार्मर तक बदले जाएंगे। पिलर बॉक्स और ग्रिड सब-स्टेशन की मेंटेनेंस भी होगी। दिवाली पर हर साल 10 फीसदी लोड व डिमांड बढ़ती है। इधर, मेंटेनेंस के कारण हर मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक और दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक चार-चार घंटे तक बिजली कटौती होगी। इस बार 15 अक्टूबर तक क्षेत्रवार बिजली बंद रखने का शेड्यूल तय होगा। अतिआवश्यक होने पर ही इसके अलावा बिजली कटौती की जाएगी। इसमें एईएन को अधीक्षण अभियंता से स्वीकृति लेनी होगी।

### पिछले तीन साल में मेंटेनेंस पर खर्च में कटौती की गई

**पिछले** तीन साल में मेंटेनेंस पर खर्चा बहुत ही कम हुआ है। अब केवल जांच के बाद ही वर्कऑर्डर दिए जाते है। मेंटेनेंस के काम से पूर्व व बाद की फोटो लगानी पड़ रही है। इस बार आम जनता से भी फीडबैक लिया जाएगा। वहीं माप पुस्तिका की एंट्री की क्रॉस चैकिंग होगी। भाजपा सरकार के अंतिम दो साल में शहर में सिस्टम मेंटेनेंस पर 500 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता एके त्यागी का कहना है कि दीपावली पर बिजली की डिमांड बढ़ जाती है। ऐसे में सिस्टम का रखरखाव जरूरी है।

# नटखट कान्हा




आप भी अपने बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों की फोटो हमें भेज सकते हैं। jagrukjantanews@gmail.com

रेलवे ट्रैक के लिए 987.83 करोड़ मंजूर

# बांदीकुई-आगरा ट्रैक होगा डबल, 4 साल में होगा पूरा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे बोर्ड ने आगरा से बांदीकुई तक 5 साल पहले कराए ट्रैक डबलिंग (दोहरीकरण) के सर्वे के बाद अब इस कार्य के लिए 987.83 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। इससे इस रूट पर डबलिंग का काम पूरा होगा। उत्तर-मध्य रेलवे का आगरा मंडल जल्दी ही इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा। इसके बाद जयपुर से आगरा का सफर साढ़े चार की बजाय साढ़े तीन घंटे में पूरा हो सकेगा। ट्रैक डबलिंग के साथ इलेक्ट्रिफिकेशन का काम भी होगा।150 किमी का यह डबलिंग कार्य 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आगरा मंडल के सेफ्टी से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस रूट पर डबलिंग के साथ इलेक्ट्रिफिकेशन भी होगा। वहीं, 87.73 करोड़ रुपए एडवांस सिग्नलिंग सिस्टम पर खर्च होंगे। अभी जयपुर से दिल्ली, अजमेर, कोटा और फुलेरा के बीच डबलिंग हो चुकी है। फुलेरा से जोधपुर के बीच डबलिंग का काम अभी चल रहा है।

## 25 हजार यात्रियों को मिलेगी राहत

जयपुर-बांदीकुई (91 किमी) डबल लाइन है। लेकिन आगे आगरा तक (150 किमी) सिंगल होने से सुपरफास्ट/एक्सप्रेस ट्रेनों को क्रॉसिंग के दौरान रुकना पड़ता है। इसलिए इस दूरी में साढ़े चार घंटे लग जाते हैं। इससे जयपुर-आगरा के बीच गांधीनगर, दौसा, बांदीकुई, मंडावर, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह सहित 22 स्टेशनों के 25 हजार यात्रियों को परेशानी होती है। डबल लाइन होने से पूरे सेक्शन में ₹ ॉसिंग के दौरान लगने वाला 1 घंटे का समय बचेगा। वहीं, उत्तर-पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार जयपुर-आगरा डबलिंग होने से कानपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तक का सफर सुगम हो जाएगा।

## कासिन्द्रा की छात्रा तनीषा छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित



**जालोर @ जागरूक जनता।** ग्राम पंचायत अचपुरा के राजस्व गांव कासिंद्रा के राजकीय उ. प्रा. विद्यालय कासिंद्रा की छात्रा तनीषा कुमारी पुत्री खीमाराम भील का एनएमएमएस छात्रवृत्ति प्रतियोगिता परीक्षा में चयन हुआ है एनएमएमएस प्रभारी व संस्था प्रधान महेन्द्र सिंह चौधरी नेबताया कि नेशनल मीन्स कम मैरिट स्कॉलरशिप परीक्षा जो कि केंद्र सरकार प्रवर्तित छात्रवृत्ति योजना है में प्रतिवर्ष प्रति बालक 12,000 रुपए 4 साल तक देय है इसके लिए राजकीय विद्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी आवेदन के पात्र होते हैं सत्र 2021-22 में विद्यालय के संस्था प्रधान महेन्द्र चौधरीवशिक्षक अमृतलाल, जितेन्द्रसिंह, पूनाराम, अर्जुनराम, हमीर सिंह, सुनीता, भीमाराम की गाइडलाइन में बच्चों को एनएमएमएस की तैयारी करवाई गई एवं बच्चों को प्रोत्साहित कर परीक्षा दिलवाई जिसमें विद्यालय की एक छात्रा का चयन हुआ संस्था प्रधान महेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि इस सत्र 2022-23 में पूर्व से ही तैयारी व अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर तैयारी करवाई जाएगी और अधिक बच्चों का चयन हो ऐसा प्रयास किया जाएगा।

## जागरूक खबरें

### सबका ग्रुप हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर डॉ. गोविंद पटेल का किया सम्मान



**सिरोही, डूंगरपुर @ जागरूक जनता।** सबका ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर डॉ.गोविंद पटेल का समग्र पाटीदार समाज की ओर से युवाओं ने प्रतिनिधित्व करते हुए "कोरोना काल" में आमजन के लिए सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्यो के लिए शॉल ओढ़ाकर व प्रभु श्री राम की तस्वीर भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। डॉ. गोविंद पटेल ने बताया के लिए मरीजों की सेवा ही फर्ज और धर्म है। इस सेवा में किसी तरह की कोई कमी नहीं रहने दी जाती है। भरसक कोशिश होती है कि अपनी चिकित्सकीय सेवा के जरिये मरीजों को संतुष्ट करें। सुनील पटेल, नेजपुर ने कहा कि सबका ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहा। खासकर, कोरोना काल में जहां अपने ही छूने से डर रहे थे, तब डाक्टर ही थे, जिन्होंने खुदकी जान की परवाह किए बिना मरीजों का जीवन बचाया। चिकित्सकों को भगवान की संज्ञा देते हुए कहा कि कोरोना काल में जिस तरह डाक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान धनपाल पटेल खाड़िया, कुशल पाटीदार ओड़वाडीया, मुकेश पाटीदार सुरपुर व पाटीदार समाज के युवा मौजूद रहे।

### चित्तौड़ रेलवे स्टेशन पर घूमते हुए मिले नाबालिग लड़का ओर लड़की



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** आर पीएफ को स्टेशन पर एक बालक और बालिका अकेले घूमते हुए मिले पूछताछ में पाया की घर से बिना बताए निकल गए जिस पर चाइल्ड लाइन को सूचित कर टीम मेंबर बाबू लाल शर्मा व तेजेंद्र को सौप दिया।चाइल्ड लाइन ने रोस्टर सदस्य मंजू जैन के समक्ष प्रस्तुत किया। सदस्य सीमा भारती ने काउंसलिंग की तो पाया कि दोनों की सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हो गई और घर वालों को बताए बिना आ गए। मंजू जैन ने बताया की दोनो के माता पिता के आने तक होम में आसरा दिया गया। पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र दशोरा ने बताया कि दोनों जयपुर के एक ही कॉलोनी के रहने वाले है। बालिका का वैशाली नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने से पुलिस को सूचना दी गई।अगले दिन बालिका के माता पिता वैशाली नगर पुलिस के साथ चित्तौड़गढ़ पहुंचे ओर बालिका को रमेश चंद्र दशोरा,मंजू जैन,सीमा भारती व शिवदयाल सिंह लखावत की मौजूदगी में सौप दिया। बालक अभी भी राजकीय किशोर गृह में आवासित है।

### ई-केवाईसी के अभाव में नहीं मिलेगी पीएम-किसान की 12वीं किश्त

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के जिला स्तर पर लंबित कार्यो के सम्बन्ध में सहायक स्टेट नोडल अधिकारी (पीएम-किसान) द्वारा 12. अगस्त को दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत समस्त पात्र कृषको को दिनांक 25 अगस्त तक ई-केवाईसी करवाया जाना आवश्यक है अन्यथा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 12वीं किश्त का लाभ नहीं मिल पायेगा। जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभार्थी कृषकों की निर्धारित तिथि से पूर्व ई-केवाईसी कराया जाना आवश्यक है। जिला नोडल अधिकारी (पी.एम. किसान) एवं प्रबन्ध निदेशक चित्तौड़गढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि., नानालाल चावला ने बताया कि प्रत्येक लाभार्थी को दिनांक 25 अगस्त से पूर्व ई-केवाईसी करवाना जरूरी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का सत्यापन e-KYC Authentication OTP mode के माध्यम से PM-Kisan Portal (www.pmkisan.gov.in) के Farmer Corner पर किया जावेगा। E-KYC Biometric Authentication की सुविधा CSC केन्द्र पर भी उपलब्ध है।

कलेक्टर ने जिले को 100 प्रतिशत बीमा युक्त करने की शुरुआत

# जालोर की 16 पंचायतों के 1 लाख से ज्यादा लोग चिरंजीवी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुझे याद है कि मैंने आज से करीब 10 साल पहले 3500 रुपए सालाना प्रीमियम देकर एक कम्पनी से हेल्थ इंश्योरेंस कराया था। यह जानते हुए कि थोड़ा सा प्रीमियम देकर स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के समय आर्थिक कठिनाई से निजात मिल सकती है, आमतौर पर ज्यादातर खुद को सुरक्षित नहीं करते। इसकी दो वजह हो सकती हैं-एक प्रीमियम का भुगतान, दो लापरवाही। अब जब राज्य में चिरंजीवी योजना लागू हुई तो मुझे पुरानी बात याद आ गई। सोचा- जिले के हर व्यक्ति को इंश्योर्ड करना है। बस काम शुरू हो गया। जालोर के कलेक्टर निशांत जैन ने अपनी कहानी से ही जिले को पूरा इंश्योर्ड करने की सोच विकसित की। सीएम अशोक गहलोत की फ्लैगशिप योजना चिरंजीवी में 10 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस और 5 लाख का दुर्घटना बीमा किसी भी नागरिक के लिए बड़ी सुविधा है। खाद्य सुरक्षा के लाभार्थी तो स्वतः योजना के पात्र बन जाते हैं, लेकिन शेष 850 रु. वार्षिक देकर लाभ ले सकते हैं।

## महिला सरपंच की पहल से आया आइडिया

निशांत जैन ने बताया कि जिले की एक पंचायत नरसाणा की महिला सरपंच, ग्राम सेवक, बीडीओ ने जब एक पंचायत को 100 प्रतिशत बीमा युक्त किया तो मैंने इस आइडिया की कुछ पंचायतों में शुरुआत की। मुख्य सचिव महोदया की ओर से प्रोत्साहित करने के बाद इसे पूरे जिले के लिए लागू कर दिया। सभी पंचायतों को चिरंजीवी बनाने का अभियान अभी तेजी से चल रहा है।

## 36 गांव के 15190 परिवारों को किया मोटिवेट, कइयों का प्रीमियम भी भरवाया

कलेक्टर ने बताया कि एक पंचायत से शुरू हुआ अभियान 16 पंचायतों तक पहुंच गया। कुछ परिवार स्वाभाविक रूप से योजना का हिस्सा बन चुके थे, लेकिन बहुत से जुड़े नहीं। ऐसे में कुछ ही समय में इन पंचायतों के प्रत्येक परिवार का सर्वे किया गया। इन पंचायतों के 36 गांवों के 15190 परिवार को मोटिवेट किया गया। कुछ परिवार ऐसे भी थे, जो दायरे से बाहर थे और प्रीमियम जमा कराने में उनके लिए दिक्कतें थीं। इसके लिए हमने कुछ भामाशाहों से बात की। जहां जरूरत पड़ी वहां प्रीमियम भरवाया। सोच यही थी कि किसी भी तरह सेहत खराब होने पर आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े।...और करीब 1 लाख लोगों की सेहत सिक्योर करने में मदद मिली।

## अब सरकारी हॉस्टल्स में संवाद की पहल

कलेक्टर जैन जब उदयपुर के आदिवासी क्षेत्र कोटड़ा में एसडीएम थे तब एससी-एसटी और बेटियों के कई सरकारी होस्टल्स में जाकर वहां उनका हाल देखा। तब ही विचार आया कि जब भी कलेक्टर बनेंगे तो उस जिले के होस्टल्स के बच्चों के साथ नियमित संवाद कायम करेंगे। जैन ने बताया कि जब वे बच्चों से रूबरू होते थे तो ऐसे बच्चों को सुविधा से ज्यादा प्यार चाहिए था, ऐसा महसूस हुआ। बस अब जालोर में इन बच्चों के साथ संवाद कायम करने के लिए मिशन संवाद शुरू किया। हर होस्टल में एक या दो अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया। वे वहां नियमित जाते हैं। अधिकारी बनकर नहीं, उनके संरक्षक, अभिभावक बनकर।

# सरकारी विद्यालय जहाँ बच्चो के साथ टीचर भी पहनते है स्कूल ड्रेस



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीनमाल।** आपने अब तक सरकारी विद्यालयों में सिर्फ बच्चों को ही स्कूली ड्रेस पहनकर पहुंचते हुए देखा होगा लेकिन भीनमाल क्षेत्र में एक ऐसा सरकारी विद्यालय है जहां पर बच्चों के साथ साथ सभी टीचर भी स्कूल ड्रेस में पहुंचते हैं। समीपवर्ती राजीकावास गांव में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में 3 टीचर लगे हुए हैं और वे रोजाना स्कूल ड्रेस में पहुंचते हैं हालांकि राज्य सरकार द्वारा ऐसा कोई दिशा निर्देश तो नहीं है लेकिन संस्था प्रधान ने अनोखी पहल करते हुए सभी शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया है।

## 1 महीने से पहन रहे ड्रेस

**प्रधानाचार्य** रामावतार शर्मा ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में कुल 70 बच्चे अध्ययनरत है और तीन शिक्षक कार्यरत हैं। एक दिन स्कूल स्टाफ के साथ बैठे हुए थे तो विचार आया कि सभी बच्चे रोजाना स्कूल ड्रेस में पहुंचते हैं तो क्यों ना हम भी स्कूल ड्रेस में पहुंचे। ताकि बच्चों को भी लगे कि जो ड्रेस हमने पहनी है वही हमारे टीचर ने भी पहनी है। सभी समानता के भाव से देखें इसलिए प्रधानाध्यापक सहित तीनो शिक्षकों ने स्वयं के खर्चे पर स्कूल ड्रेस सिलाई है। इतना ही नहीं सभी स्टाफ का बकायदा आई कार्ड भी बना हुआ है और इसे रोजाना पहनकर पहुंचते हैं। सोमवार को विद्यालय में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस के दौरान विद्यालय प्रशासन की इस पहल की ग्रामीणों ने खूब सराहना की।



## मातृकुंडिया बांध के चार गेट खोले

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राशमी क्षेत्र में मातृकुंडिया बांध में पानी की आवक ज्यादा होने पर रविवार को सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना और जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने गेटों का पूजन कर चार गेट खोले। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता राजकुमार शर्मा ने बताया कि मातृकुंडिया बांध में पानी की आवक को देखते हुए 4 गेट एवं मेजा फीडर की नहर खोली गई। हालांकि बाद में 2 गेट वापस बंद कर दिए गए। पानी का गेज स्थिर रखने के लिए दो गेटों को 5- 5 सेंटीमीटर खोला है। गेट खोले जाने के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# यूईएम देगी "आजादी का अमृत महोत्सव छात्रवृत्ति"- प्रो चटर्जी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमू।** आज़ादी के 75 वर्ष पुरे होने की खुशी में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर द्वारा वर्ष 2022 बैच के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए ÷आजादी का अमृत महोत्सव÷ नामक छात्रवृत्ति की घोषणा की गयी। यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया की यह छात्रवृति उन सभी विद्यार्थिओं के लिए होगी जो विश्विद्यालय में उपलब्ध सभी पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष 2022 के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेंगे। उक्त छात्रवृति प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी को पाठ्यक्रम की पात्रता से सम्बंधित विषयों में उच्च माध्यमिक परीक्षा 75त्न या उससे अधिक अंको से पास की हो साथ ही साथ जेईई मेन में रैंक 75000 (सामान्य) तक या NEET नीट परीक्षा में 75त्न तक स्कोर प्राप्त किया हो। प्रो चटर्जी ने बताया की उक्त छात्रवर्ती की राशि केवल प्रथम वर्ष के लिए एक साल की फीस की 75त्न होगी तथा इसके आवेदन करने की अंतिम तिथि - 31 अगस्त 2022 रहेगी।

# मंदिर व धर्मशाला निर्माण हेतु बिश्नोई समाज ने खरीदी भूमि

लाल बून्द जीवनदाता सेवा समिति ने किया 1,51,000 रूपए का आर्थिक सहयोग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**साँचोर।** बिश्नोई समाज अहमदाबाद द्वारा समाज के विकास हेतु मंदिर व धर्मशाला निर्माण के लिए अहमदाबाद बिश्नोई समाज अध्यक्ष भेराराम गोदारा के नेतृत्व में भामाशाहों के सहयोग से जमीन खरीदने को लेकर समाज के समक्ष प्रस्ताव रखा गया।

इस पर गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी व जम्भेश्वर जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित विशाल भजन संध्या व रात्रि जागरण के कार्यक्रम में समाज के मौजिज लोगों के समक्ष लाल बून्द जीवनदाता सेवा समिति द्वारा भामाशाहों के सहयोग से एकत्रित 1,51,000 की राशि सुपुर्द की गयी साथ ही अन्य भामाशाहों ने भी बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान किया। बिश्नोई समाज अहमदाबाद अध्यक्ष भेराराम गोदारा ने बताया की वर्तमान समय को देखते हुए समाज के लिए जमीन खरीदने का प्रस्ताव भामाशाहों के समक्ष रखा गया था जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर व सकारात्मक सहयोग प्रदान किया साथ ही बताया की समाज के लिए जमीन खरीदने से समाज को और अधिक ऊँचाइयाँ प्रदान होगी व समाज के आमजन को इससे फ़ायदा होगा।

समिति प्रदेशाध्यक्ष संजय विश्नोई ने बताया की जमीन खरीदने के प्रस्ताव को लेकर समिति के भामाशाहों ने आपसी विचार विमर्श कर समिति के बैनर तले अलग - अलग भामाशाहों के सहयोग से कुल 1,51,000 रूपए की राशि समाज के अध्यक्ष को सुपुर्द की।

## इन भामाशाहों ने प्रदान की सहयोग राशि

**भामाशाहों** में समिति के प्रदेशाध्यक्ष संजय विश्नोई, प्रदेश सचिव लाडुराम पंवार, लक्ष्मण सारण जानवी, श्रवण सारण सांकड़, सुखराम सियाक, सुरजन मांजू भाटीप, मांगीलाल ढाका भाटीप, बाबूलाल ढाका भाटीप, सुरेश भादू खारा, सुरेश खीचड़ डावल, सुरेश साहू हेमागुड़ा, श्रवण बांगड़वा, गंगाराम खिलेरी चोहटन, भजन विडारा मानकी, रघुनाथ कांवा चोहटन, कमलेश खिलेरी गोमी, कमलेश गोदारा चिमबड़ा आदि द्वारा कुल 1,51,000 रूपए की सहयोग राशि प्रदान की गयी।

नर्मदा संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

# पानी के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन व चक्का जाम 3 से

भीनमाल शहर को नर्मदा का पानी उपलब्ध करवाने के लिए 25 सितंबर है डेडलाइन




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीनमाल।** नर्मदा संघर्ष समिति की बैठक स्थानीय वाराहश्याम मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया कि आगामी 25 सितंबर तक भीनमाल शहर को नर्मदा का पानी नहीं मिला तो 3 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन व चक्का जाम किया जाएगा। इस अवसर पर मोहनसिंह सिसोदिया ने कहा कि नर्मदा संघर्ष समिति व मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा नर्मदा प्रोजेक्ट की स्थिति जानने के लिए हर 15 दिन में अवलोकन किया जा रहा है। पिछले दिनों समिति ने जयपुर जाकर मुख्य सचिव, जनप्रतिनिधियो से मिलकर इस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करवाने की मांग की थी लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कार्य की स्थिति धीमी चल रही है। इस प्रोजेक्ट के तहत मेन कैनाल से डेडवा प्रोजेक्ट तक पाइपलाइन बाकी है। खारा स्थित पंपिंग हाउस पर विद्युत कार्य करना शेष है। उन्होंने कहा कि पालड़ी से भीनमाल तक एयर वाल्व, केबलिंग, डिस्मेंटलिंग वोल्व कार्य अभी भी बाकी है। प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर इस कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं इस कारण यह लंबित चल रहा है।

## 3 अक्टूबर से करेंगे फिर आंदोलन

**नर्मदा** संघर्ष समिति के शेखर व्यास ने कहा कि भीनमाल शहर को नर्मदा का पानी जल्दी मिले इसके लिए 2021 में 8 अगस्त से 66 दिन तक उपखंड कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया गया था जिसके बाद तारीख पर तारीख मिलती रही है। अब प्रशासन द्वारा 25 सितंबर तक की डेडलाइन दी गई है। अगर इस तिथि तक पानी नहीं पहुंच पाता है तो आगामी 3 अक्टूबर से फिर नर्मदा संघर्ष समिति के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन आंदोलन व चक्का जाम किया जाएगा।

## क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर आक्रोश

**बैठक** के दौरान दिनेश दवे नवीन ने कहा कि भीनमाल शहर की सड़कें सती ग्रस्त अवस्था में चल रही है। इससे भी लोग अब परेशान हो गए हैं। इस अवसर पर जगदीश वैष्णव, सांवलाराम परमार, दिनेश कुमार भट्ट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

ANCHOR नाबार्ड द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# वित्तीय समावेशन संतुलित आर्थिक विकास का प्रमुख प्रेरक-मीना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सीकर।** वित्तीय समावेशन की दिशा में भारत की यात्रा के पीछे जो सबसे अधिक प्रभावित करने वाला महत्त्वपूर्ण सिद्धांत हैं, वह गांधीवादी दर्शन ÷अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय - सबसे कमजोर व्यक्ति के उत्थान के माध्यम से सभी लोगो का कल्याण÷ में प्रतिध्वनित होता हैं। यह बात राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा सीकर में वित्तीय समावेशन निधि पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में डीडीएम सीकर एवं सहायक महाप्रबंधक, नाबार्ड एम एल मीना ने अपने संबोधन में वरिष्ठ बैंकर्स और जिला समन्वय अधिकारियों को बताई। उन्होंने कहा कि ÷समावेशी÷ और ÷समानता÷ के मूल उद्देश्य इस दर्शन के केन्द्र में हैं जिसका दायरा गरीबी उन्मूलन से आगे तक जाता हैं। इसके दायरे में गरीबों, महिलाओं, किसानों, छोटे उद्यमों और अन्य लोगों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के लिए अवसर की समानता सुनिश्चित करना शामिल हैं।

डीडीएम सीकर एम एल मीना ने बताया कि वित्तीय समावेशन सतत और संतुलित आर्थिक विकास का एक प्रमुख प्रेरक तत्व है जो आय की असमानता और गरीबी को कम करने में सहायता प्रदान करता हैं। भारत में नीति निर्माताओं के रूप में भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड ने वित्तीय समावेशन के महत्व को बहुत पहले स्वीकार कर लिया था और यह सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए गए हैं ताकि आर्थिक विकास का लाभ समाज से गरीब और वंचित वर्गों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि अन्य तमाम योजनाओं के अलावा शाखा नेटवर्क का विस्तार, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋ्रण, अग्रिणी बैंक योजना, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की स्थापना, स्वयं सहायता समूहों एवं संयुक्त देयता समूहों को बढ़ावा देना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कारोबार संवाददाता (बीसी) मॉडल का कार्यान्वयन, आधार सक्षम भुगतान सेवाएं (एईपीएस), प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, लघु वित्त बैंको और पेमेंट बैंको की स्थापना, तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) और एकीकृत भुगतान प्रणाली इंटरफेस (यूपीआई), माइक्रो-एटीएम, पीओएस मशीन आदि ने वित्तीय समावेशन में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। जिला स्तरीय कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक हेमंत शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक एचडीएफसी बैंक राहुल गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक बीआरकेजीबी सज्जन कुमार एवम अग्रिणी जिला प्रबंधक टी सी परिहार ने भी उपस्थिति प्रतिभागियों को संबोधित किया और वित्तीय समावेशन हेतु नाबार्ड द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भूरी-भूरी प्रशंसा की।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758

# दिवाली से पहले कांग्रेस में नया अध्यक्ष!

## राहुल तैयार नहीं, कमान सोनिया के पास रहेगी, 2 कार्यकारी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष बनेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस में अध्यक्ष पद को लेकर चल रही कश्मकश अगले 20 दिन में खत्म हो जाएगी। राहुल गांधी ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वे किसी भी सूरत में अध्यक्ष बनने को तैयार नहीं हैं। पार्टी गांधी परिवार से बाहर किसी को नया अध्यक्ष चुने। हालांकि, कांग्रेस के नेता इसके लिए तैयार नहीं है। ऐसे में एक नया फॉर्मूला तैयार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, नए फॉमूले के तहत अगले 5 साल के लिए सोनिया गांधी ही राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगी। उनके अंडर में दो कार्यकारी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। एक कार्यकारी अध्यक्ष दक्षिण से और दूसरा उत्तर भारत से बनाए जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इस फॉर्मूले पर पार्टी के भीतर सहमति बनती नजर आ रही है। इसके बाद नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### दक्षिण भारत से खड़गे और रमेश आगे

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर कर्नाटक से मल्लिकार्जुन खड़गे और केरल से रमेश चेनिथला का नाम सबसे आगे है। खड़गे अभी राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वे गांधी परिवार के बेहद करीबी हैं और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता रह चुके हैं। दूसरा नाम रमेश चेनिथला का है। वे केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। उन्हें भी गांधी परिवार का करीबी बताया जाता है।



### राहुल भारत जोड़ो यात्रा पर करेंगे फोकस

7 सितंबर से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर में खत्म होगी। अगले 6 महीने तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी शामिल होंगे। कांग्रेस ने उदयपुर संकल्प शिविर में 2 अक्टूबर से यह यात्रा निकालने का फैसला लिया था। 2 अक्टूबर को नवरात्र की सप्तमी पड़ रही है। इसे देखते हुए यात्रा तय तारीख से पहले निकाली जा रही है। भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर निकलेगी। इस दौरान 3,500 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। 80 साल पहले महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था। इसने 5 साल बाद देश को आजादी दिलाई। उसी की तर्ज पर कांग्रेस कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है।

### उत्तर भारत से गहलोत-पायलट

**कांग्रेस** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत या पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट में से किसी एक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाना चाह रही है। उत्तर भारत से गहलोत और पायलट दोनों ताकतवर चेहरे हैं। गहलोत अनुभवी नेता है और केंद्र में कई बार मंत्री रह चुके हैं। गहलोत तीन बार प्रदेश अध्यक्ष, तीन बार मुख्यमंत्री और कई राज्यों के प्रभारी भी रहे हैं। ऐसे में उनके सामने कोई दूसरा चेहरा बेहद हल्का है। हालांकि, गहलोत खुद अध्यक्ष या कार्यकारी अध्यक्ष पद की रेस से अलग होने की बात कर चुके हैं। मुख्यमंत्री का पद छोड़कर शायद ही वे दिल्ली जाएं। पायलट भी राजस्थान छोड़कर कार्यकारी अध्यक्ष बनने के लिए तैयार नहीं है। अब देखना होगा कि कांग्रेस आलाकमान कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए गहलोत या पायलट में से किसे मना पाता है। या दोनों के अलावा किसी तीसरे नाम पर सहमति बनेगी।

### परिवारवाद-वंशवाद के आरोप से कांग्रेस असहज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी की 75वीं सालगिरह पर लाल किले से सीधे तौर पर भ्रष्टाचार के साथ-साथ परिवारवाद का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। उससे देश को लड़ना ही होगा। दरअसल, भ्रष्टाचार के आरोप के मामले में ED सोनिया और राहुल गांधी से कई घंटे पूछताछ कर चुकी है। मोदी ने भ्रष्टाचार के अलावा भाई-भतीजावाद और परिवारवाद का मुद्दा भी उठाया था। ऐसे में राहुल गांधी यह संदेश देना चाहते हैं कि कांग्रेस को गांधी परिवार के अलावा दूसरा व्यक्ति भी चला सकता है।

## 31 अगस्त तक करवा सकेंगे एडमिशन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने प्रदेश में सत्र 2022-23 में प्रवेश से वंचित रहे स्टूडेंट के लिए राज्य सरकार ने एडमिशन डेट 16 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। ऐसे में प्रवेश से वंचित रहने वाले छात्रों को राहत मिलेगी। जुलाई महीने में कई बच्चे प्रवेश प्रकिया से वंचित रह गए थे। ऐसे में 100 प्रतिशत नामांकन और शिक्षा से वंचित चल रहे बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए एडमिशन डेट बढ़ा दी गई है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम पंचायत भावरी
मगनी देवी कलवी
सरपंच
महेश चंद मीणा
ग्राम विकास अधिकारी
प्रवीण कुमार बंसल (उपसरपंच) एवं
समस्त वार्ड पंच, ग्राम पंचायत भावरी

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

कांग्रेस'भारत जोड़ो' अगले माह से...

# यात्रा का मकसद है नफरत की दीवार तोड़ना-कांग्रेस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने %भारत जोड़ो% यात्रा का मकसद देश हित बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसमें समाज के हर वर्ग को शामिल किया जाएगा और देश के समक्ष जो चुनौतियां है, इस यात्रा में सबको साथ लेकर इनसे निपटा जाएगा।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के समन्वय समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह तथा पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने यात्रा का टैगलाइन, पम्पलेट, वेबसाइट का विमोचन करने के बाद यहां पार्टी संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहां कि इस यात्रा में विभिन्न विचारधारा से जुडे सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं और यात्रा मार्ग में जो भी कार्यक्रम होंगे उनमे स्थानीय मुद्दों पर भी विचार किया जाएगा। इसे अब तक की सबसे बड़ी पद यात्रा बताते हुए उन्होंने कहा कि देश में इतने बड़े स्तर पर अब तक कहीं कोई पदयात्रा नही हुई है और न कोई जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। भारत जोड़ो यात्रा का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि इसमें तीन तरह के यात्री होंगे जिनमें 100 पदयात्री %भारत यात्री% होंगे जो शुरू से अंत तक यात्रा में पैदल चलेंगे। इसमें 100 अतिथि यात्री भी रहेंगे जो उन क्षेत्रों के होगें जिन राज्यों से होकर यात्रा नहीं गुजर रही है और तीसरे क्रम में उन राज्यों के 100 यात्री होगें जहां से यह यात्रा गुजर रही होगी। इस तरह से इस पद यात्रा के दौरान 300 यात्री हर समय मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा को लेकर जो पम्पलेट बनाया गया है उसमें यात्रा का पूरा विवरण दिया गया है।

# अब संविधान पीठ तय करेगी- शिवसेना किसकी

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 5 जजों की बेंच 8 सवालों से फैसला करेगी, अगली सुनवाई 25 अगस्त को

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** शिवसेना पर अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को फिर सुनवाई हुई। CJI एनवी रमना, जस्टिस कृष्णा मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली ने शिंदे की शिवसेना बनाम उद्धव की शिवसेना केस को संविधान पीठ को भेज दिया है। तीन जजों की बेंच ने 8 सवाल तैयार किए हैं, जिसके आधार पर संविधान फैसला करेगी कि शिवसेना किसकी है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वह पार्टी सिंबल विवाद पर गुरुवार तक फैसला ना ले। पांच जजों की बेंच इस मामले पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी।

### शिंदे ने अयोग्यता के आरोप को बताया था गलत

पिछली सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि हमारे ऊपर अयोग्यता का आरोप गलत लगाया गया है। हम अभी भी शिवसैनिक हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट में उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि शिंदे गुट में जाने वाले विधायक संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्यता से तभी बच सकते हैं, अगर वो अलग हुए गुट का किसी अन्य पार्टी में विलय कर देते हैं।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com




संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

स्टेट ब्रॉडबैंड कमेटी की पांचवीं बैठक

# प्रदेश में नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन का हो प्रभावी क्रियान्वयन-मुख्य सचिव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि राजस्थान टेलीकॉम सेवाओं की पहुंच एवं विस्तार के मामले में अग्रणी रहा है। सामाजिक एवं आर्थिक विकास की दृष्टि से हर गांव-ढाणी तक गुणवत्ता युक्त ब्रॉडबैंड सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग प्रदेश में नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

शर्मा शासन सचिवालय में नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के तहत गठित स्टेट ब्रॉडबैंड कमेटी की 5वीं बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय बॉडबैंड मिशन के तहत राज्य में ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार के लिए टॉवर लगाने एवं ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के लिए एनओसी, भू-आवंटन सहित आवश्यक कार्यवाही को गति दी जाए। इससे संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का संबंधित विभाग शीघ्रता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि मिशन के तहत गांवों में वर्ष 2022 तक 60 प्रतिशत एवं 2022-23 तक 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जानी है। राजस्थान में जून, 2022 तक ही 91 प्रतिशत गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत निर्धारित सभी लक्ष्य समयबद्ध रूप से हासिल किए जाएं। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट लेवल टेलीकॉम कमेटी की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमेटी की बैठक में ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार को लेकर आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा आवश्यक एनओसी, अनुमति आदि समय पर उपलब्ध करवाई जाए।

शर्मा ने कहा कि गांवों में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए हर ग्राम पंचायत पर एक पब्लिक वाई-फाई एक्सेस प्वाइंट स्थापित किया जा रहा है। साथ ही ग्राम स्तरीय पांच सरकारी कार्यालयों में एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को गति देकर जल्द पूरा किया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वाई-फाई एवं एफटीटीएच कनेक्शन सुचारू रूप से चलें ताकि आमजन को इनका पूरा लाभ मिल सके।

बैठक में बताया गया कि राजस्थान पहला राज्य है जिसने सबसे पहले 5जी सेवाओं के लिए टास्क फोर्स कमेटी का गठन किया है। बैठक में प्रमुख शासन सचिव राजस्व आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास कुंजीलाल मीणा, शासन सचिव स्वायत्त शासन जोगाराम, आयुक्त सूचना एवं प्रौद्योगिकी आशीष गुप्ता, वरिष्ठ उप महानिदेशक दूर संचार विभाग, भारत सरकार सिद्धार्थ पोखरना, निदेशक दूरसंचार मंत्रालय सुनील कुमार सिंहल सहित वन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के अधिकारी तथा बीएसएनएल, बीबीएनएल, टॉवर एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन तथा सेल्यूलर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राज्यपाल मिश्र ने जारी किए आदेश

## विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को अतिरिक्त कार्यभार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने राज्य के 6 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के कार्यकाल समाप्त होने को देखते हुए नवीन कुलपति नियुक्त होने तक वहां का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के आदेश जारी किए हैं।

राज्यपाल मिश्र द्वारा जारी आदेशों के अंतर्गत स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति डॉ. सतीश गर्ग को, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. कन्हैया लाल श्रीवास्तव को, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार कोटा विश्वविद्यालय, कोटा की कुलपति प्रो. नीलिमा सिंह को दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

इसी तरह उन्होंने जगदगुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर की कुलपति प्रो.सुधि राजीव को , महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के कुलपति प्रो. आई वी त्रिवेदी को एवं कृषि विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार कोटा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा सिंह को दिए जाने के आदेश जारी किए हैं। राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के अतिरिक्त कार्यभार के यह आदेश राज्य सरकार की सलाह से जारी किए हैं।

# ब्रह्मा मन्दिर में श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधा-शकुन्तला रावत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** देवस्थान, उद्योग, वाणिज्य एवं राजकीय उपक्रम मंत्री शकुन्तला रावत ने पुष्कर में श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। देवस्थान विभाग मंत्री शकुन्तला रावत अजमेर जिले के प्रवास पर रही।

उन्होंनें पुष्कर में ब्रह्मा मन्दिर तथा सरोवर का अवलोकन किया। ब्रह्मा मन्दिर में भीड़ प्रबंधन के संबंध में अधिकारियों के साथ विचार विर्मश किया। रामदेवरा जाने वाले जातरूओं के कारण दर्शनार्थियों की बढ़ी हुई संख्या के अनुरूप ही व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त मानवीय संसाधन लगाने के लिए कहा। मन्दिर परिसर में बुजुर्ग व्यक्तियों को अति विशिष्ट व्यक्ति मानकर व्यवहार करना चाहिए। उनको दर्शनों के लिए अलग सुविधा उपलब्ध होनी अवाश्यक हैं। उनके परिजनों को भी ऐसी सुविधा मिलने से पूरा परिवार एक साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि पुष्कर सरोवर की पवित्रता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

घाटों पर प्रशासन तथा पुजारियों के निर्देशो का पालन करना चाहिए। रतलाम के बुजुर्ग दम्पति को अपनी गाड़ी तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी। उन्हें रावत ने अपनी गाड़ी में बैठाकर गन्तव्य तक छोड़ा। इसी प्रकार प्यास लगन पर पानी तलाश रही ग्रामीण महिलाओं को शकुंतला रावत ने बोतल से पानी पिलाया। रावत ने ब्रह्मा मन्दिर में सामान्य व्यक्तियों के साथ लाईन में लगकर दर्शन किए। साथ ही दर्शनार्थियों से बार-बार धैर्य के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश कुर्डिया एवं देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

वोटर आईडी से आधार लिंक

# यूपी-एमपी से आगे राजस्थान, 22 दिन में 40% यानी 2 करोड़ पार

**धौलपुर, सवाई माधोपुर, श्रीगंगानगर और अलवर में सबसे ज्यादा लोग जुड़े,**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में 1 अगस्त से चल रहे मतदाता पहचान पत्र से आधार संख्या जोड़ने के अभियान में राजस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दो करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पिछले 22 दिनों में कुल 2 करोड़ 6 लाख 17 हजार 320 फॉर्म 6बी के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं। यानी 40.58 प्रतिशत मतदाताओं के वोटर आईडी आधार से जुड़ चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार 37 विधानसभा क्षेत्रों में 1.30 लाख से ज्यादा आधार संख्या जोड़ी गई है, वहीं 7 विधानसभा क्षेत्रों में यह आंकड़ा 1.5 लाख को पार कर गया है।

आधार संख्या जोड़ने में धौलपुर 71.35 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य का औसत प्रतिशत 40.58त्न है, वहीं सभी विधानसभा क्षेत्रों का औसत 1 लाख 3 हजार 56 है। गौरतलब है कि राजस्थान इस अभियान में नंबर वन पर बना हुआ है। राजस्थान के बाद दूसरे नंबर पर मध्यप्रदेश है और तीसरे नंबर पर उत्तरप्रदेश है। राजस्थान में पांच करोड़ से अधिक वोटर हैं।

- वोटिंग लिस्ट में आपके नाम की स्पेलिंग मिस्टेक, पते या पिता के नाम में त्रुटियां ठीक होंगी।
- ऐसा होने से आपका एक पहचान पत्र और मजबूत होगा।
- बैंक व अन्य त्रुटियों को भी मतदाता पहचान पत्र से सुधारा जा सकता है।
- अभियान से मतदाता पहचान पत्रों की डबलिंग खत्म होगी।
- मतदाता का नाम दो जगह से खत्म होगा।
- वोटर लिस्ट की सेहत सुधरेगी।

ANCHOR | जालोर स्टूडेंट डेथ केस

राज्यपाल से मिलकर 'आप' डेलीगेशन ने सौंपा ज्ञापन

# 1 करोड़ मुआवजा, परिजन को मिले सरकारी नौकरी- मिश्रा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जालोर में दलित बच्चे की स्कूल टीचर की पिटाई से मौत मामले में आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते की है। आप के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा के नेतृत्व में राजभवन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी की भी मांग रखी। मिश्रा ने कहा-पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जालोर में पीड़ित परिवार से मिलकर आया है। उनकी बात सुनी है। वह परिवार दयनीय स्थिति में है। उसे पुलिस-प्रशासन प्रताड़ित कर रहा है।

जालोर में इस तरह की घटनाएं होती रही हैं, तो वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस की तैनातगी होनी चाहिए। मिश्रा ने कहा राजस्थान में हालात गम्भीर हैं। दलितों के खिलाफ 28 फीसदी और आदिवासियों के खिलाफ 40 फीसदी क्राइम बढ़ गया है। राज्यपाल से संज्ञान लेकर गहलोत सरकार को इस तरह की घटनाएं रोकने के निर्देश दें।



### गहलोत दिल्ली में गांधी परिवार की भक्ति छोड़ें

**विनय** मिश्रा ने सीएम गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि गहलोत दिल्ली में गांधी परिवार की भक्ति छोड़कर राजस्थान के लोगों की सुध लें, क्योंकि राजस्थान की जनता ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित परिवार ने आप प्रतिनिधिमंडल से कहा है कि अगर लगता है कि घटना सच नहीं है, मटके और दलित होने की वजह से मारने की बात सही नहीं लगती, तो आसपास के 50 स्कूलों का सर्वे करवा लें। किसी स्वतंत्र टीम से सर्वे करवा लिया जाए। मिश्रा बोले-मैं हैरान हूँ जालोर में BJP भी कांग्रेस सरकार के सपोर्ट में बात कर रही है। जालोर में साधु के सुसाइड करने और सुसाइड नोट में बीजेपी विधायक का नाम लिखने के बावजूद पुलिस ने एक बार भी विधायक को बुलाकर पूछताछ नहीं की। उनको कोई नोटिस नहीं दिया। यह कांग्रेस और बीजेपी का कैसा गठजोड़ है। दोनों मिलकर राजस्थान के लोगों को मूर्ख और बेवकूफ बना रहे हैं। दोनों मिलकर सरकार चला रहे हैं। 1978 के बाद 5-5 साल बारी-बारी से दोनों पार्टियां सरकार चला रही हैं। मिश्रा ने कहा- आप पार्टी ने हाल ही दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और केन्द्र की मोदी सरकार की पुलिस ने हमें वहां प्रदर्शन नहीं करने दिया। दो मिनट में पुलिस उठाकर ले गई। रात के 9 बजे तक हमें थाने में बैठाकर रखा गया। मैं पूछना चाहता हूँ ये क्या गठजोड़ है, इसका जवाब दें।

### मनीष सिसोदिया के यहां CBI छापे बौखलाहट में डाले

**विनय** मिश्रा ने कहा कि देश के हालात इससे समझें कि न्यूयॉर्क टाइम्स दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की तारीफ कर रहा है, दूसरी ओर मोदी सरकार बौखलाहट में उन पर CBI छापे पड़वा रही है। मोदी सरकार शराब माफियाओं पर कार्यवाही करना चाहती है, तो उसे गुजरात में जांच करवानी चाहिए। जहां कई लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। मिश्रा ने कहा कि 10 हजार करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स गुजरात के पोर्ट में पकड़ी जाती है, लेकिन वहां कार्यवाही नहीं होती है। CBI, दिल्ली पुलिस और ED की कार्यवाही केवल विपक्ष के लोगों को टारगेट कर रही है, ताकि जनता की आवाज को दबाया जा सके।

### गांधी जीवन पर हिंदी डबिंग फिल्म गांधी दिखाई जाएगी नि :शुल्क

**जयपुर @ जागरूक जनता।** कला एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज राज मंदिर सिनेमा हॉल में सुबह 9 से 12 बजे तक फिल्म गांधी (निदेशक रिचर्ड एटनबरो) हिंदी डबिंग आमजन को नि:शुल्क दिखाई जाएगी। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि इसी तरह 25 से 31 अगस्त तक आईनॉक्स स्पेस सिटी प्लाजा बनीपार्क में आम जन को फिल्म प्रात: 9 से 12 तक नि:शुल्क दिखाई जाएगी।

इंडिया डे परेडः न्यूयॉर्क में तिरंगा फहराने का वर्ल्ड रिकॉर्ड

# रूमा संग 2 लाख ने फहराया तिरंगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान की इंटरनेशनल फैशन डिजाइनर और सोशल वर्कर डॉ रूमा देवी और फिल्म पुष्पा के अल्लू अर्जुन ने न्यूयॉर्क में सबसे ज्यादा भारतीय तिरंगे फहराने का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। संडे को न्यूयॉर्क सिटी के मैनहटन में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुई 40 वीं 'इंडिया डे परेड' में चीफ गेस्ट फिल्म पुष्पा के स्टार एक्टर अल्लू अर्जुन के साथ ट्रैडिशनल राजस्थानी पोशाक में सेलिब्रेटी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राजस्थान की रूमा देवी शामिल हुई। इस परेड में रूमा देवी और अल्लू अर्जुन के साथ भारत और दुनिया भर के 2 लाख लोगों ने तिरंगा फहराया। रूमा देवी ने नीता जैन और मौजूद गेस्ट्स के साथ 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा संघ' की एक स्पेशल झांकी में हाथों में तिरंगा थामकर स्वाभिमान के साथ खुले आसमां में फहराया।

### वर्ल्ड फेमस परेड में वर्ल्ड रिकॉर्ड

IFA की ओर से भारत से बाहर होने वाली इस सबसे बड़ी परेड में एक साथ सबसे ज्यादा झंडे फहराने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में एंट्री की। रूमा ने हाथों में भारत का तिरंगा थामकर 'जय हिंद, भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए। ओपन रूफ व्हीकल रथ पर सवार होकर निकलीं रूमा और अल्लू अर्जुन ने परेड देखने आए इंडियंस समेत दुनियाभर के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। दूसरा गिनीज रिकॉर्ड डमरू के सबसे बड़े पहनावे के लिए हुआ, जो इस प्रोग्राम में दो सिर वाला ड्रम था।



प्रोग्राम में अल्लू अर्जुन को ग्रैंड मार्शल का प्रतिष्ठित खिताब भी मिला। जिसे टाइम्स स्कायर में LED स्क्रीन पर डिस्प्ले किया गया।

### न्यूयॉर्क मेयर, RANA के प्रेम भंडारी ने भी फहराया तिरंगा

न्यूयॉर्क के मैडिसन एवेन्यू रोड पर हुई इस परेड में 20 तरह की अलग-अलग झांकियो के साथ न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स तिरंगा लहराते हुए नजर आए। जनरल कौंसुलेट ऑफ इंडिया रणधीर जायसवाल, फिल्म एक्टर अल्लू अर्जुन की पत्नी अल्लू स्नेहा, डायरेक्टर हरीश शंकर, सिंगर कैलाश खैर, IFA के अध्यक्ष अंकुर वेद, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) के अध्यक्ष प्रेम भंडारी, बिहार फाउंडेशन के चेयरमैन आलोक कुमार समेत कई जानी-मानी हस्तियों के साथ बड़ी संख्या में भारतीय राष्ट्रध्वज तिरंगा हाथों में लेकर परेड में शामिल हुए।

### वूमन एम्पावरमेंट पर दी स्पीच

इस परेड में अमेरिकन और दुनिया के अलग-अलग देशों के लोग शामिल हुए। परेड खत्म होने पर हुई प्रोग्राम में रूमा देवी को IFA के मुख्य मंच पर इनवाइट किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने NRI भारतीयों को आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की बधाई दी।

### कौन हैं रूमा देवी ?

रूमा देवी राजस्थान के बाड़मेर की सोशल वर्कर, इंडियन ट्रैडिशनल हैंडिक्राफ्ट कारीगर और फैशन डिजाइनर हैं। रूमा और इनकी साथी महिलाओं के बनाए साडी, बेडशीट्स, कुर्ते समेत तैयार कपड़े विदेशों में भी फेमस और डिमांड में हैं। बाड़ेर, जैसलमेर, बीकानेर जिले के करीब 75 गांवों की 22 हजार से ज्यादा महिलाओं को रूमा देवी ने रोजगार से जोड़ा है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। इनके प्रोडक्ट्स का डिस्प्ले लंदन, जर्मनी, सिंगापुर, लोकंबो फैशन वीक्स और न्यूयॉर्क में भी हो चुका है। 1988 में जन्मी रूमा देवी को भारत में महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान "नारी शक्ति पुरस्कार 2018 से सम्मानित किया जा चुका है। 8वीं क्लास में आने पर रूमा ने स्कूल छोड़ दिया था। उन्होंने अपनी दादी से कढ़ाई-बुनाई सीखी। 17 साल की उम्र में शादी कर दी गई।रूमा ने 2006 में अपने गांव की 10 महिलाओं को साथ जोड़कर सेल्फ हेल्प ग्रुप शुरू किया। जिसमें कुशन और बैग बनाने का काम शुरू किया। 2008 में बाड़ेर के ग्रामीण विकास चेतना एनजीओ में शामिल हुईं। 2010 में इसकी अध्यक्ष चुनी गईं। 2010 में दिल्ली के रफी मार्ग पर पहली एग्जीबिशन लगाई। 2016 में राजस्थान हेरिटेज वीक में पहले फैशन शो किया।



# नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ मनाया जन्माष्टमी पर्व



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोसली (हरियाणा)।** फूल हेल्प फाउंडेशन एनजीओ के सदस्यों के द्वारा सैनिक कॉलोनी, कोसली मे महिलाओं और नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था द्वारा दही हांडी फोड़, कृष्ण भजन और डांस कर प्रोग्राम आयोजित किया गया। बच्चो ने राधा और कृष्ण बन बाल लीलाएं कर माहौल कृष्णमय बनाया। इस अवसर पर संस्था सदस्यों द्वारा मिठाई बांट लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के अंत मे फुल हेल्प फाउंडेशन की फाउंडर सोनम गुरुवाल ने कार्यक्रम को खुशनुमा बनाने के लिए आए हुए सभी अतिथियों और दर्शकों का कोटि कोटि धन्यवाद किया। कार्यक्रम मे लाली यादव, कांता देवी, संतोष देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, बबीता, सोनी, अनीता, मुन्नी देवी, पिंकी, प्रेम देवी, उषा देवी, नेहा, आरती, अमीषा, दीपिका, हिमांशी, भूवि, गार्गी व बच्चे शामिल रहे।

## लोहार ने की मुख्य सचिव उषा शर्मा से मुलाकात विशेष पिछड़ा वर्ग समाज विकास पर की चर्चा

**पाली @ जागरूक जनता।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस विशेष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव धन्नाराम लोहार ने मुख्य सचिव उषा शर्मा से भेंट कर अपने मांग पत्र में घुमन्तु गाड़िया लोहार समाज के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ घुमन्तु समुदायों को ज्यादा से ज्यादा दिलवाने, भूमिहीन परिवारों को भूमि व पट्टे दिलवाने, राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महाराणा प्रताप आवास निर्माण योजना में परिवारों को जोड़ने सहित घुमन्तु बोर्ड में सदस्य मनोनीत करने व घुमन्तु जातियों के लिए सरकार की विभिन्न स्वालम्बन योजनाओं से जोड़ कर उनके सामाजिक उत्थान के लिए घुमक्कड़ लोगों को व्यवस्या शुरू करने के लिए सरकार के द्वारा लाभ दिलवाने की मुख्य सचिव से अपने मांग पत्र में मांग की।

### जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान 'जार' का प्रदेश अधिवेशन आयोजित

# पत्रकारों को लिखने की हिम्मत प्रदान करना सरकार और समाज की जिम्मेदारी-कर्नल राज्यवर्धन सिंह

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सच और सटीक लिखने वाले पत्रकारों के सामने सुरक्षा को लेकर चुनौतियां है, पत्रकारों को लिखने की हिम्मत प्रदान करना सरकार और समाज की जिम्मेदारी है।

यह बात पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और जयपुर ग्रामीण के सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोमवार को जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान %जार% के ग्रीनफ़ील्ड रिसोर्ट ताला जयपुर में आयोजित प्रदेश अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि सही ताकतों को एक साथ आना जरूरी है। पत्रकार का पेशा साधारण पेशा नहीं है। जनता की भावनाओं को प्रखर तरीके से रखने वाला पत्रकार होता है। वह केवल नागरिकों के ही नहीं सरकारों के भी आंख और कान होता है।

जयपुर शहर के समीप जमवारामगढ़ के ग्रीन फील्ड रिसोर्ट में आयोजित जार के इस अधिवेशन में उन्होंने डिजिटल मीडिया को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भले ही व्यक्ति मोबाइल पर डिजिटल मीडिया के संपर्क में अधिक रहता है लेकिन किसी भी खबर की पुष्टि में आज भी राजा प्रिंट मीडिया ही है, पाठक 24 घंटे इंतजार करता है और अखबार में लिखी गई बात को ही सटीक व सत्य मानता है।

कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने पत्रकारों की सुरक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुए यह भी कहा कि पत्रकारों को वरिष्ठ पत्रकारों के सानिध्य में ट्रेनिंग की भी जरूरत है जिससे वे उनके अनुभव का लाभ अपने कामकाज में ले सकें और पत्रकारिता को प्रखर बना सकें। इसके अलावा अधिवेशन में कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने 2014 से पहले विज्ञापन के अनियमित बंटवारे पर कहा कि 2014 के बाद उन्होंने अपने मंत्री काल में हिंदी व क्षेत्रीय मीडिया को अंग्रेजी से ज्यादा महत्व दिया, जिसका असर आज यह है कि लुटियंस दिल्ली अब खत्म हो चुकी है। हिंदी और रीजनल के समाचार पत्रों को बढ़ावा मिला।



### 90 प्रतिशत पत्रकार आज भी ईमानदार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी शर्मा ने कहा कि पत्रकार संगठन सरकार के खिलाफ हो सकते हैं लेकिन देश हित के खिलाफ कभी नहीं होते। देश के 90 प्रतिशत पत्रकार आज भी ईमानदार है। जो गैर पत्रकार हैं वही लूटखसोट कर रहे हैं। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए बनने वाला कानून लोकतंत्र की सुरक्षा का कानून होगा क्योंकि लोकतंत्र की रक्षा के लिए ही पत्रकार अपनी कलम चलाता है। उन्होंने कहा कि मीडिया संस्थान वेजबोर्ड नहीं मानते, इसका मतलब 1955 का वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट भी नहीं मानते, ऐसे में वर्किंग जर्नलिस्ट की परिभाषा बची ही नहीं है। किसी भी संगठन से जुड़कर पत्रकारों के हित की बात करने वाले को मीडिया संस्थान नौकरी भी नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि देश में मीडिया कमीशन बनना चाहिए जो पत्रकारों के हालात की लगातार समीक्षा कर उनके संदर्भ में सरकारों को फीडबैक देता रहे।

### झुकेंगे, बिकेंगे नहीं तो कोई पराजित नहीं कर सकता

**मुख्य** वक्ता जार के संस्थापक गोपाल शर्मा ने पत्रकारों की एकजुटता पर बल देते हुए कहां कि आजकल जो पत्रकारिता हो रही है वह पत्रकारिता है भी या नहीं, इस पर भी विचार करना होगा। पहले पत्रकार की कलम से नाराजगी का कोई सिस्टम नहीं था। उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत पत्रकारों के सामने पूरी कैबिनेट के साथ श्रोता बन कर बैठते थे, आज ऐसा नहीं होता। आज के दौर में सच्चे पत्रकार की स्थिति याचक जैसी हो गई है। ऐसे में सही कलम चलाने पर जान की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा और उसका स्वाभिमान से जीना कैसे सुनिश्चित होगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी शर्मा से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय स्तर पर एक वृहद समिति का गठन करें और अगले 3 महीने के अंदर अंदर पूरे देश में पत्रकारों की स्थिति का सर्वेक्षण कर उसकी एक रिपोर्ट केंद्र व राज्य सरकारों को भेजें। उन्होंने पत्रकारों को सीख दी कि यदि हम झुकेंगे नहीं और बिकेंगे नहीं तो कोई हमें पराजित नहीं कर सकता।

### लोकतंत्र में पत्रकारों की अहम भूमिका

जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहां कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। बावजूद इसके पत्रकारों की सुरक्षा व सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पत्रकार सुरक्षा कानून, वर्किंग जर्नलिस्ट्स एक्ट, पत्रकार आवास योजना समेत अन्य पत्रकार हित के मुद्दों को लेकर सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को ज्ञापन देकर केंद्र सरकार से उक्त मांगों के समाधान की मांग की। इस मौके पर पूर्व विधायक जगदीश मीणा, आनंद डालमिया, जार महासचिव संजय सैनी ने विचार रखे। जार जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष जगदीश शर्मा, महासचिव बजरंग शर्मा, संरक्षक रामजी लाल शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पत्रकारों को सम्मानित किया।

### लंपी स्कीन डिजिज: 26 हजार गौवंश की हुई मौत, 6 लाख से ज्यादा संक्रमित हुए

# लंपी से लड़ने 500 डॉक्टर-LSA भर्ती करेगी सरकार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में गायों पर लंपी का कहर फैल गया है। 6 लाख से ज्यादा गाय इस वायरस से संक्रमित हो चुकी हैं। करीब 26 हजार ने दम तोड़ दिया है। यह सरकारी रिकॉर्ड का आंकड़ा है। राज्य के 30 जिलों के गौवंश-पशु लंपी की चपेट में आ चुके हैं। अब सरकार कोरोना की तर्ज पर अर्जेंट-टेम्परेसी बेसिस पर वेटरनरी डॉक्टर्स और पशुधन सहायक (LSA) की 500 पोस्ट पर भर्ती करने जा रही है। वेटेरनरी डॉक्टर्स की नियुक्ति 39300 रुपए प्रति माह पर केवल 3 महीने के लिए होगी। 20 से 40 साल तक के डॉक्टर्स इसमें अप्लाई कर सकते हैं। 24 और 25 अगस्त को पशुपालन विभाग में कैंडिडेट्स को एप्लीकेशन फॉर्म के साथ बुलाया गया है। इसी तरह 300 पशुधन सहायकों को भी टेम्परेरी लगाया जाएगा। इसके अलावा 19 मार्च को 1136 पदों पर शुरू हुई पशुधन सहायक भर्ती के पदों में बढ़ोतरी करते हुए इसे 1436 किया गया है। साथ ही अजमेर,भरतपुर और बूंदी में गायों को गोटा-पॉक्स वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया है।



### कछुआ चाल से भर्ती और मेडिसिन खरीद का फंड सेंक्शन

**अब** सवाल यह खड़ा होता है कि मई में जालोर और जैसलमेर में लंपी के केस सामने आ गए थे। करीब 3 महीने बाद पशुपालन विभाग में पशुधन सहायक और वेटेरनरी डॉक्टर्स की अर्जेंट-टेम्परेसी बेस पर भर्ती की तैयारी की है। केसों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ने पर विभाग ने अब जाकर कोरोना की तर्ज पर अस्थाई आधार पर भर्तियां करने का फैसला लिया है। परमानेंट भर्ती नहीं करना पशुओं और गौवंश के लिए अपनाई जा रही कोताही को साफ दिखाता है। इसी तरह लंपी से निपटने के लिए मेडिसिन की खरीद में भी ढिलाई और कोताही बरती गई है। इमरजेंसी में मेडिसीन खरीदने के लिए केवल 1.40 करोड़ का एडिशनल फंड प्रदेश में संेक्शन किया है। इसमें भी जोधपुर, बीकानेर और अजमेर में 8 से 12 लाख रुपए, बाकी सभी प्रभावित जिलों में 2 से 8 लाख रुपए तक फंड रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले केवल 50-50 हजार रुपए ही जिलों को दिए गए थे। लंपी से निपटने की दवा खरीदने में जिलों को भामाशाहों की मदद भी लेनी पड़ी है। अब तक भामाशाहों की मदद से 16 लाख रुपए की दवाईयां खरीदी गई हैं।

### 1436 पशुधन सहायक, UTB पर 300 LSA, 200 वेटेरनरी डॉक्टर्स होंगे नियुक्त

**पशुपालन** मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा- 'ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों पर एक्सट्रा सतर्कता बरती जाए। अधिकारी फील्ड में रहें और हर हालात पर नजर रखें। राज्य सरकार जल्द 1 हजार 436 पशुधन सहायक को नियुक्त कर रही है। अर्जेंट ट्रेम्परेरी बेसिस पर 300 LSA और 200 वेटेरनरी डॉक्टर की अस्थाई नियुक्ति भी जल्द कर दी जाएगी। पशुपालन विभाग के सभी ऑफिस सरकारी छुट्टी के दिनों में भी खुले रखने के निर्देश दे दिए हैं। गांव-गांव में जागरूकता की एक्टिविटी चलाने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक और जिला स्तर पर राउंड द क्लॉक कंट्रोल रूम चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों को गौशालाओं और प्रभावित क्षेत्रों का कंटीन्यू दौरा करने को कहा है। गौशालाओं में साफ-सफाई, संक्रमित पशुओं के आइसोलेशन सेंटर, दवाइयों की उपलब्धता, मरे हुए पशुओं के निस्तारण, जागरूकता गतिविधियों सहित कई पॉइंट्स पर रिव्यू किया है। उरमूल डेयरी की भी मदद ली जाएगी।'

### वैक्सीन की 5 लाख से ज्यादा डोज आई, वैक्सीनेशन शुरू


पशुपालन विभाग के सचिव पीसी किशन ने कहा- '25 लाख वैक्सीन की जरूरत आंकी गई है, प्रदेश में 10 लाख 70 हजार वैक्सीन का ऑर्डर दिया गया है। उसमें से 5 लाख से ज्यादा वैक्सीन आ चुकी हैं। अजमेर, भरतपुर, बूंदी में वैक्सीनेशन स्टार्ट किया गया है। जहां पर ज्यादा वायरस संर्‍ मण है, वहां वैक्सीनेशन नहीं किया जा सकता है। अभी केन्द्र ने गोट पॉक्स वैक्सीन भेजी है। यह लगभग 60 परसेंट इफेक्टिव है। यह वैक्सीन एक तरह से अल्टरनेटिव अरेजमेंट है। क्योंकि लंपी की प्रॉपर वैक्सीन अब तक नहीं आई है। गौवंश की ज्यादातर मौत का कारण लंपी संर्‍ मण के अलावा एंटी बायोटिक का हैवी डोज, झोलाछाप डॉक्टर और बिना सुपरविजन के वैक्सीनेशन करना है।'

# राजकीय कांवटिया चिकित्सालय में मनाया गया स्वाधीनता दिवस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आजादी की 75वीं वर्षगाठ पर राजकीय कांवटिया चिकित्सालय में स्वाधीनता दिवस मनाया गया और झण्डारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कांवटिया चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेन्द सिंह तँवर द्वारा चिकित्सालय प्रांगण में झण्डारोहण किया गया। चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अपने भाषण में वीर शहीदो को याद करते हुये स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी गई और सभी अधिकारी/कर्मचारी को समयानुसार डयूटी करने एवं मरीजों के साथ विनम्र व्यवहार करने के बारे में कहा गया। इस दौरान दिलीप सिंह, थानाधिकारी, शास्त्री नगर जयपुर, डॉ. प्रदीप मीना, वरिष्ठ आचार्य, औषध विभाग डॉ. जितेन्द्र जोषी, अति. चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. नसरीन भारती, उप अधीक्षक, डॉ. धीरज वर्मा,उप अधीक्षक, डॉ. महावीर जांगिड, डॉ. सीताराम जिन्दल, डॉ. कैलाष कुमार महरानियां, डॉ. अंजली ब्रिज, डॉ. सुनीता जैन, डॉ. भूमिका पाठक, हुक्माराम जाट, हीरालाल वर्मा, अजय कुमार मीणा, भवानी प्रसाद शर्मा यजुवेन्द्र सिंह यादव, कैलाश गुर्जर, नेकीराम, पृथ्वी सिंह, सुरेश बारी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहें। इस कार्यक्रम में डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा, डॉ. आस्था शर्मा, डॉ. अनुमेहा गुलाटी, मनोज कुमार शर्मा, अनीता कुमारी पुत्री सहीराम, नर्सिंग ऑफिसर, शशिकांत बबेरवाल, सुरेश कुमार जाट, आशीष अग्रवाल, पवन सोमावत, कार्यालय स्टाफ एवं वरिष्ठ सलाहकार, अखिल भारतीय राजस्थान सहायक कर्मचारी महासंघ उपषाखा-कांवटिया अस्पताल, कुंती बाई मीना, प्रमोद कुमारी, ललिता टांक, सुबिता कुमारी सुण्डा, पंकज जांगिड, विजय कुमारी शर्मा, उज्जवल शर्मा, मो. आमीन जोया, लक्ष्मण यादव, श्रवण सिंह तंवर, अनिल कुमार पंजाबी, जगदीश प्रसाद शर्मा, शांति देवी को उनकी चिकित्सा विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिये दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ. जितेन्द्र जोशी, खुशीराम, दिव्या शर्मा, मोनिका रॉय को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज जयपुर में प्रिंसिपल द्वारा उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिये दक्षता प्रमाण पत्र दिये गये है। इस मौके पर चिकित्सालय परिसर में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई।



पवन सोमावत का सम्मान।

# मीना की लिखी पुस्तकों के लाखों दिवाने

### जनहित में हजारों पुस्तकों का किया वितरण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बामनवास।** लेखक सुरेश चंद मीना ने जन जागरूकता के लिए अलग-अलग समय पर 3 पुस्तकों का लेखन किया है। वहीं मीना ने अब तक 20 हजार पुस्तकें जनहित में लोगों को निशुल्क वितरण की है। मीना ने कहा कि अभी पुस्तकों का और भी वितरण किया जाएगा। मीना ने बताया कि मेरी पुस्तकों को पढ़कर लोग जागरूक हो, अंधकार से ऊपर उठे, एक सही मार्ग दर्शन पाकर सही रास्ते चले। मीना की 3 पुस्तकें प्रकाशित हुई है, जिनमें मेरी आवाज, मेरा हक और ज्ञानदीप। उनका कहना है कि पुस्तक में शिक्षा का भी महत्व बताया गया कि बिन शिक्षा सब पशु के समान अच्छा है जीवन आधार शिक्षा बिना जीवन बेकार। लोग सामाजिक कुरीतियों को दूर कर सकें, एक नई जनचेतना मेरे पुस्तक लिखने का उद्देश्य ही लोगों में जागरूकता जागे जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण संबंधित ज्ञान का बोध कराना गहरा था। जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराने बूंद-बूंद जल बचाएं जल है तो कल है। बढ़ती जनसंख्या वृद्धि सभी समस्याओं की मूल समस्या है। बाल विवाह दहेज जैसी कुप्रथा है भ्रूण हत्या इन सब बुराइयों को दूर करने के लिए मेरी पुस्तकों के माध्यम से लोगों को आगाह किया सामाजिक सौहार्द भाईचारा बढ़ाने की प्रेरणा इन के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का पूरा पूरा प्रयास किया गया है।

## जयपुर जिले में 70 हजार 85 खिलाड़ियों के लिये पांच हजार 226 टीमों का किया गठन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्र के सभी आयु वर्ग के महिला एंव पुरूष खिलाड़ियों को खेल प्रतिभाओं में सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जयपुर जिले में राजीव गांधी ग्रामीण ऑलम्पिक खेल का आयोजन 29 अगस्त से पांच अक्टूबर तक किया जायेगा। जिला खेल अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि जिले में सभी ग्राम पंचायत वार टीमों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती से खेलों की तैयारी एवं ग्राम पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में स्थित विद्यालयों में उपलब्ध खेल सामग्री का उपयोग करते हुए खेलों के लिए गठित की गई टीमों के द्वारा खेलों का पूर्व अभ्यास शुरू कर दिया गया है ताकि अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया जा सके।



# महिला समानता दिवस पर होगा ''महिला निधि'' का शुभारम्भ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महिला समानता दिवस (26 अगस्त, शुक्रवार) के अवसर पर होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वयं सहायता समूह सदस्यों की प्रथम महिला निधि ''राजस्थान महिला निधि कॉपरेटिव क्रेडिट फैडरेशन'' का लोकार्पण करेंगे। जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी, कन्वेशन हॉल में प्रातः 12.00 बजे से पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री रमेश चन्द मीना की उपस्थिति में होने वाले इस समारोह में स्वयं सहायता समूह एवं विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित 10,000 महिलाएं शामिल होंगी। साथ ही कई वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की प्रमुख शासन सचिव अपर्णा अरोरा ने महिला समानता दिवस के अवसर आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय समारोह की श्रृंखला के सम्बन्ध में आयोजित एक प्रेसवार्ता में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण से सम्बन्धित कई फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा एवं योजनाओं का शुभारम्भ किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण वीसी के माध्यम से जिला मुख्यालयों पर भी किया जायगा एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से सीधा संवाद भी होगा। कार्यक्रम में राजीविका कम्युनिटी केडर को उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

अरोरा ने बताया कि पांच दिवसीय समारोह का आगाज मंगलवार को जवाहर कला केन्द्र में महिला स्वयं सहायता समूह उत्पादों की पांच दिवसीय प्रदर्शनी से होगा। प्रदर्शनी में राज्य के विभिन्न जिलों से एवं दूसरे राज्यों से आये स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों की स्टॉल लगायी जायेंगी। उन्होने बताया कि बुधवार को ''2025 तक सम्पूर्ण महिला समानता'' विषय पर परिचर्चा का आयोजन राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, दुर्गापुरा में राजस्थान के महिला जन संगठनों के साथ होगा। गुरूवार, 25 अगस्त को को ''महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय परिचर्चा'' जेईसीसी, कन्वेशंन हॉल, सीतापुरा में प्रातः 10.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक होगी। महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय परिचर्चा में राजीविका स्वयं समूह की लगभग 1200 महिलाएं तथा ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं, नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन की महिला लाभार्थी सम्मिलित होंगी। इस परिचर्चा में राजीविका की कम्युनिटी केडर यथा कृषि सखी, पशु सखी, बैंक सखी, बिजनेस करस्पोण्डेण्ट, डिजीपे सखी, समूह सखी तथा समुदाय संगठनों की पदाधिकारी व कर्मचारी भी सम्मिलित होंगी। प्रमुख शासन सचिव अरोरा एवं राज्य मिशन निदेशक राजीविका मंजू राजपाल ने पत्रकारों द्वारा सवाल किए जाने पर राजीविका में नवाचार, महिला स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली, उनको बाजार उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

### पहली पोथी सम्मान समारोह

# अमृत की बूंद है ये पुरस्कार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** पहली पोथी सम्मान योजना समारोह-2022 एम.आई.रोड स्थित एक निजी होटल में सम्पंन हुआ। सम्मान समारोह के अंतर्गत 2022 के विजेता भोपाल निवासी विजयकांत वर्मा को उनकी काव्य कृति आठवां सुर के लिए 11000 रुपए नगद, श्रीफल, स्मृति चिन्ह तथा शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इतिहास के प्रोफेसर एवं हिंदी के जानेमाने साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र डी सोनी, विशिष्ट अतिथि हिंदी- राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार कल्याण सिंह शेखावत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं अनुवादक एस.भाग्यम शर्मा ने की। विजेता रचनाकार प्रोफेसर विजय कांत वर्मा इस पुरस्कार को प्राप्त कर अभिभूत होते हुए अपने जीवन में अमृत की बूंद के समान बताते हुए इस पुरस्कार की गरिमा बढ़ाई। निर्णायक मंडल 2022 के सदस्य एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुरेंद्र डी सोनी ने विजेता को बधाई देते हुए एवं योजना की अनूठी सोच की प्रशंसा की। निर्णायक मंडल 2022 के सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि कल्याण सिंह शेखावत ने साहित्य के हित में इस प्रकार की पहल को बहुत ही अच्छा बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ साहित्यकार एस भाग्यम शर्मा ने वरिष्ठ साहित्यकारों के लेखन को सम्मानित कर उसे समाज के समक्ष लाने के लिए नूतन गुप्ता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों स्वागत करते हुए संस्थापिका नूतन गुप्ता ने पहली पोथी सम्मान योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए विजेता को बधाई दी।

## कोविड टीकाकरण में 210.31 करोड़ से अधिक टीके लगे

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 210 .31करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक दो अरब 10 करोड़ 31 लाख 65 हजार 703 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 8586 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 96 हजार 506 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.22 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.19 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 9680 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 37 लाख 33 हजार 624 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.59 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 3 लाख 91 हज़ार 281 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 88 करोड़ 31 लाख 16 हजार 790 कोविड परीक्षण किए हैं।

## जागरूक खबरें

### 15वीं राजस्थान विधानसभा के सप्तम सत्र की पुन बैठक 19 सितंबर को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** 15वीं राजस्थान विधानसभा के सप्तम सत्र की पुन बैठक 19 सितंबर को प्रातः11 बजे से होगी। गौरतलब हैं कि 15 वी राजस्थान विधानसभा के सप्तम सत्र की बैठक 28 मार्च को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी। इस संबंध में राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने राजस्थान राजपत्र में 21 अगस्त को अधिसूचना प्रकाशित करवाई है। सत्र चार-पांच दिन चलने की संभावना है। इसमें गहलोत सरकार की ओर से कई विधेयक पेश किए जाएंगे। इससे पहले कांग्रेस और भाजपा अपने अपने विधायक दल की बैठकें बुलाएगी और इसमें सत्र के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति पर मंथन होगा।

### डीआईपीआर में सूचना सहायक के 38 नवीन पदों का होगा सृजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में सूचना सहायक के 38 नवीन पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस स्वीकृति से विभाग में सूचना सहायक के जिला स्तर पर 35 पद, मुख्यालय पर 2 पद एवं नई दिल्ली स्थित कार्यालय में 1 पद सहित कुल 38 नवीन पद सृजित होंगे। मुख्यमंत्री की स्वीकृति से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्र मों एवं उपलब्धियों का सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार की नवीन तकनीकों के माध्यम से और अधिक प्रभावी तरीके से प्रचार-प्रसार हो सकेगा। सभी जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालयों के जरिए जिलों में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक तुरंत पहुंच सकेगी। सूचना सहायक सोशल मीडिया के जरिए अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारियां पहुंचाकर लाभान्वित कर सकेंगे।

## सम्मान समारोह में राजवी का किया स्वागत



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री जगदंबा मातेश्वरी मंदिर समिति नया खेड़ा के अध्यक्ष भवर सिंह सचिव नवरतन सिंह द्वारा आयोजित अतिथि सम्मान समारोह में विद्याधर नगर विधायक नरपत सिंह राजवी, अभिमन्यु सिंह राजवी को समिति द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ में चेयरमैन रश्मि राजेंद्र सैनी, पार्षद प्रेम देवी, मंडल अध्यक्ष ताराचंद शर्मा, पार्षद रूप कंवर, पार्षद सुरेश जांगिड़, पार्षद दिनेश कांवट, पार्षद रणवीर सिंह राजावत, हरिओम जन सेवा समिति प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, कुलदीप सिंह जोड़ी युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू मीणा आदि अतिथि गण पधारे समिति द्वारा इनको दुपट्टा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के कोशाध्यक्ष इंद्र सिंह भागीरथ सिंह हेमन्त सिंह नरेंद्र सिंह गणपत सिंह महिला मंडल की विमला देवी प्रतिभा कवर नीरज कवर आशा कवर आदि मौजूद रही।

## ओरिएंटेशन प्रोग्राम "ऊर्जा-22" में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को 8 दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट की कार्यशाला ÷ऊर्जा-22÷ के दूसरे दिन मोटिवेशनल लेक्चर, सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप, पर्सनालिटी डेवलपमेंट टिप्स और डांस क्लासेज आयोजित किए गए। कार्यक्रम में डीसीपी सुनीता मीणा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के कई तरीके बताए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में किसी भी दशा में आपा ना खोएं। धैर्य रखते हुए साहस से काम लें। कार्यक्रम की शुरुआत योगा ट्रेनर डॉ. श्वेता त्रिपाठी ने छात्राओं को योगा व मेडिटेशन करवा कर की। प्रथम सत्र में बिवास मुखर्जी ने छात्राओं को सकारात्मक रहने की सलाह देते हुए कहा कि सारा खेल हमारी सोच का है। जैसी हमारी सोच होगी, वैसा ही हमारा जीवन होगा। इसी के साथ डॉ. भारती शर्मा ने छात्राओं को बियानी टीवी और कम्यूनिटी रेडियो सेल्फी के बारे में जानकारी दी।दूसरे सत्र में राजस्थान फिल्म फेस्टिवल की ओर से छात्राओं के टेलेंट को बढ़ावा देते हुए उन्हें स्टेज परफोर्मेंस के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम के अंत में डांसर नवीन ने छात्राओं को डांस के स्टेप्स सिखाए।

## गोगा नवमी पर केसरिया कंवर के मेले में उमड़े श्रद्धालु

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**खारिया खंगार।** नवमी पर्व पर खारिया खंगार में जाहरवीर केसरिया कंवर का मेला भरा गया। गत दो सालों से कोरोना की वजह से यह मेला आयोजित नहीं हुआ। इस बार हजारों श्रद्धालुओं ने देवरे पर धोक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। शनिवार की सुबह से ही गोगा नवमी के दिन श्रद्धालु अपने घरों में केसरिया कंवर का भोग का प्रसाद खीर-पुड़ी और हलवा आदि पकवान बनाकर मंदिर पर चढ़ाने पहुंचे। इस मौके पर आयोजक समिति के महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि ग्रामीणों ने अपने परिवार और गौवंश पर आयी विपदा के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस बार भव्य जागरण का आयोजन भी किया गया। केसरिया कंवर के मेले में गांव रजलानी, पालड़ी, बासनी, देवनगर,आदि से श्रद्धालु पहुंचे। और बताया की किसी भी व्यक्ति को जहरीला जानवर खा जाये और यहा आता है तो भोपो द्वारा विशेष जाड़ा और दंत से विष को निकालकर व्यक्ति को चमत्कार के साथ स्वस्थ कर दिया जाता है मेले में राजस्थानी लोक गायक मुकेश दधवाड़ा, जसाराम एवं पार्टी ने गोगाजी, केसरिया कंवर महाराज और सच्चियाई माता के सुरमयी भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जागरण में भोपों ने लोहे की सांकलों से पीठ पर वार करके नृत्य किया। भजन संध्या में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह

# बुजुर्गों की सोशल सिक्योरिटी हमारी ड्यूटी-गहलोत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा- बुजुर्गों को सोशल सिक्योरिटी देना सरकार की ड्यूटी है। यह कोई अहसान नहीं है। दुनिया के कई मुल्कों में उन्हें वीकली पैसा मिलता है। हमारी सरकार करीब 1 करोड़ लोगों को पेंशन दे रही है। उसमें ज्यादातर बुजुर्ग हैं। पहले इनकी संख्या 27 लाख थी। दायरा बढ़ाकर ज्यादा लोगों को राहत देने के लिए हमने कई शर्तें हटा दीं हैं।

मैंने भारत सरकार और पीएम मोदी से मांग की है कि अपनी नीति में बदलाव करो। भारत सरकार 15-20 साल से पेंशन के 200-300 या 400 रुपए देती आ रही है। महंगाई के जमाने में ये क्या मायने रखते हैं? राशि बढ़ाई जाए। हम तो 1000 रुपए देते हैं। गहलोत मानव सेवा ट्रस्ट की ओर से जयपुर के दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान संस्थान में हुए राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

गहलोत बोले- आज जिस बिल्डिंग में हम बैठें हैं, इसमें मजदूर का पसीना लगा है। उस मजदूर का जब शरीर साथ नहीं देता, तब उसकी पेंशन नहीं होती। न इतना धन इकट्ठा होता है, जिससे वह परिवार चला सके। उस पर क्या बीतती है, सोच सकते हैं। वो चिन्ता से घिरा रहता है। इसलिए सरकारों की ड्यूटी है कि उनकी सोशल सिक्योरिटी करे। ताकि वह आराम से जीवन जी सके।

उन्होंने कहा- महंगाई के हिसाब से महंगाई भत्ता भी मिलना चाहिए। कोरोना के बाद महंगाई और बढ़ गई है। महंगाई और बेरोजगारी दो मुद्दे देश के सामने हैं। महंगाई की मार ऐसी है कि घर चलाना मुश्किल हो गया है। दाल समेत हर चीज महंगी हो गई है। गहलोत ने रेलवे में बुजुर्गों को टिकट पर मिलने वाले कन्सेशन को बंद करने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा- रेलवे की छूट बुजुर्गों को नहीं मिल रही यह बहुत मार्मिक बात है। मैंने सोशल मीडिया पर आलोचना भी की। यह भारत सरकार ने गलत कदम उठाया है। 30-40 परसेंट जो भी उन्हें छूट मिलती है, उसे खत्म कर दिया। राजस्थान में हम तो बुजुर्गों, महिलाओं को बसों में छूट देते हैं। रक्षाबंधन पर फ्री बस यात्रा भी करवाते हैं।



### वरिष्ठजन कल्याण बोर्ड और मां-बाप की अनिवार्य सेवा करने का कानून

गहलोत ने कहा- हमने वरिष्ठ जन कल्याण बोर्ड बनाया है। कानून में मां-बाप की सेवा करना जरूरी किया है। कई परिवारों में बच्चे माता-पिता की सेवा कई कारणों से नहीं करते हैं। हमने पाबंद किया कि आपको सेवा करनी पड़ेगी। नहीं करोगे तो सजा हो सकती है। 10 हजार रुपए तक महीने का भत्ता देना पड़ेगा। गुजारा भत्ता कोर्ट तय करेगा। 6 महीने की सजा का भी प्रोविजन है। जो बच्चे माता-पिता की प्रॉपर्टी लेकर बैठ गए और सेवा नहीं करते हैं, तो माता-पिता अपने बच्चे से प्रॉपर्टी को वापस ले सकते हैं।

### पेंशन, दवाई, अनाज रेवड़ी है तो ये रेवड़ी गहलोत और हम बांटेंगे

**सामाजिक** न्याय अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा- आज देश में बहुत बड़ी बहस छिड़ी हुई है। मोदी जी कह रहे हैं सेवा रेवड़ी है। ये रेवड़ी नहीं है, सेवा है। ये सेवा अशोक गहलोत कर रहे हैं। पेंशन, दवाई, अनाज रेवड़ी है, तो ये रेवड़ी अशोक गहलोत और हम बांटेंगे। बुजुर्ग, महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों और हर वर्ग की टीस अशोक गहलोत में है। वह प्रदेशवासियों का कर्ज उतारना चाहते हैं। ये रेवड़ी है, तो पीएम ने अपने उद्योगपति मित्रों के अरबों-खरबों रुपए एक दस्तखत करके माफ कर दिए। वह बुजुर्गों की सेवा करने का माद्दा रखें। इनकी मदद करके देखें। फिर रेवड़ी है, क्या है? ये पता चलेगा।

### मेंटेनेंस, बीसलपुर पम्पिंग स्टेशन पर शटडाउन

## आज शाम पेयजल सप्लाई रहेगी बाधित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर शहर में आज 40 फीसदी एरिया में पीने के पानी की सप्लाई नहीं होगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) की ओर से बीसलपुर-जयपुर वॉटर सप्लाई लाइन पर बने पम्पिंग स्टेशन पर वाल्व (एनआरवी) बदलने तथा सेन्ट्रल पार्क पम्पिंग स्टेशन पर कॉमन हैडर के वाल्व की ठीक करवाने का काम करवाया जाएगा। इसके कारण 24 अगस्त को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। पीएचईडी से मिली रिपोर्ट के मुताबिक इस शटडाउन के कारण जयपुर शहर में जहां शाम के समय पीने के पानी की सप्लाई होती है, वह नहीं होगी। इससे मालवीय नगर सेक्टर 1, 2, 3, 4, ए, सी और एस ब्लॉक, बरकत नगर, आनंदपुरी, जनता कॉलोनी, जवाहर नगर सेक्टर 4, 5, 6, सिंधी कॉलोनी, गुरूनानकपुरा आदर्श नगर, गोपालबाड़ी, मारवाड़ी कच्ची बस्ती, एवरेस्ट कॉलोनी और लालकोठी एरिया में कल शाम को पीने का पानी नहीं आएगा। इसी तरह गोपालपुरा बाइपास स्थित 10-बी स्कीम, गोपाल नगर, सूर्या नगर, महेश नगर सी ब्लॉक, शारदा कॉलोनी, भगवती नगर-2, बाल नगर, शांति नगर, बजरंग विहार, जगतपुरा, सिद्धार्थ नगर, अशोकपुरा, सुशीलपुरा, बंजारा बस्ती, राजेन्द्र नगर, कृष्णा नगर, आनंद नगर, हनुमान नगर एक्सटेंशन, इन्द्रपस्त कॉलोनी, लोहिया कॉलोनी, हनुमान नगर-डी, हसनपुरा क्षेत्र के अधिकांश एरिया में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसके अलावा मुरलीपुरा का आंशिक क्षेत्र, झोटवाड़ा के निवारू क्षेत्र, बासबदनपुरा, घाटगेट, ब्रह्मपुरी का आंशिक एरिया, चैकड़ी विश्वेश्वर जी, मोदी खाना सहित परकोटा क्षेत्र में भी आज शाम सप्लाई प्रभावित रहेगी।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का दो दिवसीय दौरा

## संचालित योजनाओं की होगी समीक्षा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा 24 और 25 अगस्त को राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग हेतु संचालित आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण की योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला के नेतृत्व में उपाध्यक्ष अरूण हलदर, सदस्य सुभाष रामनाथ पारधी, डॉ. अंजू बाला तथा आयोग के वरिष्ठ अधिकारी दो दिवसीय दौरे पर जयपुर आएंगे। शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ. समित शर्मा ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष सांपला 24 अगस्त को जयपुर कलक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में प्रातः 11 बजे प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के वर्तमान व भूतपूर्व सांसदों एवं विधायकों के साथ तथा दोपहर 12 बजे राज्य के अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ कार्यरत संघ एवं गैर सरकारी संगठनों के साथ बैठक की चर्चा करेंगे। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।इसके बाद आयोग दोपहर 2:30 बजे शासन सचिवालय के मुख्य भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में 17 विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग हेतु संचालित आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेगा।



### अकरूर जी की निकाली भव्य झांकी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री गोविंद देव जी द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा मे श्री वार्ष्णेय समाज वार्ष्णेय स्पोर्ट्स क्लब के सयोजक संजय वार्ष्णेय के अथक प्रयासों से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री वार्ष्णेय शिरोमणि अक्रूर महाराज जी की मनमोहक भव्य झांकी निकाली गई। शोभायात्रा श्री गोविंद देव जी से प्रारंभ होकर गोपीनाथ जी मंदिर चांदपोल पर समापन हुआ। स्पोर्ट्स क्लब के कमल गुप्ता ने बताया कि शोभायात्रा का पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, कालीचरण सराफ, मुख्यमंत्री आशोक गहलोत द्वारा स्वागत किया, वसुंधरा राजे ने विद्याधर नगर के बने राधा कृष्ण स्वरूप बच्चों का भव्य स्वागत, सम्मान किया।

### विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर एवं बूंदी नगर परिषद के संयुक्त तत्वाधान में संचालित इंदिरा रसोई देवपुरा

# भोजन गुणवत्ता की कलेक्टर ने की तारीफ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**देवपुरा (बूंदी)।** बूंदी नगर परिषद एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में इंदिरा रसोई देवपुरा का संचालन सुव्यवस्थित एवं जिले में इंदिरा रसोइयों को मॉडल रूप देकर संचालित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अभिनव योजना प्रदेश में ÷कोई भी भूखा ना सोए÷ को लेकर सोसाइटी नियमानुसार निर्धन,गरीब, भूखे, व्यक्तियों को 8 रुपए में खाना खिला कर उन्हें भोजन हेतु सुविधा मुहैया कराई जा रही है। भोजन करने वाले लाभार्थियों से संचालक संस्था के कंप्यूटर ऑपरेटर प्रत्येक व्यक्ति के नाम, स्थान, मोबाइल नंबर एवं फोटो खींचकर उन्हें भोजन की व्यवस्था प्रदान कर रही हैं। देवपुरा बूंदी इंदिरा रसोई द्वारा दिए जाने वाले खाने की हर कोई तारीफ कर रहा है। यहां के खाने की गुणवत्ता और मात्रा का पूरा-पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इंदिरा रसोई देवपुरा के औचक निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर करतार सिंह, बूंदी, उपखंड अधिकारी, बूंदी नगर परिषद के आयुक्त महावीर सिंह सिसोदिया के अलावा निरीक्षण के दौरान उपस्थित हुए अधिकारियों ने कार्य की प्रशंसा कर इंदिरा रसोई पर विभिन्न कार्यों को कराए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए। औचक निरीक्षण के दौरान संजय कटारा, अध्यक्ष विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर भी मौजूद रहे। उनके द्वारा प्राप्त निर्देशों को यथा शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

साथ ही इंदिरा रसोई की प्रभारी मैडम दीप्ति से मार्गदर्शन चाहा गया। सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा बताया गया, इंदिरा रसोई पर कार्यरत कार्मिक स्वयं सहायता समूह के सदस्य अपनी पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने कार्य में लगे हुए हैं। साथ ही हाडोती बूंदी में भारी बारिश के चलते निचली बस्तियों में बरसाती पानी आने से लोगों की परेशानियों को देखते हुए इंदिरा रसोई देवपुरा द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सरकारी निर्देश पर भोजन के पैकेट तैयार करके भिजवाए जा रहे हैं।

### 8 अगस्त को सोशल मीडिया पर चलाई मुहिम : आयुर्वेदिक लापसी, बाजरी के सोगरे और लड्डू बनाकर औषधी के रूप खिला रहे गौ वंश को

# लंपी स्किन डिजिज रोकने के लिए युवा कर रहे भरसक प्रयास

**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** कस्बे सहित क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लंपी स्किन के बढ़ते प्रकोप और इसकी वजह से निरंतर मौत के मुंह में जा रही गायों की जान बचाने के लिए स्थानीय आमजन और युवावर्ग भी पूरी शिद्दत से जुटा हुआ है। पीपाड़ शहर में गो सेवार्थ में लगी टीम के शिक्षाविद और समाजसेवी किशन टाक ने बताया की सभी के जन सहयोग से आयुर्वेदिक लापसी बनाई गई जो दवा के रूप में आसपास के इलाकों से आये गौवंश को खिलाई गई। पीपाड़ शहर लोड़ी भाड़ी बेरा के पास स्टेट



हाईवे पर बनाये गये अस्थाई क्वारंटाइन सेंटर पर अब तक 130 गौवंश को इलाज के लिए लाया गया और 50 गौवंश को पूर्ण रुप से स्वस्थ कर दिया गया है। मिशन में रामेश्वर अशोक नगर और रामस्वरूप कच्छावाह रिया सेठो की डॉक्टर के रूप मे सेवा दे रहे है जनसहयोग से अब तक दो लाख से ज्यादा सहयोग राशि सेवा के लिए प्राप्त हुई है। सोशल मीडिया पर भी खुब लोगो का सहयोग प्राप्त हो रहा है। पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह कच्छावाह ने निरीक्षण कर सभी का हौसला अफजाई की और बताया कि इसमें सभी शहरवासी के साथ कई सरकारी नौकरी करने वाले युवा भी अपना तन मन धन से सहयोग प्रदान कर रहे है। इसके अलावा कई युवा भी गांव-गांव में युवा टीमें बनाकर बीमार गायों को दवा और स्प्रे आदि का कार्य कर रहे हैं। युवा सोशल मीडिया के जरिए पैसा इकठ्ठा करके गायों का इलाज करवा रहे हैं। जिसमें शिक्षाविद श्याम टाक, प्रधानाचार्य किशन टाक, गोविंद गहलोत, ताराचंद, रामदयाल टाक, श्याम गहलोत, एडवोकेट प्रदीप टाक, मुकेश, साउंड और इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन के सुनील सांखला, गोरधन राम, समाजसेवी आदि युवा जुटे है वहीं दूसरी ओर शहर और ग्रामीण इलाकों में जनप्रतिनिधि भी इस महामारी में गोवंश को बचाने के लिए आगे आ रहे हैं।

ANCHOR | छात्रसंघ चुनाव का बजा बिगुल

# प्रत्याशियों ने भरे नामांकन, रैली निकाल किया शक्ति प्रदर्शन

### 1069 छात्राएं करेगी अपने मताधिकार का प्रयोग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** 26 अगस्त को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नामांकन भरे गए. इसके चलते कॉलेज में चुनावी सरगर्मी तेज होने लगी है। कोरोनाकाल के बाद पहली बार हो रहे चुनाव को लेकर इस बार विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। नामांकन के पहले प्रत्याशी रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन के लिए पहुंचे.

जहां अध्यक्ष उपाध्यक्ष, महासचिव संयुक्त सचिव के लिए नामांकन दाखिल किये, दावेदार अपने साथ बड़ी संख्या में समर्थक लेकर आए, लेकिन पुलिस ने उन्हें कॉलेज में नहीं जाने दिया। बाहर से ही खदेड़ दिया गया। कॉलेज के अंदर सिर्फ प्रत्याशी के साथ दो जनों को ही जाने दिया गया।छात्र संघठन किसान छात्र संगठन, एनएसयूआई व एबीवीपी के बीच टक्कर है। एबीवीपी व एनएसयूआई ने जातीय समीकरण देखते हुए माली छात्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है. नामांकन भरने के लिए आज सबसे पहले अध्यक्ष पद के लिए किसान छात्र संगठन से रेखा चौधरी, एनएसयूआई से अंजली टाक एबीवीपी से विमला चौहान नेअपने सहयोगी प्रत्याशियों के साथ नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशियों के समर्थकों ने जोरदार रैलियां निकाल अपना दमखम दिखाया हर जगह छात्रों की भीड़ नजर आ रही थी. उत्साह से लबरेज छात्राए अपने प्रत्याशी के समर्थन में जमकर नारेबाजी कर रहे थे। नाम वापसी के बाद अब अंतिम सूची में अध्यक्ष पद पर ए.बी.वी.पी संगठन से विमला चौहान, उपाध्यक्ष पद पर सुमन मेघवाल, महासचिव पद पर रक्षा राजपुरोहित, सचिव पद पर रश्मि सेन मैदान में है वही एनएसयूआई से अध्यक्ष पद पर अंजलि टाक, उपाध्यक्ष पद पर शीला मेघवाल, महासचिव पद पर निकिता गहलोत, सचिव पद पर सोनिया कुमावत मैदान में है। किसान छात्र संगठन से रेखा चौधरी, उपाध्यक्ष पर ममता मेघवाल, महासचिव पद पर संजु मेघवाल, सचिव पद पर निर्मला विश्नोई मैदान में है वही एबीवीपी से बी.एस.सी द्वितीय वर्ष की छात्रा सिमरन कक्षा प्रतिनिधि पर निर्विरोध निर्वाचित हुई है।

कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव 2022 के नोडल अधिकारी कमल जीत कौर मेहता ने बताया कि दोपहर 3 से 5 बजे तक नामांकन पत्रों पर आपत्ति एवं नामांकन की जांच की गई। मंगलवार सुबह 10 बजे वैध पाए गए नामांकनों की सूची जारी हुई और नाम वापसी के बाद अंतिम सूची कैंपस में चस्पा की गई। त्रिकोणीय मुकाबला होने के बावजूद इस बार एबीवीपी और एनएसयूआई के पैनल के बीच घमासान नजर आ रहा है. महाविद्यालय में 1069 मतदाता 26 अगस्त को मतदान करेंगे.

### अच्छी शिक्षा बेहतर कैंपस

**हमारा** पैनल विजय होने पर हम महाविद्यालय में नियमित कालांश लगायेंगे, वही रिक्त पड़े प्राचार्य पदो पर नियुक्ति करवाएंगे और वर्तमान पीजी में ज्योग्राफी, हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र विषयो को लागू करवाना, एस एफ एस (सैल्फ फाइनेंस विषय) को नियमित करायेंगे जिसमें वर्तमान पर छात्रा से दो हजार रुपए शुल्क वसूला जा रहा है। पुस्तकालय में अधिक से अधिक जरूरत मंद छात्राओ को किताबे उपलब्ध करवाना। यहां लाइब्रेरी कल्चर की तरह रेगुलर स्टूडेंट्स के लिए स्टडी रूम डवलप कराना, एनसीसी विंग चालू करवाना, कॉलेज से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले, लेकिन खेल सुविधाओं के नाम पर बास्केटबॉल, वॉलीबॉल ग्राउंड खराब हो चुके हैं। खेल सुविधाओं के साथ अच्छी शिक्षा बेहतर कैंपस इसी कथन पर खरा उतरेगें।

**विमला चौहान,** अध्यक्ष पद प्रत्याशी एबीवीपी

**कॉलेज** में पढ़ने वाली सभी गर्ल्स की एडमिशन व एग्जाम फीस फ्री करने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात करूंगी। जिस तरह 12वीं क्लास तक बालिका शिक्षा फ्री है उसी तरह बहनों के लिए कॉलेज शिक्षा भी फ्री होनी चाहिए। स्वच्छ वातावरण और साफ पानी की व्यवस्था और छात्राओं संबंधित अनियमितताओं को भी दूर करना मकसद है।

**- अंजलि टाक,** अध्यक्ष पद प्रत्याशी, एनएसयूआई

सोनिया गांधी से मिले अशोक गहलोत

# अध्यक्ष पद पर मेरा नाम चला दिया, मुझसे तो कोई चर्चा ही नहीं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली में आज सोनिया गांधी से मुलाकात की है। गुजरात दौरे पर जाने से पहले गहलोत ने सोनिया गांधी से संगठन चुनावों और गुजरात विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा की है। गहलोत ने राजस्थान को लेकर भी फीडबैक दिया है। गहलोत सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद गुजरात दौरे पर गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नाम चलने के सवाल पर सीएम अशोक गहलोत ने सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा- मेरा नाम तो चला? दिया है, लंबे अरसे से मैं सुन रहा हूं। मुझसे कोई चर्चा कर नहीं रहा है। मेरा नाम मीडिया वाले चला रहे हैं कि आप अध्यक्ष बन रहे हैं, अध्यक्ष बनेंगे। नाम कई हैं देश के अंदर, संगठन में कई कार्यकर्ता हैं और एक से बढ़कर एक हैं। जब मौका आएगा तो सब मिलकर अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। अभी देश के जो हालात हैं, उसमें तमाम लोग मिलकर एक राय होकर ही अध्यक्ष का चुनाव करेंगे तो बेहतर होगा। गहलोत इससे पहले अध्यक्ष बनने से साफ इनकार कर चुके हैं।

### राहुल अध्यक्ष बनेंगे तभी कांग्रेस नए सिरे से उभरेगी

गहलोत ने कहा- हम बार बार कह रहे हैं कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद पर आएंगे तभी कांग्रेस नए सिरे से उभरकर आएंगे। राहुल गांधी नहीं आएंगे तो लोग निराश हो जाएंगे और घर बैठ जाएंगे। सबकी यह भावना है कि राहुल गांधी पार्टी का नेतृत्व करें। हमारा उन पर दबव रहेगा कि वे अध्यक्ष बनें, यह प्रयास रहेगा। अभी तो हमें उनकी भारत जोड़ो यात्रा को भी सफल बनाना है।गहलोत ने कई बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम की पैरवी कर चुके हैं। गहलोत के अलावा कई और नेता भी राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू है और अगले महीने राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फैसला होने की संभावना है।

### गुजरात में जीत का दावा

गहलोत ने गुजरात को लेकर बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा- गुजरात चुनाव को लेकर हम सब लोग गंभीर हैं, वहां पर हमारा फोकस है। वहां बीजेपी 27 साल से राज कर रही है। गुजरात मॉडल केवल धोखा था। प्रधानमंत्री बनने के लिए मोदी ने गुजरात मॉडल की मार्केटिंग की। अब आप देख रहे हैं छह महीने पहले गुजरात में बीजेपी को मुख्यमंत्री से लेकर पूरा मंत्रिमंडल तक बदलना पड़ा। ऐसा पहली बार हुआ है। उन्हें यह इसलिए करना पड़ा क्योंकि पहले जो लोग थे उन्होंने गुजरात को बर्बाद कर दिया। जनता में वहां बीजेपी के प्रति बहुत गुस्सा है और इस बार वहां हम अच्छी टक्कर देंगे।

छात्रसंघ चुनाव का पहला नतीजा

# महारानी की शहनाज निर्विरोध जीती

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



शहनाज बानो

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के संघटक कॉलेज महारानी, महाराजा और कॉमर्स कॉलेज में नामांकन वापसी के बाद छात्रसंघ चुनाव की तस्वीर साफ हो गई। वहीं सबसे पहले नतीजों का रुझान भी महारानी कॉलेज से ही मिला है। यहां संयुक्त सचिव पद पर केवल एक ही नाम आने से शहनाज बानो को निर्विरोध जीता हुआ माना जा रहा है। हालांकि इसकी अधिकारिक घोषणा 27 अगस्त को बाकी नतीजों के साथ ही होगी। अध्यक्ष पद की लड़ाई के लिए महारानी कॉलेज में 5, महाराजा में 4 और कॉमर्स कॉलेज में 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष, महासचिव व संयुक्त सचिव पद के दावेदारों की भी लंबी लिस्ट फाइनल हो गई है। अब प्रत्याशियों के पास चुनाव प्रचार के लिए महज दो दिन का समय ही बचा है। अपना नाम फाइनल होते ही प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गई हैं। आइए आपको बताते हैं तीनों प्रमुख कॉलेज में कौन-कौन किस पद पर चुनाव लड़ रहा है।





जागरूक जनता @ अर्चना मीणा अपने परिजनों के साथ महारानी कॉलेज के गेट पर, बाएं ऊपर मानसी वर्मा और बाएं नीचे सानिया सैनी।

### महारानी कॉलेज में 5 के बीच मुकाबला

महारानी विश्विद्यालय में छात्रसंग चुनाव में लड़ रहे प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट आ गई है। जिसमे से अध्यक्ष पद के लिए 5 प्रत्याशियों ने नामांक भरा, उपाध्यक्ष व महासचिव के लिए 2 ने और संयुक्त सचिव के लिए 1 ने नामांकन भरा है।

### अध्यक्ष पद के लिए

सोनू धाकड़, अन्नु कुमारी, अर्चना मीना, मानसी वर्मा, सानिया सैनी

**उपाध्यक्ष :** 1. कपिशा 2. खुशनुमा
**महासचिव :** 1. आलिमा अली 2. ज्योति राठौड़
**संयुक्त सचिव :** 1. शहनाज बानो

### महाराजा कॉलेज में 4 के बीच मुकाबला

राजस्थान यूनिवर्सिटी से संबंद्ध महाराजा कॉलेज में भी अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं महासचिव के लिए दो, उपाध्यक्ष के लिए दो, संयुक्त सचिव के लिए दो चेहरे मैदान में हैं।

### अध्यक्ष पद के उम्मीदवार

पंकज शर्मा, संदीप गुर्जर, तंवरपाल सिंह, विक्रम समोता

### उपाध्यक्ष पद के लिए

गोविंद, ऋषिराज सिंह शेखावत

### महासचिव के लिए

हर्षित जोशी, सार्थक

### संयुक्त सचिव

अंकुश चतुर्वेदी, अतुल शर्मा

### कॉमर्स कॉलेज में 6 अध्यक्ष पद की दौड़ में

राजस्थान कॉमर्स कॉलेज में 6 स्टूडेंट्स ने अध्यक्ष पद के लिए, वही उपाध्यक्ष पद के लिए चार महासचिव के लिए तीन और संयुक्त सचिव के लिए 2 स्टूडेंट्स का नॉमिनेशन स्क्रूटनी के बाद फाइनल कर दिया गयया। दोपहर 2 बजे तक संयुक्त सचिव प्रत्याशी तनिष्क पारीक ने अपना नॉमिनेशन वापस लिया।

### कॉमर्स कॉलेज में अध्यक्ष पद प्रत्याशी

आशीष शर्मा, अभय सिंह तोमर, आदित्य शर्मा, रितिक चौधरी, सुमित कुमार झांगिनिया, सुरेंद्र चौधरी

### उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी

आशीष महावर, पंकज कुमार, विजय कुमार मीणा, मोहित कुमार जागरावल, महासचिव पद के लिए प्रत्याशी, अवनीश कुमार मीणा, पुनीत कुमार शर्मा, विशेष चंदोलिया
**संयुक्त सचिव पद :** प्रकाश यादव, विजय शर्मा।

# 7 विधायक, 1 पूर्व विधायक को मिली राजनीतिक नियुक्ति

पायलट गुट के गजराज खटाणा लेबर एडवाइजरी कमेटी अध्यक्ष बने

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में राजनीतिक नियुक्तियों का दौर फिर से शुरू हो गया है। गहलोत सरकार ने तीसरे दौर की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें अकादमी, बोर्ड, आयोग, कमेटी में राजनीतिक नियुक्तियां की हैं। सीएम गहलोत के निर्देश पर राजस्थान की 8 अकादमियों में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां की गई हैं। इसके अलावा 7 विधायकों और 1 पूर्व विधायक को भी नियुक्ति दी गई है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट खेमे के विधायक गजराज खटाणा को स्टेट बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन लेबर एडवाइजरी कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसमें विधायक हीराराम मेघवाल और जगदीश चन्द्र को सदस्य बनाया गया है।

### 8 अकादमियों में की गई नियुक्तियां

राजस्थान साहित्य अकादमी, पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी, राजस्थानी भाषा, साहित्य व संस्कृति अकादमी, राजस्थान संस्कृत अकादमी, राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, राजस्थान ऊर्दू अकादमी, राजस्थान ललित कला अकादमी में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां कर दी हैं। राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में विधायक अमित चाचण और मंजू मेघवाल सदस्य नियुक्त किया गया है। समान पारिश्रमिक एक्ट के तहत राज्य स्तरीय सलाहकार समिति में विधायक मनीषा पंवार और पदमाराम मेघवाल को सदस्य नियुक्त किया गया है। राजस्थान किसान आयोग में पूर्व विधायक नारायण बेड़ा को प्रगतिशील किसान के तौर पर सदस्य नियुक्त किया गया है। श्रम सलाहकार मंडल में राजस्थान श्रम कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन, राजस्थान इंटक प्रदेशाध्यक्ष और पीसीसी के पूर्व महासचिव जगदीशराज श्रीमाली को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पहले राजनीतिक नियुक्तियों 132 नेताओं को नियुक्तियां दी गई थी। पहली सूची में 58 और दूसरी सूची में 74 नेताओं को राजनीतिक नियुक्ति का तोहफा दिया गया था।

### राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल में विधायक अमित चाचण और मंजू मेघवाल सदस्य

असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम के तहत राजस्थान राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में श्रम राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विधायक अमित चाचण और मंजू मेघवाल को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### समान पारिश्रमिक एक्ट की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति विधायक मनीषा पंवार और पदमाराम मेघवाल सदस्य

राज्य सरकार समान पारिश्रमिक एक्ट के तहत राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की रिस्ट्रक्चरिंग की गई है। जिसमें श्रम राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विधायक मनीषा पंवार और पदमाराम मेघवाल को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### श्रम सलाहकार मंडल में इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली उपाध्यक्ष

राज्य सरकार श्रम सलाहकार मंडल की रिस्ट्रक्चरिंग कर श्रम राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई को अध्यक्ष नियुक्त किया है। राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जगदीशराज श्रीमाली राजस्थान श्रम कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन भी हैं। साथ ही पीसीसी के पूर्व महासचिव रहे हैं।

### 8 अकादमियों में नियुक्तियां-राजस्थान साहित्य अकादमी अध्यक्ष बने चूरू के दुलाराम सहारण

कला,संस्कृति विभाग से जारी आदेश में राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर में चूरू के सरदारशहर के दुलाराम सहारण को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही जोधपुर के मीठानाथ मीठेश निर्मोही और उदयपुर के किशन दाधीच को सदस्य नियुक्त किया है।

### पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी में जयपुर के इकराम राजस्थानी अध्यक्ष

पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी,जयपुर में इकराम राजस्थानी को अध्यक्ष बनाया गया है। गैर सरकारी सदस्य के तौर पर बीकानेर से बुलाकी शर्मा, जोधपुर से सत्यदेव सवितेंद्र, हनुमानगढ़-संगरिया से गोविंद शर्मा, पाली-सोजत से अब्दुल समद, उदयपुर से अंजीन अंजुम, जैसलमेर से डॉ ओमप्रकाश भाटिया, कोटा से भगवती प्रसाद गौतम, उदयपुर से निर्मला भंडारी को नियुक्त किया गया है।

### राजस्थानी भाषा, साहित्य, संस्कृति अकादमी में बीकानेर के शिवराज छंगाणी अध्यक्ष

राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति अकादमी,बीकानेर में शिवराज छंगाणी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साधारण सभा सदस्य के तौर पर बीकानेर के ही राजेन्द्र जोशी साहित्यकार, हनुमानगढ़ के डॉ भरत ओला, चूरू के घनश्याम नाथ कच्छावा, जोधपुर की डॉ मीनाक्षी बोराणा, नागौर के सुखदेव राव, जोधपुर के आईदान सिंह भाटी, बांसवाड़ा के दिनेश पांचाल, कोटा के अम्बिका दत्त, जयपुर से राष्ट्रपति अवॉर्डी शिक्षक वीना जोशी, जयपुर से डॉ शारदा कृष्ण को नियुक्ति दी गई है।

### राजस्थान संस्कृत अकादमी में जयपुर की डॉ सरोज कोचर अध्यक्ष

राजस्थान संस्कृत अकादमी,जयपुर में जयपुर की डॉ सरोज कोचर अध्यक्ष नियुक्त की गई है। महासमिति सदस्य के तौर पर जोधपुर से रामप्रसाद जी महाराज, भरतपुर से डॉ सीएम कोली, जयपुर से राजेश्वरी भट्ट और राजकुमार, अवधेश कुमार शर्मा, जोधपुर से प्रोफेसर गणेशीलाल सुधार, प्रोफेसर मंगलाराम विश्नोई को नियुक्त किया गया है।

### राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी में भरतपुर के डॉ रामकृष्णा शर्मा अध्यक्ष

राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी,जयपुर में भरतपुर के डॉ रामकृष्ण शर्मा अध्यक्ष बनाए गए हैं। सदस्य के तौर पर भरतपुर के बयाना से गोपाल लाल गुप्ता, नगर से ब्रह्मानंद दाढ़ीवाला, आरडी शर्मा, सवाईमाधोपुर से डॉ रमेश वर्मा, बीकानेर से बृजभूषण गोस्वामी, भरतपुर से डॉ सीताराम लहरी, साहित्य मंडल, श्री सत्येश पुस्तक भण्डार,श्रीनाथद्वारा से श्याम प्रकाश देवपुरा, कामकाजी महिला आवास राजस्थान यूनिवर्सिटी से डॉ सीता शर्मा, भरतपुर से रामबाबू शर्मा विद्रोही, एमएसजे कॉलेज भरतपुर से डॉ अशोक गुप्ता को नियुक्त किया गया है।

### राजस्थान संगीत नाटक अकादमी में जोधपुर की फिल्म डायरेक्टर बिनाका मालू अध्यक्ष

राजस्थान संगीत नाटक अकादमी,जयपुर में जोधपुर की फिल्म डायरेक्टर और एंकर बिनाका मालू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साधारण परिषद सदस्य के तौर पर भरतपुर की अनिता ओरड़िया, जयपुर के बाल नाट्स विशेषज्ञ गगन मिश्रा, जोधपुर के नाट्स अभिनेता निर्देशक रमेश भाटी, अलवर के सांस्कृतिक कर्मी कांति भाई, बीकानेर के अभिषेक ढेनवाल, अजमेर के नाट्यकर्मी योबी जॉर्ज, बाड़मेर के अनवार खां मांगणियार, उदयपुर के प्रेम भण्डारी, जोधपुर के नाट्य अभिनेता शब्बीर हुसैन, बीकानेर के नाट्य अभिनेता विपिन पुरोहित को नियुक्तियां दी गई हैं।

### राजस्थान ऊर्दू अकादमी में जयपुर के डॉ हुसैन रजा खान अध्यक्ष

राजस्थान ऊर्दू अकादमी, जयपुर में डॉ हुसैन रजा खान अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। साधारण परिषद सदस्यों में जयपुर के हबीब कैफी, इरशाद अजीज,मुफ्ती खालिद अयूब मिस्बाही,शाहिस्ता महजबी,डॉ जाहिदा शबनम, करौली से डॉ पुरूषोत्तम यकीन शायर, बीकानेर से इरशाद अजीज शायर, कोटा से डॉ हुस्न आरा, फतेहपुर-शेखावाटी सीकर से गुलाम जीलाना नज्मी, जोधपुर से डॉ निसार राही, बृजेश अम्बर, बीकानेर से असद अली असद, उदयपुर से शाहीद अजीज, लोकेश कुमार सिंह, उदयपुर से डॉ सर्वतुन्निसा खान, करौली के नादौती से रजिया बानो को नियुक्ति दी गई है।

### राजस्थान ललित कला अकादमी में जयपुर के लक्ष्मण व्यास अध्यक्ष

राजस्थान ललित कला अकादमी,जयपुर में जयपुर के लक्ष्मण व्यास को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आम सभा के सदस्यों के तौर पर कोटा से मदन मीणा, उदयपुर से शाहीद परवेज, वनस्थली निवाई से मनोज टेलर, जोधपुर के रातानाड़ा से मूलाराम गहलोत, जयपुर से अजय सक्सेना और वित्त समिति सदस्य जयपुर के चन्द्रशेखर सैन को बनाया गया है।

### किसान आयोग में सदस्यों की नियुक्तियां

राजस्थान किसान आयोग में सदस्यों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। पूर्व विधायक नारायण राम बेड़ा को प्रगतिशील किसान और सीकर के पलसाना के अखेपुरा की सोहनी चौधरी को प्रगतिशील महिला किसान के तौर पर सदस्य नियुक्त किया गया है।

### राज्य ठेका श्रम सलाहकार मंडल में श्रम राज्य मंत्री अध्यक्ष

राजस्थान राज्य ठेका श्रम सलाहकार मंडल में श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजस्थान स्टेनलेस स्टील के अध्यक्ष विष्णु मित्तल, बगरू इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के राजकुमार अग्रवाल, ठेका श्रमिकों के प्रतिनिधि पिण्डवाड़ा के चिन्दन सिंह देवड़ा, राजगंजमण्डी के कुम्भकोट के राजेन्द्र सिसोसिया, मकराना के शफी मोहम्मद को सदस्य नियुक्त किया गया है।

एबीवीपी की सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी, फंदा लगाने की कोशिश

# 2 नामांकन खारिज, चुनाव अधिकारी को मारने दौड़े




**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में नामांकन वापसी के दिन जबरदस्त हंगामा हो गया। स्क्रूटनी कमेटी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के महासचिव और उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के नामांकन खारिज कर दिए। इस बात से भड़के उम्मीदवार ने फांसी लगाने की कोशिश की, वहीं एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दी है। मुख्य चुनाव अधिकारी के कक्ष के बाहर जमा हुए कार्यकर्ताओं ने इस बीच एबीवीपी के पट्टे से ही फांसी तक लगाने की कोशिश की। हालांकि वहां मौजूद भारी पुलिस बल ने छात्रों के हाथ रोक दिए। इससे पहले दोपहर 12 बजे के करीब ABVP के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा मुख्य चुनाव अधिकारी को मारने तक के लिए दौड़ पड़े, लेकिन पुलिस ने मीणा को पहले ही रोक लिया। वहीं, मौके पर मौजूद पुलिस ने भीड़ को आगे नहीं बढ़ने दिया। उधर स्टूडेंट की भीड़ को देखते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी ने अपने दफ्तर को अंदर से बंद कर लिया और किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी। मुख्य चुनाव अधिकारी (राजस्थान यूनिवर्सिटी) हर्ष द्विवेदी के अनुसार महासचिव के एबीवीपी उम्मीदवार अरविंद झा ने कोर्ट के नियमों के विपरीत नामांकन दाखिल किया था, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए साक्षी ने गलत दस्तावेज पेश किए थे। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों का नामांकन खारिज हो गया है। इसे लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ता डीएसडब्सलयूऑफिस में हंगामा कर रहे हैं। DSW ऑफिस ने महासचिव पद पर रोहिताश मीणा निर्दलीय के नामांकन को भी खारिज किया है। हालांकि, रोहिताश मीणा ने पहले एनएसयूआई की विचारधारा से ही फॉर्म भरा था, लेकिन जो सूची एनएसयूआई ने जारी कि उसमें संजय चौधरी को महासचिव पद पर उम्मीदवार घोषित किया गया।

### दो प्रत्याशियों के समर्थक भिड़े

यूनिवर्सिटी में निहारिका मीणा के समर्थक नरेश मीणा प्रताप भानू मीणा से भिड़ गए। इस दौरान नरेश ने भानू का कॉलर पकड़ लिया। नरेश मीणा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर लगाए गंभीर आरोप। कहा अशोक गहलोत नहीं चाहते मुरारी लाल मीणा की बेटी निहारिका जीते चुनाव लेकिन वह अपनी गलतफहमी मिटा दें।

### ये रहा घटनाक्रम

- » एबीवीपी के दो प्रत्याशियों का नामांकन खारिज हो गया। इनमें महासचिव के लिए अरविंद झा और उपाध्यक्ष के लिए साक्षी का नाम है।
- » राजस्थान कॉलेज से उपाध्यक्ष पद पर दिनेश चौधरी और संयुक्त सचिव पर विष्णु मीना ने नामांकन वापिस ले लिया।
- » कॉमर्स कॉलेज से संयुक्त सचिव प्रत्याशी तनिष्क पारीक ने अपना नॉमिनेशन वापस लिया।

## आईओटी आधारित स्मार्ट वाटर सप्लाई मॉनिटरिंग में राजस्थान को अवार्ड

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उपभोक्ताओं को सही मात्रा में एवं तय गुणवत्ता मानकों के साथ पेयजल आपूर्ति की मॉनिटरिंग के लिए आईओटी आधारित स्मार्ट वाटर सप्लाई मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए राजस्थान को पुरस्कृत किया जाएगा। जलदाय मंत्री महेश शम्रा एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डा सुबोध अग्रवाल नई दिल्ली में 25 अगस्त को आयोजित होने वाले डिजिटेक कॉन्क्लेव-2022 में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

मेयर के खिलाफ एक्शन की तैयारी

# न्यायिक जांच की कॉपी सुप्रीम कोर्ट में लगाने के लिए AAG को भेजी, कोर्ट में पेश करने की तैयारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर में 3 पार्षदों को पद से बर्खास्त करने के बाद अब मेयर सौम्या गुर्जर पर भी सरकार जल्द एक्शन लेना चाहती है। इसके लिए सरकार ने न्यायिक जांच की रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में पेश करने के लिए भिजवा दी है। ये रिपोर्ट अतिरिक्त महाधिवक्ता के पास भिजवाई है और संभावना है कि 2 से 3 दिन के अंदर इसे कोर्ट में पेश कर दिया जाएगा। इसके लिए कोर्ट से विशेष अनुमति लेने की तैयारी की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक सौम्या गुर्जर के मामले में सुप्रीम कोर्ट में जो मामला लम्बित है उस पर सुनवाई 26 अक्टूबर को प्रस्तावित है। सरकार का विचार है कि इस तारीख से पहले ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायिक रिपोर्ट पेश करके कोर्ट से निर्देश मिल जाए, ताकि आगे की कार्यवाही कर सके। आपको बता दें कि 1 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद जो स्टे ऑर्डर जारी किए थे, उसमें राज्य सरकार अथवा पक्षकार को न्यायिक जांच की रिपोर्ट पेश करने के बाद ही आगे की कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

### 40 पेज से ज्यादा की न्यायिक जांच की रिपोर्ट

सूत्रों के मुताबिक एक साल तक चली न्यायिक जांच की रिपोर्ट 40 पेज से ज्यादा की है। इस रिपोर्ट में मेयर और तीनों पार्षदों को दोषी माना है। इस न्यायिक जांच से पहले जो डिप्टी डायरेक्टर लेवल पर इन चारों जनप्रतिनिधियों की जांच हुई थी, उसमें भी इन्हें दोषी माना था।

### पद से बर्खास्त किया तो 6 साल तक नहीं लड़ पाएगी चुनाव

मेयर सौम्या गुर्जर को सरकार बर्खास्त करने की तैयारी में है। 3 पार्षदों की तरह अगर सौम्या गुर्जर भी पद से बर्खास्त होती है, तो उनकी जगह मेयर और पार्षद सीट पर चुनाव करवाए जाएंगे। वहीं दूसरी तरफ सौम्या अगले 6 साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाएगी। आपको बता दें कि 22 अगस्त को ही सरकार ने पारस जैन, अजय सिंह और शंकर शर्मा को पार्षद के पद से बर्खास्त किया था।

## डा अरविंदर सिंह का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में शुमार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अधिक डिग्री एवं डिप्लोमा प्राप्त करने पर राजस्थान में उदयपुर के अर्थ ग्रुप के डा अरविंदर सिंह का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में शामिल किया गया हैं। डा सिंह ने बताया कि वह पहले ऐसे पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल डॉक्टर है, जिन्हे मेडिकल साइंस के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में भी महारत हासिल है, जिनमें मैनेजमेंट, क़ानून, विशेषज्ञ, कोस्मेटोलॉजी, कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजी, डिजिटल मार्केटिंग आदि शामिल हैं और उनके पास कुल 123 डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट हैं, जिसमें 77 ऐकडेमिक एवं 46 नॉन-एकेडेमिक प्रमुख है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अधिक डिग्री एवं डिप्लोमा प्राप्त करने पर उनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में शुमार किया गया हैं। डा सिंह ने वर्ष 2009 में आईआईएम टॉप करने वाले भारत के प्रथम डॉक्टर होने का गौरव प्राप्त किया था।

# घर के बाहर से फॉर्च्यूनर कार चोरी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** जोधपुर निवासी संजय शर्मा ने बताया मेरी फॉर्च्यूनर टोयोटा कार घर के आगे से चोरी हो गई है। कार नंबर आरजे 19 यू वी 7275 रंग सफेद है । व चोरी होने का स्थान केवी नंबर 01 रोड पी पी चौधरी के मकान के सामने मेन रोड एयरपोर्ट जोधपुर है। कार चोरी हुई उस जगह गाड़ी के शीशे टूटे हुए मिले। वह नवेरा टोल पर फास्टट्रैक का मैसेज आया हुआ है जिसका समय 4:8 a.m. है। शर्मा की ओर से एक लिखित रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




# जयपुर की 60% आबादी जिन नियमित स्कीम में बसी, उनमें 5 साल बाद हो सकेंगे सड़क, नाली, बिजली जैसे विकास कार्य

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिछले 5 साल से विकास कार्यो का इंतजार कर रही जयपुर की नियमित हो चुकी कॉलोनीज और सोसायटीज के लिए अच्छी खबर है। आधे से ज्यादा शहर जिन सोसायटी स्कीम पर बसा हुआ है, उनका 15-20 साल से नियमन हो चुका है, लेकिन उनमें अब तक विकास कार्य रोके हुए थे। वजह-विकास कार्य की स्पष्ट नीति नहीं बनी थी।साल 2017 के बाद यूडीएच के आदेशों की उलझन के बाद से तो यहां सड़कें, नाली, बिजली, पानी, गार्डन, सीवरेज आदि का कोई काम नहीं हुआ था। यही हाल निजी विकासकर्ताओं की अप्रूव्ड स्कीम में है। अब 7 जुलाई 2022 को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में बनाई गई एक हायर लेवल कमेटी ने इन कॉलोनियों में विकास कार्य को मंजूरी दिलाने की सिफारिश की है।

एक आईएएस (सचिव जेडीए) की अध्यक्षता में 3 डायरेक्टर (फाइनेंस, इंजीनियरिंग, टाउन प्लानिंग) व जॉइंट रजिस्ट्रार कॉपरेटिव की इस कमेटी ने रिपोर्ट 18 अगस्त को जेडीसी को भेजी थी। यह 22 अगस्त को सरकार को सौंप दी गई है। इसमें सिफारिश की गई है कि ज्यादातर आबादी इन्हीं स्कीम में रहती है और इनका नियमन किया जा चुका है तो मई 2017 से पूर्व की अनुमोदित योजनाओं में पहले की तरह विकास कार्य कराए जाने चाहिए।



फाईल